# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023


## पल-पल की हर खबर
## सबसे पहले, सबसे सटीक

**www.haribhoomi.com**

### आज से
# नए अवतार में..

**यहाँ आप पाएंगे सब कुछ नया,**
**निष्पक्ष, निर्भीक और सिर्फ सच**

**बस एक क्लिक पर**

**हरिभूमि**

समाचार ही नहीं, विचार भी

Copyright @ 2023-24 Hariboomi Ltd., All Rights Reserved

brandvision @ MAHESHWARI



# हरियाणा का बधावा लोकनृत्य रहा प्रथम और हिमाचल के पहाड़ी नाटी लोकनृत्य को द्वितीय स्थान

## राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव 2023 का गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में संगीतकार उमेश तरकसवार के निर्देशन में प्रदेश के शासकीय स्कूलों के 80 विद्यार्थियों ने वैश्विक वृंदगान की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी एवं आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने सहभागी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के समापन पश्चात विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने एक दूसरे को नम आंखों से विदा किया, जिसमें इस तीन दिवसीय महोत्सव में विद्यार्थियों के मध्य उत्पन्न एवं स्थापित मैत्री भाव की झलक दिखी।



### सभी राज्यों से आए प्रतिभागी विद्यार्थी और शिक्षक बधाई के पात्र

मुख्य अतिथि डॉ. कपिल तिवारी ने कहा कि विभिन्न राज्यों की अलग भाषा, वेशभूषा और रहन सहन के अलग होने के बाद भी हमारी सांस्कृतिक विरासत एक है। समृद्ध शिक्षा, कला, भाषा और संस्कृति के समावेश के बिना अधूरी है। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में राष्ट्रीय बालरंग को रंगकर इंद्रधनुषीय छटा बिखेरने के लिए सभी राज्यों से आए प्रतिभागी विद्यार्थी और शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

### बिहार के सामा चकवा को मिला तृतीय पुरस्कार

राष्ट्रीय बालरंग 2023 कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित 22 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूली विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। राष्ट्रीय बालरंग 2023 में राज्यों के पारंपरिक लोकनृत्य में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी स्कूली विद्यार्थियों द्वारा दी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए हरियाणा के बधावा लोकनृत्य को प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, हिमाचल के पहाड़ी नाटी लोकनृत्य को द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपए, बिहार के सामा चकवा को तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपए सहित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए। इसके साथ फूड जोन, लघु भारत प्रदर्शनी, सहोदय ग्रुप, क्रिएटिव क्राफ्ट प्रदर्शनी व अन्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

---

### आरएनटीयू: साहित्य, कला, संस्कृति के महोत्सव विश्वरंग 2023 का हुआ शुभारंभ

# विश्वरंग वैचारिक व हिंदी के पक्ष में एक आंदोलन, यह भाषाओं की गहराई में उतरकर बड़ा डोमेन बन गया: चौबे

*रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय का आयोजन विश्वरंग 2023*
*जानकी बैंड द्वारा टैगोर के गीतों की सुमधुर प्रस्तुति*
*तृप्ति नागर व साथियों ने मालवी लोक संगीत की बिखेरी छटा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



साहित्य, कला और संस्कृति के सबसे बड़े महोत्सव टैगोर अंतराष्ट्रीय साहित्य कला महोत्सव 'विश्वरंग' का आगाज गुरुवार को रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर में बड़ी धूमधाम से विश्व यात्रा के साथ हुआ। इस आयोजन में देश–विदेश के सैकड़ों रचनाकारों, कलाकारों, साहित्यकारों, भाषाविदों द्वारा शिरकत की जा रही है।

यह विश्वरंग महोत्सव का पांचवा संस्करण है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मॉरिशस से पधारीं विश्व हिंदी सचिवालय की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी उपस्थित रहीं। उन्होंने महोत्सव का शुभारंभ किया। टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे, सह निदेशक लीलाधर मंडलोई, वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष मुकेश वर्मा, विश्वरंग की सह निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

### सरोद वादन में एकला चलो रे... से मोहा मन

कार्यक्रम की शुरुआत आमिर खान द्वारा सरोद वादन से की गई। इसमें उनके साथ संगत में पखावज पर हृदेश चोपड़ा रहे। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने टैगोर के प्रसिद्ध गीत एकला चलो रे... से शुरुआत की। इसके बाद आकाश जूरे श्यूनी न्यू... को पेश किया। अपनी अंतिम प्रस्तुति में आर नेरे बेला... से सभी का मन मोहा।

#### शहनाई पर गूंजे राग श्याम कल्याण

शहनाई वादन की प्रस्तुति मीर घराना कन्नोज के हाजी मोहम्मद याकूब अली खान द्वारा दी गई। उन्होंने चार सुमधुर रागों की प्रस्तुति दी। इसमें पहली प्रस्तुति राग श्याम कल्याण की रही।





### संतोष चौबे को पं. तिलक राज शर्मा स्मृति शिखर सम्मान

इस मौके पर न्यूयॉर्क की संस्था के इंद्रजीत शर्मा द्वारा संतोष चौबे को पं. तिलक राज शर्मा स्मृति शिखर सम्मान प्रदान किया गया। उद्घाटन समारोह का संचालन टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र के निदेशक विनय उपाध्याय ने किया।

### साहित्य जीवित दिखता है

मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी रामधारी ने कहा कि विश्वरंग के आयोजन में हिंदी को खिलखिलाते देखा जा सकता है और साहित्य जीवित दिखता है, कलाएं प्रफुल्लित नजर आती हैं। ऐसा आयोजन आज की महती आवश्यकता है।

### बोलियों की भूमिका का एक अहम पहलू है

विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे ने कहा कि विश्वरंग वैचारिक व हिंदी के पक्ष में एक आंदोलन बन गया है। इसके तहत हिंदी और भारतीय भाषाओं में गहराई में उतरकर कार्य कर रहा है, जिसके चलते यह बड़ा डोमेन बन गया है। हमारा मानना है हिंदी को अन्य भाषा के खिलाफत में नहीं देखना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक भाषा का अपना एक सम्मान और गरिमा है। इसमें बोलियों की भूमिका का एक अहम पहलू है।



#### भगोरिया नृत्य और मालवी लोक संगीत ने बिखेरे लोक कलाओं के रंग

अजय सिसोदिया एवं समूह ने भील अदिवासियों के प्रमुख नृत्य भगोरिया की प्रस्तुति से लोक कलाओं के रंग बिखेरे। इसमें तीर कमान के संग युवाओं ढोल मांदल की थाप पर नृत्य पेश किया गया। वहीं, तृप्ति नागर एवं समूह द्वारा मालवी लोक संगीत की प्रस्तुति दी गई।

### जानकी बैंड में टैगोर की रचनाओं की प्रस्तुति

जबलपुर के जानकी बैंड ने बांग्ला रवीन्द्र संगीत के द्वारा टैगोर जी की रचनाओं की सांगीतिक प्रस्तुति दी। इसमें पहली प्रस्तुति ओढ़े भाई फागुन लेगे छे... की रही। दूसरी प्रस्तुति में एक ढुकु हुआ लागे....। इसके बाद मानो मोरो मोंजेरू... को पेश किया।

### जीपी बिड़ला संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय विश्वरंग महोत्सव का आयोजन

भोपाल। जी पी बिड़ला संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय विश्व रंग महोत्सव की गतिविधियों में सांस्कृतिक पत्रिका कला समय के 27 वर्ष की निरंतरता पर पत्रिकाओं के अवलोकन, प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। जिसके अन्तर्गत 17वीं सदी से 19वीं सदी तक प्रचलित लघुचित्रों की 40 चित्रों की श्रृंखला के साथ उनकी बारीकियों के आलेख विभिन्न शैलियों यथा झालावाड़ शैली, गीत गोविंद के मंगल चरण, केशव दास के रसिक प्रिया, मेवाड़ शैली, बसोहली शैली, बीकानेर शैली को संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है।



---

### जजा संग्रहालय में दस दिनी देशज व्यंजन मेला शुरू



# व्यंजन प्रेमियों ने लिया उड़द बड़े, कोदो इडली, डोसा, कोदो-पुलाव का स्वाद

मिलेट्स मिशन पर आधारित आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2023 को 'इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर' घोषित करने के उपलक्ष्य में जनजातीय जीवन, देशज ज्ञान परंपरा और सौंदर्यबोध एकाग्र स्थापित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की कैंटीन स्वाद में देशज व्यंजन मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मिलेट्स मिशन पर आधारित इस व्यंजन मेले में मोटे आनाज से बने तरह-तरह के व्यंजन परोसे जा रहे हैं। 21 से 31 दिसम्बर, दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक आगंतुकों और पर्यटकों को व्यंजन का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा।



### मोटे अनाज से बना डोसा और महुए से बनी जलेबी रही खास

इस व्यंजन मेले में बाजरा, मक्का, रागी, ज्वार, कोदो एवं अन्य मोटे अनाजों से बने व्यंजन का स्वाद मिलेगा। देशज व्यंजन मेले के कमलेश बारिया ने बताया कि व्यंजन मेले में आने वाले पर्यटकों एवं आगंतुकों ने मोटे अनाज से बना डोसा और महुए से बनी जलेबी की सराहना की और पसंद किया। इस देशज व्यंजन मेले में उड़द बड़े, कोदो इडली, कोदो डोसा, रावड़ी, कोदो पुलाव, कढ़ी , दाल पानिया, ज्वार रोटी, भाजी, सब्जी और गुड़, बाजरा रोटी, भाजी, सब्जी और गुड़, मक्का रोटी, भाजी, सब्जी और गुड़ रागी रोटी, भाजी, सब्जी और गुड़, महुआ गुलगुला, महुआ जलेबी, कुटकी खीर, मक्का लड्डू, ज्वार लड्डू, बाजरा लड्डू, कोदो लड्डू, महुआ पुआ व्यंजन को परोसा जाएगा।

---

# मुझे पहचानो उपन्यास के लिए संजीव को हिंदी साहित्य अकादमी अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने दिल्ली में रवींद्र भवन स्थित साहित्य अकादमी भवन में इस वर्ष के साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023 के विजेताओं की घोषणा की। इस साल 24 भारतीय भाषाओं में 9 कविता संग्रह, 6 उपन्यास, 5 कहानी संग्रह, तीन निबंध और एक आलोचना की पुस्तक को पुरस्कार के लिए चुना गया है। जिसमें हिंदी में कथाकार संजीव के उपन्यास 'मुझे पहचानो' को इस वर्ष के साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है, इसके अंतर्गत सम्मानित लेखक को एक लाख रुपए की नकद राशि, शॉल और ताम्रफलक प्रदान किया जाएगा। कथाकार संजीव का जन्म 6 जुलाई, 1947 को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के बांगरकलां गांव में हुआ था, उनका पूरा नाम राम सजीवन प्रसाद है। संजीव ने उपन्यास, कहानी, नाटक, रिपोर्ताज, आलोचना और सामयिक विषयों पर खूब लिखा है।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय कवियों के साथ पंकज पाठक का भी कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काउंसलेट जनरल कार्यालय ने सेंट्रल क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी में आयोजित किया कार्यक्रम



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में बुधवार की शाम हिंदी के मातृत्व और हिंदी की कविता के नाम रही। पूर्वी मेलबर्न के व्यस्ततम सिटी एरिया में स्पेंसर स्ट्रीट स्थित सेंट्रल क्वींसलैंड विश्वविद्यालय (सीक्यूयू) में यह शाम हिंदी के तेजी से होते विस्तार और हिंदी के कविता पाठ पर एकाग्र थी। इसमें भारत से आए पांच शीर्ष साहित्यकारों का अभिनंदन किया गया। इनमें कवि और पत्रकार पंकज पाठक (भोपाल), पूर्णिमा पाटिल (नागपुर), डॉ. वेद व्यथित (फरीदाबाद), डॉ. नीलम भटनागर (आगरा) और डॉ. आनंद शर्मा (रोहतक) थे। इन पांचों की एक विशेषता यह भी है कि ये सभी साहित्य, पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और हिंदी-सेवी हैं। इसका आयोजन मेलबर्न स्थित भारत के काउंसलेट जनरल कार्यालय, तीस वर्ष पुराने साहित्यिक संस्था साहित्य संध्या हिंदी शिक्षा संघ ने मिलकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य संध्या के प्रमुख और हिंदी के साहित्यकार एवं वैज्ञानिक प्रो. सुभाष शर्मा ने की।

### सस्टेनेबल फेशन को प्रमोट करने वुमन ऑफ एक्सप्रेशन ग्रुप का गेट-टू-गेदर

# किसी ने पहनी 53 साल पुरानी मड़ीसर साड़ी तो किसी ने 29 साल पुरानी बनारसी साड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अंतरराष्ट्रीय साड़ी दिवस पर वुमन ऑफ एक्सप्रेशन ग्रुप की महिलाओं ने सस्टेनेबल फेशन को प्रमोट करने के लिए घर की सबसे पुरानी साड़ी पहन कर कार्यक्रम में भाग लिया। यह सभी महिलाएं मकर संक्रांति पर इन साड़ियों को सुंदर चूड़ियों, बिंदी के साथ पैक करके जरुरतमंद महिलाओं को वितरित करेंगी। इस अवसर पर महापौर भोपाल मालती राय भी उपस्थित थीं, ग्रुप की फाउंडर मनीषा आनन्द ने अपनी सासू मां की 29 साल पुरानी बनारसी साड़ी पहनी। वहीं हैंडलूम साड़ी की एक्सपर्ट और लेखिका अनका शर्मा ने 53 साल पुरानी 10 मीटर की तमिलनाडु की मड़ीसर साड़ी पहनी, रेखा चौहान ने अपनी सगाई की 31 साल पुरानी साड़ी पहनी। वहीं रचना सिंह ने अपनी शादी के समय की 20 साल पुरानी दबका वर्क की साड़ी पहनी।



---

### कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2023 में भोपाल के भावेश ने पाए 99.78 पर्सेंटाइल

# बीटेक क्लियर होने के बाद डेढ़ साल की जॉब, साथ में की प्रिपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) लखनऊ ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2023 के रिजल्ट घोषित किया, जिसमें कुल रजिस्टर्ड 3.28 लाख कैंडिडेट्स में से लगभग 2.88 लाख एग्जाम में उपस्थित हुए और कुल उपस्थिति 88 फीसदी रही। इस एग्जाम में भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार संजय चतुर्वेदी के पुत्र भावेश चतुर्वेदी ने 99.78 पर्सेंटाइल हासिल कर सफलता अर्जित की।

### मेरी सफलता में पेरेंट्स का बहुत बड़ा योगदान



भावेश की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी की लहर है। भावेश ने बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा रांची से बीटेक की डिग्री हासिल की है। हरिभूमि से बातचीत में भावेश ने बताया कि बीटेक क्लियर होने के बाद ही कैंपस सिलेक्शन के जरिए मेरा सिलेक्शन पीवीसी कंपनी में हो गया था और जहां मैंने डेढ़ साल काम किया और अगस्त 2023 से ही मैंने कैट की प्रिपरेशन स्टार्ट की थी और रोजाना करीब 2 से 3 घंटे अपनी पढ़ाई को देता था। वहीं वीकेंड पर में कुछ ज्यादा पढ़ लेता था, जिससे मेरा सिलेबस कम्पलीट हो जाए। उन्होंने बताया कि मेरी फर्स्ट प्रॉयरिटी में आईआईएम बैंगलोर, कोलकाता, कोझिकोड के इंस्टीट्यूट है। उन्होंने कहा कि मेरी इस सफलता में मेरे पेरेंट्स का बहुत बड़ा योगदान रहा, जिन्होंने मुझे हमेशा मोटिवेट किया और कभी भी डिमोटिवेट होने नहीं दिया।

# साल की सबसे लंबी रात आज: सारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सूर्य किरणें आज (22 दिसम्बर) भारतीय समयानुसार प्रातः 8 बजकर 57 मिनट पर मकर रेखा पर लबंवत होने के बाद यह कर्क रेखा की ओर अपनी वापसी यात्रा आरंभ कर रही है। इस कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरो में आज दिन सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज विंटर सोलस्टिस का अवसर है, जिसमें अनेक खगोलीय तथ्य समाए हुए हैं। सारिका ने बताया कि पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके हुए सूर्य की परिक्रमा करते रहने के कारण सूर्यकिरणों का कोण किसी स्थान के लिए बदलता रहता है। उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था।

### कभी अंगदान से करते थे परहेज

# भोपाल में अंग व देहदान करने वालों की लगातार बढ़ रही संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक समय था जब भोपाल जिले में लोग रक्तदान करने से पीछे हट जाते थे, वहीं अब अंगदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। जिसका उदाहरण है कि पिछले कुछ सालों से लगातार लोगों ने नेत्रदान व कई लोगों ने मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प लिया है। वहीं सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरा है। जैसे-जैसे जागरुकता बढ़ी, लोग खूनदान के साथ-साथ शरीर भी दान कर रहे हैं। यह बात गुरुवार को गांधी मेडिकल कॉलेज में अंगदान प्रचार-प्रसार इसके प्रोत्साहन को लेकर आयोजित बैठक में डॉक्टरों ने कहीं।

*लोगों में लगातार बढ़ रही जागरुकता, जीएमसी में आयोजित हुआ कार्यक्रम*



आयोजित बैठक में भोपाल के अंगदान एवं नेत्रदान करने वाली संस्थानों के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं काउंसलर के साथ ही अन्य सामाजिक संस्थाओं, किरन फाउंडेशन से डॉ. राकेश भार्गव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### कौन कर सकता है अंगदान ?

कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी उम्र, लिंग, जाति का हो, वह अंगदान कर सकता है। इसमें नवजात से लेकर 65 साल तक के व्यक्ति का अंगदान जैसे किडनी, हार्ट, लीवर, लंग्स डोनेट किए जा सकते हैं। इससे अधिक उम्र के डोनर देहदान, कॉर्निया और स्किन दान कर सकते हैं। डोनर यदि 18 वर्ष से कम उम्र का हो तो उसके माता-पिता अथवा कानूनी अभिभावक की सहमति आवश्यक है।

---

### साल 2020 में बांधवगढ़ से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व लाई गई थी, साल 2021 से लापता हुई थी बाघिन

# सतपुड़ा में ढाई साल बाद 'टाइगर रिटर्न', टी-42 की वापसी के बाद खत्म हुई तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से खुशखबरी सामने आई है। यहां दो साल बाद जंगल के असली टाइगर की वापसी हुई है।

ढाई साल बाद टाइग्रेस की वापसी की जानकारी मिलते ही टाइगर रिजर्व मैनेजमेंट खुश हो गया और इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दी।



### बाघिन को आवाज से पहचाना

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से करीब ढाई साल पहले यहां की टाइग्रेस टी-42 अचानक से लापता हो गई थी। उसको साल 2020 में बांधवगढ़ से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व लाया गया था। वह टूरिस्ट के साथ बहुत कंफर्टेबल हो गई थी। उसकी काफी लंबे समय से तलाश थी। करीब ढाई साल बाद गश्त कर रहे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के प्रबंधन की टीम को बाघिन दिखाई दी। टाइग्रेस टीम के कैंप के पास आकर गुर्राई। उसकी आवाज सुनकर टीम ने तुरंत आसपास देखना शुरू किया। कुछ दूर पर उनको बाघिन दिखाई दी। उसको देखते ही मैनेजमेंट के लोग खुश हो गए। साथ ही इसकी जानकारी फील्ड डायरेक्टर को दी। बाघिन के वापस लौटने से वाइल्ड लाइफ से जुड़े लोग बहुत उत्साहित नजर आ रहे हैं। बता दें कि बाघिन हर दिन 20 से 25 किमी चलती है। इसलिए वह ढाई साल में चलते हुए 320 किमी मेलघाट पहुंच गई। साल 2021 से लापता हुई टी-42 की तलाश की जा रही थी। उसके ऊपर लगी कॉलर आईडी से ट्रेस करने की कोशिश की जा रही थी। हालांकि उसकी वापसी से सभी तरफ खुशी की ही छाई है।

### एसटीआर की एक ओर बाघिन ने बनाया ठिकाना

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से दो साल पहले भी एक ओर बाघिन हरदा, खंडवा, बुरहानपुर होते हुए 320 किमी दूर महाराष्ट्र के अमरावती मेलघाट टाइगर रिजर्व पहुंच गई थी। एसटीआर के अनुसार बाघिन ने मेलघाट टाइगर रिजर्व को अपना ठिकाना बना लिया है। नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघिन को जून 2021 में बांधवगढ़ से लाया गया था। जो विचरण करते हुए 320 किमी दूर मेलघाट पहुंच गई। बाघिन प्रतिदिन करीब 20 से 25 किमी चलती है। इसलिए ढ़ाई माह में बाघिन महाराष्ट्र के मेलघाट टाइगर रिर्जव पहुंच गई थी। कॉलर आईडी से बाघिन की लोकेशन ड्रेस की जा रही थी।

भोपाल
शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023
अगहन मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 10, अंक : 275
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 22
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम के दो रंग : कही सर्दी तो कहीं गर्मी, आज से सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ, दो दिन तापमान में और वृद्धि होने की उम्मीद



छोटी झील से लगे पुराने शहर में धुंध।

## बिजावर की रात सबसे सर्द रही

### 6.3 डिग्री पर पारा...धार ऐसा गर्म दिन में तापमान 33 डिग्री के पार

प्रदेशभर में 10 फीसदी तक बढ़ी नमी, बादलों की आवाजाही और बढ़ेगी

ग्वालियर में न्यूनतम पारा 6.5 डिग्री और दिन का तापमान 22.6 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार को दिन और रात के समय हल्के बादलों का असर रहा। भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में सुबह से धूप खिली, जिससे दिन के तापमान में बढ़त रही। रात में मिश्रित हवाओं की रफ्तार कम होने के साथ ही हल्के बादलों की जमावट से रात का पारा चढ़ा है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में वृद्धि धार में 10 डिग्री की रही। यहां दिन का पारा रिकार्ड 33.4 डिग्री ⏩ शेष पेज 4 पर

## पुंछ में सैन्य वाहन पर घात लगाकर आतंकी हमला

# पहले ग्रेनेड फेंके फिर फायरिंग की, चार जवानों का बलिदान



पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली

एजेंसी ⏭ जम्मू

पुंछ में गुरुवार दोपहर आतंकियों द्वारा घात लगाकर सैन्य वाहन पर हमला किया गया। दोनाड़ क्षेत्र में थानामंडी-बफलियाल सड़क पर अपने गंतव्य की ओर जा रहे सैन्य वाहन पर आतंकियों अचानक हमला बोल दिया। इस हमले में चार जवान बलिदान हो गए हैं और तीन अन्य घायल ⏩ शेष पेज 4 पर

आतंकियों से मुठभेड़ गोलीबारी कर रहे कितने आतंकी? अभी यह सुराग नहीं



### सुरनकोट में धमाकों की 4 माह में तीसरी घटना

*सुरनकोट तहसील में इस तरह के संदिग्ध धमाकों की चार माह में तीसरी और कस्बे में एक माह में दूसरी घटना है। पुंछ के एसएसपी विनय शर्मा, डीएसपी ऑपरेशन एजाज अहमद चौधरी, राजोरी-पुंछ रेंज के डीआईजी डॉ. हसीब मुगल ने घटना स्थल का जायजा लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि यह कम क्षमता का देसी बम था।*

### ये जवान शहीद

1. नायक बीरेंद्र सिंह (15 गढ़वाल राइफल)
2. नायक करन कुमार (एएससी)
3. राइफल मैन चंदन कुमार (89 आर्म्ड रेजीमेंट)
4. राइफल मैन गौतम कुमार 89 आर्म्ड रेजीमेंट)


### ये हुए घायल

1. सिग्नल मैन सुंदीप कुमार (सिग्नल्स)
2. राइफल मैन श्याम सुंदर दास (88 आर्म्ड रेजीमेंट)
3. राइफल मैन टीडी भास्करराव (88 आर्म्ड रेजीमेंट)

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ के जिम्मे होगी संसद की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब सीआईएसएफ को दी गई है। यह निर्णय जांच कमेटी की सिफारिश के बाद लिया गया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस इस जिम्मेदारी को निभा रही थी। सीआईएसएफ सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से पहले संसद भवन परिसर का सर्वे भी करेगी। सीआईएसएफ से संसद परिसर का सर्वे के लिए कहा है।

### छग के भाजपा अध्यक्ष बने किरण सिंह देव



**रायपुर।** भाजपा आलाकमान ने किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ में अब तक प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे अरुण साव के राज्य में उपमुख्यमंत्री बन जाने के बाद भाजपा ने प्रदेश संगठन में बदलाव किया है। राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी किया है।

### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जा सकते हैं शिवराज



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। उन्हें दक्षिण के किसी राज्य की जिम्मेदारी दी जा सकती है। 19 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिवराज ने मुलाकात की थी। उन्होंने बताया था कि वे दक्षिण के राज्यों में जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ये बदलाव होगा।

## सीएम डॉ. यादव ने विधानसभा में कहा- सरकार के पास सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि

# 'लाड़ली बहना' समेत सभी योजनाएं चलेंगी संकल्प पत्र हमारे लिए गीता-रामायण की तरह

मुख्यमंत्री यादव के जवाब के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष को दिया करारा जवाब

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अयोध्या समेत सभी तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के आरोपों के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को साफ कर दिया कि सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। सरकार के पास सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि है। लाड़ली बहना समेत सभी योजनाएं चलेंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र ग्रंथ की तरह है। यह हमारी सरकार के लिए गीता, रामायण की तरह है। हम 5 साल के एजेंडे को लेकर आए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अयोध्या समेत सभी तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने व लाउड स्पीकर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश ⏩ शेष पेज 4 पर

### जहां श्रीकृष्ण के पांव पड़े, वे स्थान तीर्थस्थलों की तरह होंगे विकसित

यादव ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि श्री कृष्ण भगवान के जहां भी पांप पड़े हैं, जहां भी लीलाएं रची हैं। चाहे उज्जैन जहां पर 64 कलाएं और 14 विद्याएं सीखी, या धार के पास अमझेरा जहां रूकमी के साथ उनका युद्ध हुआ। जानापाव पहाड़ी पर परशुराम भगवान को सुदर्शन चक्र देते थे। उन जगहों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगे। उन सारे तीर्थ स्थानों की यात्राएं कराई जाएगी। ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

### 52 जिलों में 52 एक्सीलेंस कॉलेज खुलेंगे

डॉ. यादव ने कहा कि सभी प्रकार के कोर्स के लिए एक जिले में एक एक्सीलेंस कॉलेज खुलेगा। सरकारी को मिलाकर इसे 55 किया जाएगा। इसी में निर्णय लिया गया है कि कॉलेज सर्व सुविधायुक्त होंगे। 20 किमी के दायरे में छात्रों को कॉलेज जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। हमने दूसरी व्यवस्था डिजी ⏩ शेष पेज 4 पर

### मिल मजदूर के परिवार के बालक को सीएम बनाया, भाजपा का आभार

यादव ने कहा कि अवंतिका नगरी के मिल मजदूर परिवार के बालक को भारतीय जनता पार्टी ने मौका दिया। भारतीय जनता पार्टी ने एक गरीब परिवार के बच्चे को लाकर के मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचाया। मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार मानता हूं। हमारे लोकतंत्र की ये खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि न केवल मैं बल्कि वर्तमान लोकतंत्र गौरवान्वित होगा, जिसमें एक चाय बेचने को देश का प्रधानमंत्री बनाते हैं और एक मिल मजदूर परिवार के बेटे को मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 4 पर

### मूलभूत सुविधाओं और संस्कृति का मान बढ़ाने कर रहे काम

*मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब एक महीने की सरकार के लिए नहीं है, न ही 13 महीने की सरकार के लिए। हम और आप 5 साल बाद बात करेंगे कि आप और हमने जो निर्णय किये थे। अपने संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़े थे, तो हम किस रूप में आगे बढ़े? राज्य सरकार होती है मूलभूत सुविधाओं के लिए, हम उस पर भी काम कर रहे हैं। लेकिन, अपने प्रदेश का मान, देश का मान और भारतीय सनातन संस्कृति का मान दुनिया में बढ़े। इसके लिए भी काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पाठ्यक्रम से विक्रमादित्य का हिस्सा गायब कर दिया गया। नई शिक्षा नीति को लेकर 1837 में लॉर्ड मैकाले ने जो गलती की, कांग्रेस ने उसे दुरुस्त करने का काम नहीं किया। नई शिक्षा नीति के तीसरे वर्ष में हमने प्रवेश किया। कागज की बजाए जो डिग्री मिले उससे जीवन में सार्थकता आए।*

## सीएम यादव दिल्ली पहुंचे, दो दिन तक रुकेंगे

# मंत्रिमंडल विस्तार के लिए क्राइटेरिया तय, कल के बाद अब शपथ कभी भी



सांसदों को दिया रात्रि भोज, शाह नड्डा से करेंगे मुलाकात

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधानसभा का सत्र समाप्त होने के तत्काल बाद भोपाल से रवाना होकर दिल्ली पहुंच गए। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन उन्होंने प्रदेश के सांसदों को रात्रि भोज दिया और प्रदेश के विकास में उनका सहयोग मांगा।

डॉ. यादव गुरुवार रात्रि को दिल्ली में ही विश्राम करेंगे और मंत्रिमंडल का अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। मुलाकात में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी शामिल रहेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए एक ⏩ शेष पेज 4 पर

### वरिष्ठों को भी मिलेगी मंत्रिमंडल में जगह

तय क्राइटेरिया के अनुसार एक अनुपात में वरिष्ठों को मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। इसके तहत विधायक बने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और उदयप्रताप सिंह को मंत्री बनाया जा सकता है। शिवराज मंत्रिमंडल में शामिल रहे गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह सहित कुछ वरिष्ठों को भी जगह दी जा सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2-3 समर्थक और मंत्री बन सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक 3-4 विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

### जो सदस्य लगातार जीते पर मौका नहीं मिला, उनकी किस्मत खुलेगी

क्राइटेरिया में यह तय किया गया है कि भाजपा की पूर्व सरकार में मंत्री रहे सभी को नहीं बल्कि कुछ को जगह मिल सकती है। इसके स्थान पर 3, 4 और 5 बार तक जीते उन विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है, जिन्हें अब तक एक भी बार मौका नहीं मिला। जीत के इस आधार पर ही मंत्रियों की सूची बनाई गई है। पिछली बैठकों में एक बात मोटे तौर पर तय कर ली गई है कि पहली बार जीते विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी ⏩ शेष पेज 4 पर

## साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 की घोषणा

# संजीव और नीलम को साहित्य अकादमी पुरस्कार

मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाएं शामिल



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साहित्य अकादमी ने बुधवार को साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 की घोषणा की। हिंदी के लिए संजीव का उपन्यास 'मुझे पहचानो' तो अंग्रेजी के लिए नीलम सरन गौर का उपन्यास 'रेक्युम इन रागा जानकी' चयनित हुआ है।

वहीं, पंजाबी के लिए स्वर्णजीत सवी का कविता संग्रह 'मन दी चिप' और उर्दू के लिए सादिका नवाब सहर का उपन्यास 'राजदेव की अमराई' पुरस्कृत किए गए हैं।

यह पुरस्कार साहित्य अकादमी पुरस्कार-2022 से पिछले पांच वर्षों में पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं। इन्हें सभी संबंधित भाषाओं के त्रि-सदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है। पुरस्कार की घोषणा करते हुए अकादमी के सचिव डॉ. के ⏩ शेष पेज 4 पर

## 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 358 नए मामले

# 300 मरीज केरल से आए, देश में 2669 मरीज कोरोना से पीड़ित



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोरोना वायरस ने फिर से अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। कोविड-19 की बढ़ती रफ्तार और मृतकों का बढ़ता आंकड़ा माथे पर चिंता की लकीरें खींच रहा है।

वायरस का नया सब वैरिएंट जेएन-1 तेजी से फैल रहा है। इससे केंद्र समेत सभी राज्य सरकारें चिंतित नजर आ रही हैं। सभी ने अस्पतालों और स्वास्थ्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। अस्पतालों को तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं। इसमें भी सबसे अधिक 300 मामले केवल केरल से सामने आए हैं। ⏩ शेष पेज 4 पर

## महिला पहलवान साक्षी मलिक ने रोते हुए लिया संन्यास

# बृजभूषण के करीबी के अध्यक्ष बनने पर बोलीं-शोषण के लिए तैयार रहिए

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा दबदबा है और दबदबा रहेगा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की 31 साल की भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से अपने संन्यास का ऐलान कर लिया।

भारत को 20216 रियो ओलंपिक में पदक दिलाने वाली यह महिला पहलवान अब मैट पर लड़ती हुई नजर नहीं आएंगी। दरअसल, बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद ही उन्होंने यह फैसला लिया। साक्षी ने रोते हुए कहा, जो महासंघ का ⏩ शेष पेज 4 पर



बृजभूषण शरण सिंह और संजय सिंह

### संजय सिंह नए अध्यक्ष बृजभूषण के खास दोस्त

*भाजपा नेता संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का नया अध्यक्ष चुना गया है। बीते एक साल से पहलवानों के साथ कथित यौन शोषण को लेकर विवादों में घिरे बृजभूषण शरण सिंह की जगह वे* ⏩ शेष पेज 4 पर

## आय से अधिक संपत्ति मामले में मंत्री पद के साथ विधायकी भी गई

# मंत्री और उनकी पत्नी को तीन साल कैद, 50 लाख रुपए का जुर्माना भी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आय से अधिक संपत्ति के मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को डीएमके नेता और तमिलनाडु सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की कैद और 50 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

सजा के बाद पोनमुडी विधायक के रूप में अयोग्य हो गए और मंत्री पद गवां दिया है। छह महीने पहले ही इस मामले में वेल्लोर की एक कोर्ट ने मंत्री और उनकी पत्नी को



बरी कर दिया था। स्थानीय कोर्ट का कहना था कि इस मामले में पर्याप्त सबूत नहीं हैं, बाद में हाई कोर्ट ने मामले को स्वतः संज्ञान लिया था। वहीं, हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान मंत्री पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विशालाक्षी ने कोर्ट में अपना मेडिकल ⏩ शेष पेज 4 पर

### कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को 2 साल की सजा



पंजाब में आप के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा समेत 9 लोगों को 2 साल की सजा सुनाई गई है। मामला साल 2008 है, जिसमें अब 15 साल बाद सजा हुई है। जानकारी के अनुसार अमन अरोड़ा का अपने जीजा राजेंद्र दीपा के साथ पारिवारिक झगड़ा था। इसी को लेकर साल 2008 में शिकायत दर्ज हुई थी। अकाली ⏩ शेष पेज 4 पर

## ब्रिटिश अखबार को दिए साक्षात्कार में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत में मुसलमान 'खुशी' से और 'समृद्ध' होकर रह रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्रिटिश अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' के साथ इंटरव्यू में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई अन्य देशों में उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद मुसलमानों को भारत में सुरक्षित ठिकाना मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में अन्य जगहों पर उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद उन्हें भारत में एक सुरक्षित आश्रय मिला है। वे खुशी से और समृद्ध होकर रह रहे हैं। इससे पता चलता है कि भारतीय समाज में किसी भी धार्मिक ⏩ शेष पेज 4 पर

◆ मोदी ने उन बाहरी लोगों के लंबे इतिहास की ओर इशारा किया जो भारत आए और इसकी ताकत को कम करके आंका

भारतीय समाज में किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यक के प्रति भेदभाव की कोई भावना नहीं

### स्वतंत्रता का उपयोग आरोपों को उछालने के लिए



पीएम मोदी ने इस साल की शुरुआत में जून में अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत में मुसलमानों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव से इनकार किया था। 23 जून को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी से पूछा गया कि वह अपने देश में मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों में सुधार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं? इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा था कि इनमें सुधार की जरूरत नहीं है। जब पीएम मोदी से उनकी सरकार ⏩ शेष पेज 4 पर

### जो हमारी सरकार पर संदेह करते हैं, वे गलत साबित होंगे

पीएम मोदी ने उन बाहरी लोगों के लंबे इतिहास की ओर इशारा किया जो भारत आए और इसकी ताकत को कम करके आंका। पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में, जब भारत आजाद हुआ, तो चले गए अंग्रेजों ने भारत के भविष्य के बारे में बहुत ही भयानक भविष्यवाणियां कीं। लेकिन हमने देखा है कि वे सभी भविष्यवाणियां झूठी साबित हुई है। जो लोग आज हमारी सरकार पर इसी तरह संदेह करते हैं, वे भी गलत साबित होंगे।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने प्रदेश के सांसदों से की रात्रि भोज पर मुलाकात, मप्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

- रात्रि भोज में सभी राजनीतिक दलों के लगभग 26 सांसद शामिल हुए
- सांसदों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ, शॉल, शिवलिंग किया भेंट
- मप्र भवन में हुए कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को प्रदेश के सांसदों से रात्रि भोज पर मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

मध्य प्रदेश भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा, वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा एवं श्री हितानंद शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के लगभग 26 सांसद शामिल हुए। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के समन्वय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रदेश में क्रियान्वयन और भारत सरकार के समक्ष लंबित प्रदेश से जुड़े विषयों पर संसदीय क्षेत्रवार चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में सांसदों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ, शाल, शिवलिंग और अन्य उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी और प्रदेश के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देने उज्जैन से पैदल आए आंजना और साथी

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं देने जसवंत सिंह आंजना, संतोष शर्मा, संजय आंजना और शुभम पांचाल उज्जैन से पैदल चलकर विन्ध्य कोठी भोपाल आए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र चलने से आंजना और साथियों को विधानसभा बुलवाया। मुख्यमंत्री का आंजना ने पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया।

### 16 दिसंबर से यात्रा शुरू की

उज्जैन के आंजना ने बताया कि अपने साथियों के साथ उन्होंने 16 दिसंबर को दोपहर एक बजे उज्जैन से पैदल यात्रा आरंभ की और प्रतिदिन लगभग 40 किमी पैदल चलते हुए गुरुवार को सुबह भोपाल पहुंचे। दल को जब पता चला कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 21 दिसंबर को दिल्ली जा रहे हैं, तो दल ने गुरूवार सुबह तीन बजे से ही पैदल यात्रा आरंभ कर दी एवं समय पर भोपाल पहुंच गए। यात्रा व्यवस्था में अरविंद सिंह गजराज सिंह झाला, अजय जोशी और राजेश आंजना ने सहयोग किया।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर बुदनी निवासी बहन सायरा को मिली ट्राई साइकिल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से बुधवार रात को दिए गए निर्देशो को गुरूवार को अमलीजामा पहनाते हुए जिला प्रशासन ने बुदनी की दिव्यांग बहन सायरा बानो को ट्राई साइकिल प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार देर रात भोपाल में विभिन्न स्थानों पर निराश्रित लोगों और अस्पताल परिसर में नागरिकों से भेंट की थी। परिजन के उपचार के लिए भोपाल आई इनमें से एक सायरा बानो से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निसंकोच अपनी बात कहने को कहा। बुदनी निवासी सायरा ने मुख्यमंत्री को कहा था कि यदि उसे ट्राई साइकिल मिल जाए तो उसका जीवन आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सायरा को जब बहन कहा तो सायरा की आंखें नम हो गई थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सायरा को ट्राई साइकिल गुरुवार ही मिल गई है। कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल अमल करते हुए गुरुवार को सायरा को ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी है।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर सालों बाद पक्ष व विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा

# सत्ता पक्ष ने सरकार की एक-एक योजना की तारीफ की, विपक्ष ने कई मुद्दों पर घेरा



*सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जवाब तक शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान सदन में काफी गहमागहमी हुई। चर्चा में कुल 31 सदस्यों ने भाग लिया।*

### विस अध्यक्ष तोमर ने नोंक-झोक को कराया शांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा के चार दिनी सत्र में गुरूवार को अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पक्ष व विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर काफी सार्थक चर्चा हुई। पिछली 15वीं विधानसभा के पांच सालों के उथल-पुथल भरे सत्र व सदस्यों के बीच कई बार अव्यावहारिक बहस, चर्चा आदि पर जैसे विराम लगता हुआ दिखा। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर मुख्यमंत्री के जवाब शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान सदन में काफी गहमागहमी हुई। चर्चा में कुल 31 सदस्यों ने भाग लिया। दोनों तरफ से सदस्यों ने अपनी बात कही।

अभिभाषण पर चर्चा की शुरूआत वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने की। उन्होंने काफी नपे-तुले शब्दों में सरकार की एक-एक योजनाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि संकल्प पत्र सिर्फ संकल्प पत्र नहीं है, यह मोदी की गारंटी है। जो मोदी की गारंटी है, वह पूरी होगी। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संकल्प यात्रा शुरू की गई है। वह भी मोदी की गारंटी योजना है। यह एक तरह से डबल इंजन सरकार का दस्तावेज है। उन्होंने 2003 से 2023 के बीच में हुए भाजपा सरकार के विकास व उपलब्धियों के एक एक बिंदुओं को सदन में रखा और कांग्रेस की विफलताओं को उजागर किया।

**खास बातें**

- 2003 से 2023 के बीच में हुए भाजपा सरकार के विकास व उपलब्धियों के एक-एक बिंदुओं को सदन में रखा गया



### रावत ने ली सत्ता पक्ष की चुटकी

कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य ने सत्ता पक्ष के पहली पंक्ति में बैठे सदस्यों की चुटकी ली। उन्होंने कहा कि जो गुणगान करेगा, वही चल पाएगा। यहां बैठे नेताओं को देखिएं। ऊपर का गुणगान नहीं कर पाए तो यहां आ गए। इस पर हालांकि सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ जमकर नोकझोंक हुई। बाद में अध्यक्ष तोमर ने सभी को शांत करा दिया। अध्यक्ष ने कहा कि यदि इसी तरह से होता रहेगा तो रावत जी जो कहना चाहते हैं, वह छूट जाएगा। ऐसे में मुद्दे की बात करें। इसके बाद उन्होंने अभिभाषण पर विरोध दर्ज कराया।

### पांच साल का मंतव्य दिखाया

भाजपा के वरिष्ठ सदस्य प्रह्लाद पटेल ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार के पांच साल के मंतव्य को दिखाती है। उन्होंने केंद्र सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की और बताया कि किस तरह से सदन परंपराओं व नियमों में बंध कर काम करती है तो इसका लाभ हर व्यक्ति को मिलता है। उन्होंने कहा कि अहंकार व स्वाभिमान के बीच के फर्क को हमें तय करना है। उन्होंने विपक्ष के बार-बार के टोकाटाकी पर भी बड़ी विनम्रता से सीख दी। उन्होंने कहा कि हमे सोचना होगा कि भविष्य कैसे बेहतर होगा।

### पूछे सवालों का जवाब मिलना चाहिए

राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाते हुए राम निवास रावत ने सत्ता पक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि स्थाई आदेश है कि सदन की बैठकों में प्राप्त प्रश्न एवं सूचनाएं जो स्वीकृत होकर विभाग को उत्तर के लिए भेजी जा चुकी है। ऐसे में तो अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तर सभा के विघटन होने के बाद व्यपगत माने जाएंगे। उन्होंने इस नियम को बदलने की मांग की।

### प्रधानमंत्री ने 9 बातों का ध्यान देने को कहा था

विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 9 बातों का ध्यान रखने को कहा था। वे उस पर पूरी तरह से अमल कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि पानी की हर बूंद का सहेजना है। गांव को डिजिटल बनाने की जरूरत है। स्वच्छता के लिए हर गांव व शहर में काम होना चाहिए। वोकल फार लोकल उसका मूल मंत्र है। इसके साथ ही साथ सांस्कृतिक अभ्युदय, प्राकृतिक खेती, योग व खेल तथा देश के हर व्यक्ति की सोच यह होनी चाहिए कि वह एक-एक गरीब के उत्थान में खुद को शामिल करें।

### योजना में 60 फीसदी राशि केंद्र की होती है

रावत ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष को जमकर आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं में प्रधानमंत्री का नाम होना चाहिए। किंतु अभिभाषण में 48 बिंदु है, इसमें 48 बार मोदी का नाम आया है। जबकि महज 14 बार सीएम का नाम आया है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर से केंद्र शासित प्रदेश को भेजा गया अभिभाषण पढ़ा जा रहा है। वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव ने इस पर बचाव किया। उन्होंने कहा कि 60 फीसदी राशि केंद्र की होती है। ऐसे में मोदी की बात करना जायज है।

### सदन चलता है तो सरकार को एक आईना दिखता है: बच्चन

वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य बाला बच्चन ने कहा कि सत्र चलने से विपक्ष को अपनी बात कहने का अधिकार बना रहता है। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है। पूरे प्रदेश में यह स्थिति है। इसे रोकने की जरूरत है। अवैध सट्टा, अवैध शराब आदि का काम खूब हो रहा है। जब सदन में मेरी बात नहीं सुनी जाएगी तो कहा कही जा सकती है।

### पहले सागर से भोपाल आने के लिए रेल से आना पड़ता था: भार्गव

वरिष्ठ भाजपा सदस्य गोपाल भार्गव ने कहा कि मप्र में 2003 से पहले सड़कों की क्या हालत थी। सभी को पता है। जबलपुर से यहां आने में रेल से आना पड़ता था। एमएलए रेस्ट हाउस में चिमनी में अखबार पढ़े हैं। आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है। सड़क, बिजली में मप्र का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने अभिभाषण पर सरकार की जमकर तारीफ की।उ

### जितनी जिसकी संख्या, उतनी हिस्सेदारी होना चाहिए: बरैया

कांग्रेस के फूलसिंह बरैया ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि जितनी जिसकी संख्या, उतनी भागीदारी होनी चाहिए। राज्यपाल महोदय भले ही न कहें, पर हम तो अपना हक लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गायों की दुर्गति हो रही है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। कितनी गायों की मौत हादसों में हो रही है। इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है।

**सचिवालय से पीएस मनीष रस्तोगी को हटाने से हुई थी शुरुआत**
**फिर आईएएस मनीष सिंह को मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी बनाया**

## पूर्व सीएम के ओएसडी नीरज वशिष्ठ को हटाया टीएंडसीपी आयुक्त मुकेश चंद्र का भी ट्रांसफर

*कुछ दिनों के अंदर ओएसडी और सचिव को भी हटाया जा सकता है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों की पदस्थापना शुरू कर दी है। इसके पहले पूर्व सीएम के करीबी रहे अधिकारियों को बदलने की कार्रवाई शुरू हो गई है। जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह के बाद सीएमओ में मुख्यमंत्री के डिप्टी सेक्रेटरी नीरज वशिष्ठ को हटा दिया है। उनको मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी पदस्थ किया गया है।

वहीं, टीएंडसीपी के विशेष कर्तव्य अधिकारी सह आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल मुकेश चंद्र गुप्ता को हटा दिया है। अब वह योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए हैं। इससे पहले उनके पास विभाग का अतिरिक्त प्रभार था। वहीं, टीएनसीपी आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार इंदौर में पदस्थ श्रम आयुक्त श्रीकांत बनोठ को सौंपा गया है। इस संबंध में गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए।

इससे पहले सचिवालय में पदस्थ मनीष रस्तोगी को हटा दिया गया था। पीएस सीएम सचिवालय की जिम्मेदारी आईएएस राघवेंद्र सिंह को दी गई।

इसके साथ ही विवेक पोरवाल को जनसंपर्क का आयुक्त बनाया। वहीं मेट्रो कार्पोरेशन का एमडी नीरज मंडलोई को भी बनाया था। माना जा रहा है कि कुछ दिनों के अंदर ओएसडी और सचिव को भी हटाया जाएगा। सीएम सचिवालय में नई टीम करेगी। अभी प्रीति मैथिल और अंशुमान सिंह सीएम यादव के सचिवालय में पदस्थ हैं। हालांकि उन्होंने पद से मुक्त किए जाने की इच्छा जताई थी।

### कई विभागों में फेरबदल, कलेक्टर भी हटेंगे

नेताओं के साथ ही मंत्रालय और फील्ड में पदस्थ कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं। विवाद करने वाले अफसरों पर भी गाज गिरेगी। मालवा के कई कलेक्टर हैं, जिन्होंने मंत्री रहते हुए मोहन डॉ. मोहन यादव के आदेश पर आपत्ति जताई थी। उज्जैन के तत्कालीन कलेक्टर भी बड़े शहर में कलेक्टर के पद पर हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हर आदेश का विरोध किया। इसी तरह मंत्रालय में भी कई विभागों के पीएस और एसीएस की जिम्मेदारियों में भी बदलाव की संभावना है। कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं।

## जनसंपर्क आयुक्त पोरवाल ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनसम्पर्क विभाग के सचिव विवेक पोरवाल ने गुरुवार को जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली।

जनसम्पर्क आयुक्त पोरवाल ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने मप्र माध्यम में भी प्रबंध संचालक (एमडी) का पदभार ग्रहण किया।



जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनसम्पर्क आयुक्त विवेक पोरवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए।

## धान खरीदी की समीक्षा में कलेक्टर ने खाद्य, सहकारी विभाग समेत वेयर हाउस के जीएम को नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने धान खरीदी उपार्जन से जुड़ी समीक्षा में फटे बरदाना, छन्ना लगाने, परिवहन कार्य में सुस्ती पर नाराजगी जाहिर करते हुए नान अधिकारी अमित गौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं, कृषकों को भुगतान में देरी के कारण कलेक्टर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला, मध्यप्रदेश वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के जीएम योगेंद्र सिंह सेंगर सहित सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील को भी नोटिस दिए हैं। अधिकारियों से जवाब मांगा गया है(

## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के तहत छह को होगा मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने 6 जनवरी 2024 को प्रकाशित होने वाली फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में गुरूवार को निर्वाचन सदन भोपाल में वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक की। इसमें सभी जिलों के उपजिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए।

बैठक के दौरान राजन ने कहा कि 6 जनवरी को फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा, ऐसे में सभी जिले लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम न हो। जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहा पर सहायक मतदान केंद्र बनाएं जाने का प्रस्ताव भेजें। इसके साथ ही जहां पर मतदान भवन जीर्णशीर्ण है, उनकी जगह पर दूसरा मतदान केंद्र बनाए जाने का भी प्रस्ताव उपलब्ध कराए। स्टैंडिंग कमेटी को भी इसकी जानकारी दें।



### 13 और 20 जनवरी को विशेष कैंप लगेंगे

सीईओ राजन ने कहा कि 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राजन ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 और 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**डीजीपी सक्सेना ने पूरी टीम को बधाई दी**

# आईसीजेएस परफार्मेंशन में मध्यप्रदेश पुलिस देश में नंबर वन... फॉरेंसिक को मिला सेकंड अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी), गृह मंत्रालय,भारत सरकार ने मध्य प्रदेश पुलिस को डिजिटल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं आईसीजेएस का उपयोग करते हुए अपराधों की रोकथाम करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

मध्य प्रदेश पुलिस को आईसीजेएस (इन्टर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) के क्रियान्वयन में किये गये सराहनीय कार्य के लिए संपूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई।

*मप्र पुलिस को आईसीजेएस (इन्टर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) का क्रियान्वयन कर अपराधों की रोकथाम पर देश में प्रथम स्थान मिला*



### आधुनिक तकनीक के उपयोग से करेंगे अपराधों की रोकथाम

प्रदेश की फॉरेंसिक शाखा को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने एडीजी (एससीआरबी) चंचल शेखर एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि डीजीपी द्वारा आईसीजेएस के अधिक से अधिक कारगर उपयोग के लिए समय-समय पर मैदानी अमले को निर्देशित किया जाता रहा है तथा इसकी समीक्षा भी की जाती रही है। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार से अपराधों की विवेचना एवं पतारसी में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपराधों की रोकथाम करते हुए हम मध्य प्रदेश पुलिस को नवीन ऊंचाइयों पर पहुंचाएं।

**विवेचना के लिए महत्वपूर्ण तकनीक है आईसीजेएस**

इन्टर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी की एक पहल है। यह आपराधिक एवं न्यायिक प्रणाली को त्वरित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक ऐसी प्रणाली है, जिस पर पुलिस, जेल, फॉरेंसिक, प्रॉसीक्यूशन एवं न्यायिक विभाग आपस में जुड़े हैं। मुख्यतः आईसीजेएस एक एकीकृत पोर्टल है, जो पुलिस, जेल, फॉरेंसिक, प्रॉसीक्यूशन और न्यायिक विभागों को एक संयुक्त स्थानीय न्यायिक प्रणाली में जोड़ता है, जो अपराधों की विवेचना और उनके खिलाफ कार्रवाई में सुधार करने में मदद करता है। इस प्रणाली का उद्देश्य अपराधों की रोकथाम, जांच और न्यायिक प्रक्रिया में सुधार करना है, ताकि विभिन्न संगठनों और विभागों के बीच सहयोग और कार्यप्रणाली में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य अपराधों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई में तेजी, पारदर्शिता और नागरिकों को बेहतर न्याय पहुंचाना है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

2 सत्ता पक्ष ने सरकार की एक-एक योजना...



7 सेवा संकल्प के साथ मनाई 'संतजी' की बरसी...





बढ़ती सर्दी को देखते हुए प्रशासन ने किए इंतजाम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दौरे बाद सुधरे राजधानी के रैन बसेरों के हालात वाटर प्यूरीफायर के साथ बढ़े गीजर, कंबलों का भी नया स्टॉक आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ठंड बढ़ने के साथ ही राजधानी के रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों की तादाद बढ़ गई है। इधर यहां ठहरने वाले लोगों के हाल जानने के लिए बुधवार को सीएम मोहन यादव निकले थे, जिसके बाद गुरुवार को हमीदिया, सुल्तानिया और नादिरा बस स्टैड स्थित रैन बसेरों में पीने का पानी, गर्म पानी और ठंड से बचाव के लिए कंबलों की तादाद बढ़ा दी है।

गुरुवार को हरिभूमि की टीम हमीदिया अस्पताल परिसर में स्थित रैन बसेरे में हाल जानने पहुंची।

*गुरुवार को हरिभूमि की टीम ने जाने थे हाल, तब मिले थे अधिकतर बेड खाली*



सीएम और अफसरों की निगरानी के बाद राजधानी के रैन बसेरों में इंतजाम दुरुस्त कर दिए गए है। गुरुवार को यहां तीन बार सफाई की गई। इसके साथ यहां बीस बेड भी बढ़ाए गए हैं, जिससे यहां ठहरने वाले लोगों को गर्म कपड़े दिए जा सकें। नगर निगम कमिश्नर फ्रेंक नोबल ए ने बताया कि शहर के सभी रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए इंतजाम कर दिए गए हैं।

**सुल्तानिया रैन बसेरा में कराई तीन बार सफाई**




दोपहर के समय यहां बेड खाली थे। अधिकतर लोग अपने कामों पर निकल गए थे। गुरुवार को यहां वॉटर प्यूरिफायर भी लगा दिया गया है। जबकि कंबलों का नया स्टॉक भी मिल गया है।

यहां मौजूद गोमती बाई ने बताया कि रैन बसेरे में साफ सफाई तो अच्छी है। ठंड से बचाव के लिए कंबल भी दिए जाते हैं। पानी के लिए आज ही वॉटर प्यूरीफायर लगा दिया गया है। नहाने के लिए भी गर्म पानी दिया जा रहा है। दिन के समय यहां एक भी पुरुष नहीं मिला। रैन बसेरे की केयर टेकर सीमा शर्मा ने बताया कि यहां ठहरने वाले लोगों को बेड, पानी और मर्ग कपड़े दिए जा रहे हैं।

राजीव गांधी प्रौद्योगिक मिशन के नाम पर अलॉट है जमीन, चार करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

## चालीस एकड़ सरकारी जमीन पर बना दी कॉलोनी प्रशासनिक अमले ने ढहाए 40 मकानों के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर छावनी में गुरुवार को करीब 40 एकड़ सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया। जिला प्रशासन ने नगर निगम और पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई की।

इस दौरान लोग विरोध में उतर गए और अमले के सामने खड़े हो गए। इससे बिलखिरिया पुलिस ने मोर्चा संभाला। इसके बाद हंगामा शांत हुआ। यहां पर चालीस से अधिक निर्माणाधीन मकानों को तोड़ा गया है।

हालांकि जिन मकानों में परिवार रह रहे हैं, उन्हें कुछ समय की मोहलत दी गई है। हुजूर तहसीलदार दिलीप चौरसिया ने बताया कि यहां करीब 40 एकड़ जमीन राजीव गांधी प्रौद्योगिक मिशन के लिए आवंटित की गई है। यहां लंबे समय से कई लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा था। कई लोगों ने तो पक्के निर्माण भी कर लिए थे और बाउंड्रीवॉल भी बना ली थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई है। राजस्व अमला अब इस बात का पता लगा रहा है कि आखिर वह कौन लोग हैं, जो सरकारी जमीन पर कब्जा करा रहे हैं।

**खास बातें**

- आदमपुर छावनी में जिला प्रशासन और नगर निगम ने की पुलिस के साथ कार्रवाई
- कई लोगों ने कर लिए थे यहां पक्के निर्माण, रह रहे लोगों को दी गई कुछ समय की मोहलत

**सरकारी जमीन पर कब्जा कराने वालों की तलाश**




**महिलाओं ने बच्चों को किया आगे**

*कार्रवाई के दौरान लोगों ने विरोध भी जताया। महिलाओं ने छोटे बच्चों को आगे खड़ा कर दिया। ताकि, कार्रवाई रुक सके, लेकिन अफसरों की सख्ती के आगे उनकी एक नहीं चली। कुछ लोगों ने हंगामा और विवाद करने की कोशिश भी की। इसके चलते यहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया।*

### चार कॉलोनी और 15 पक्के निर्माण पर लगाए लाल निशान

**तीसरे दिन भी नापी कलियासोत नदी की हद**

लगातार तीसरे दिन कलियासोत नदी की हदों का सीमांकन कर काम हुआ। एडीएम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार को बावड़ियां, बिलखिरिया, ग्वारीघाट, नरेला हनुमन्त, सकरधा, दामखेड़ा, सनखेड़ी और बंजारी क्षेत्र में 33 मीटर के दायरे में आने वाले अतिक्रमण का सर्वे किया गया। इस दौरान 4 कॉलोनियां, 15 पक्के निर्माण, कुछ क्लब हाउस, जेके अस्पताल के पीछे के भाग की बाउंड्रीवॉल, खेती की जमीन और कुछ फ्लैट अतिक्रमण में आए हैं। सभी को चिन्हित कर उन्हें नगर निगम द्वारा नोटिस भेजने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इससे पहले मंगलवार और बुधवार को भी सर्वे का काम किया गया था। बुधवार को चंदनपुरा गांव में 13 शटर के पास करीब 210 करोड़ रुपए की जमीन से कब्जा हटाया गया था।





दोनों जगह खेल रहे थे बच्चे, तभी हो गया हादसा


## राजधानी में अलग-अलग इलाकों में सीढ़ियों से गिरे दो मासूम, मौत

- एक घटना बागसेवनिया के गायत्री विहार कॉलोनी की तो दूसरी काजीकैंप मकबरी वाली मस्जिद के पास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गायत्री विहार कॉलोनी में मकान के फर्स्ट फ्लोर की सीढ़ियों से गिरकर एक साल का मासूम घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

मूलतः सागर निवासी दीपक वाल्मीकि यहां गायत्री विहार में पटेरिया के मकान में रह रहे हैं। पटेरिया का मकान का अभी निर्माण हुआ है और पुताई बाकी है। दीपक यहां चौकीदारी भी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन साल की बच्ची है। गुरुवार सुबह दूसरी जगह काम पर गए थे। घर में पत्नी और बेटी समेत हर्ष था, जबकि छत पर चाचा राजू वाल्मीकि काम कर रहे थे। फर्स्ट फ्लोर पर हर्ष खेल रहा था और कुछ दूरी पर मां बर्तन साफ कर रही थी, तभी हर्ष खेलते-खेलते सीढ़ियों तक पहुंच गया और गिर गया। चीख सुनकर मां ने देवर राजू को बुलाया और हर्ष को लेकर एम्स पहुंची। एम्स में इलाज के दौरान दोपहर में हर्ष की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



मासूम हर्ष

**बच्ची के सिर में आई थी गंभीर चोट**

इधर, हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित मकबरी वाली मस्जिद के पास 4 साल की मासूम की संदिग्ध मौत हो गई। सीढ़ियों से गिरने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। दरअसल, 4 साल की अयात पिता नवाज खान काजीकैंप में रहती थी। उसके पिता नवाज खान प्राइवेट काम करते हैं। नवाज ने पुलिस को बताया कल बुधवार शाम अयात घर के सामने खेल रही थी। वह खेलते खेलते सीढ़ियों तक पहुंच गई। सीढ़ियों से गिरने पर उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसकी चीख सुनकर परिजन नीचे पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। सिर में गंभीर चोट होने पर कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वार्ड 41 में भाजपा-कांग्रेस ने घोषित नहीं किए उम्मीदवार

## पार्षद के लिए सगीर के पुत्र सहित नौ ने भरा नामांकन, 5 को होना है मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के वार्ड -41 में पार्षद पद के लिए अब तक 9 नामांकन भरे गए हैं। गुरुवार को पूर्व पार्षद मोहम्मद सगीर के पुत्र माज सगीर ने भी नॉमिनेशन भरा। हालांकि अब तक भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। पांच जनवरी को मतदान होगा। यह सीट मौजूदा परिषद के सबसे सीनियर पार्षद मोहम्मद सगीर के निधन से 25 जुलाई से ही खाली है।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम रवीश श्रीवास्तव व तहसीलदार अशोक सिंह ने नामांकन लिए। दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल किए गए। माज सगीर समर्थकों के साथ नामांकन भरने पहुंचे।



मोहम्मद सगीर के निधन के बाद अब कांग्रेस के 21 पार्षद बाकी रह गए हैं, इसलिए कांग्रेस इस सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जोर लगा रही है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 दिसंबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। जिनकी जांच 23 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से होगी।

**पांचवीं बार चुनाव जीते थे सगीर**

पिछले साल 2022 में हुए निगम के चुनाव में मो. सगीर वार्ड नंबर 41 से पार्षद चुने गए थे। यह उनका पांचवां कार्यकाल था। उन्होंने 2,808 वोटों से जीत हासिल की थी। मो. सगीर को 6,029 वोट मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय अहमद खान को 3 हजार 221 वोट मिले थे।


करोंद इलाके की 12 दुकानों पर कार्रवाई

## अमला देख खुले में मीट बेचने वाले विक्रेता ने गिरा दिया शटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खुले में मीट बेचने पर गुरुवार को भी कार्रवाई हुई। करोंद इलाके की राजीव कॉलोनी में नगर निगम के अमले को देख दुकानदार शानू ने शटर गिरा दिया। इसके बाद सख्ती बरतते हुए निगम ने कार्रवाई की। करीब 12 दुकानों पर कार्रवाई की गई। इस क्षेत्र में करीब आधा दर्जन मीट की दुकानें हैं।

अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान के नेतृत्व में करोंद, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, देवकी नगर समेत कई इलाकों में एक्शन हुआ। इस दौरान हंगामे या विवाद की स्थिति नहीं बने, इसलिए निशातपुरा थाना पुलिस भी



मौजूद रही। न्यू जेल रोड स्थित मोटी पुलिया के पास भी कार्रवाई हुई। यह दुकानदार ने पक्का स्ट्रक्चर बना लिया था। जिसे तोड़ा गया। नगर निगम का अमला पूरे शहर में कार्रवाई करने उतरा। कोलार रोड, होशंगाबाद रोड, अयोध्या बायपास, खजूरी, गांधीनगर, रायसेन रोड, आनंद नगर, पटेल नगर, जिंसी, जहांगीराबाद समेत कई जगहों पर यह कार्रवाई हुई।

**बादलों का डेरा...**



**भोपाल।** राजधानी में बुधवार को आसमान में बादल छाये रहे, जिससे पिछले दो दिन से पड़ रही तेज सर्दी से राहत मिली। वहीं पारा ने भी खासी बढ़त ले ली। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही और बढ़ने के संकेत दिए हैं। वहीं बादलों के छाये रहने से तापमान और भी बढ़ सकता है। चित्र : छोटी झील के ब्रिज पर रानी कमलापति की प्रतिमा के पास का।

कोरोना की दस्तक को देखते हुए भोपाल में तैयारियां पूरी

अच्छी खबर यह कि अभी तक भोपाल में नहीं है कोई कोरोना का मरीज

## देश व प्रदेश में बढ़ते कोरोना मामलों के बाद भोपाल में आरटीपीसीआर जांच शुरू, जयप्रकाश अस्पताल में दिनभर में एक व्यक्ति ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश व प्रदेश में बढते कोरोना के केस के बाद इससे निपटने को लेकर राजधानी भोपाल में तैयारियां पूरी कर ली गई है। तो वहीं आरटीपीसीआर जांच भी शुरू हो गई है। गुरुवार को एक व्यक्ति ने जांच कराई है। जिसकी करीब दो दिन बाद रिपोर्ट आएगी।

अच्छी खबर यह है कि अभी तक भोपाल में कोई भी कोरोना संदिग्ध मरीज नहीं मिला है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में मरीजों के मिलने की सूचना है।



**विभाग पूरी तरह अलर्ट**

कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है,इससे निपटने के लिए तैयारी पूरी कर लगी गई है। तो वहीं अस्पतालों में आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। अभी तक भोपाल में कोई भी कोरोना संदिग्ध मरीज नहीं मिला है।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ, भोपाल

**रेलवे बोर्ड ने प्रशासन से समन्वय व गाइडलाइन का पालन करने के दिए निर्देश**

देश व प्रदेश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बाद रेलवे भी सर्तक हो गया। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के जीएम को आदेश जारी करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर गाइड लाइन का पालन किया जाए। सभी जोन के जीएम स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी की गई,गाइड लाइन का पालन करे। साथ ही रेलवे कर्मचारियों को मास्क का पालन करने के लिए कहा है।

**जरूरत होने पर स्टेशन पर होगी कोरोना की जांच**

*रेलवे बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से समन्वय किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन के तहत अगर जरूरत हो तो स्टेशन यात्रियों की कोरोना जांच की जाए। इसके के अलावा सभी जोन कार्यालय कोरोना वायरस को लेकर आवश्यकता अनुसार तैयारी करने के लिए कहा है। हालाकि अभी ट्रेनों में यात्रियों द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंस को लेकर कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए है।*

कोविड मरीजों के लिए इलाज के लिए राजधानी में 1690 आईसीयू बेड, ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ 3502 बेड है। 2060 स्टॉफ वेंटिलेटर के लिए ट्रेंड किए गए । इसमें से 1812 को कोविड की ट्रेनिंग दी गई है। इतना ही नहीं 40 में से 38 ऑक्सीजन प्लांट की जांच की गई,जो चालू हालत में हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि कोरोना के अलावा स्वाइन फ्लू, डेंग, चिकनगुनिया, जीका, कालरा, मीजल्स आदि को लेकर भी विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। मरीजों की गंभीरता से जांच की जा रही है।

डीईओ ने भी जारी किए दिशा-निर्देश

## सांता क्लॉज बनाने से पहले लेनी होगी पेरेंट्स की अनुमति

- संस्कृति बचाओ मंच ने अपना रुख साफ करते हुए कहा- स्कूल बच्चों को जबरदस्ती न बनाएं सांता क्लॉज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के स्कूलों में बच्चों को सांता क्लॉज बनाने को लेकर गुरुवार को संस्कृति बचाओ मंच ने अपना रुख साफ करते हुए कहा कि इसके लिए स्कूल प्रबंधन को पहले अभिभावकों से अनुमति लेना होगी।

मंच के पदाधिकारी एक स्कूल में पहुंचे और मैनेजमेंट को चेतावनी दी कि वह बच्चों को जबर्दस्ती सांता क्लॉज न बनाएं। पेरेंट्स की बिना अनुमति सांता क्लॉज बनाया तो प्रशासन से शिकायत करेंगे। मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन को कहा है कि वे पेरेंट्स से अनुमति लेकर ही क्रिसमस पर बच्चों को सांता क्लॉज बनाएं। इस मामले में इससे पहले प्रदेश के एक जिला शिक्षा अधिकारी ने भी इस संबंध में ऐसे ही निर्देश जारी कर निजी स्कूल संचालकों को आदेश जारी किया है।

# पेज एक का शेष

## पहले ग्रेनेड फेंके...

हैं। जवानों ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए मोर्चा संभाल लिया। हमले की सूचना पुलिस और सेना के अधिकारियों को भी दी गई। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल पहुंच गया है। आसपास के इलाके को घेर लिया गया है। आतंकियों ने पहले ग्रेनेड फेंका और फिर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी आतंकियों को उनके हमले का जवाब दिया। उधर, रक्षा पीआरओ ने कहा कि बुधवार को इलाके में ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। गुरुवार शाम शाम करीब 3.45 बजे आतंकियों के साथ गोलीबारी शुरू हुई। मुठभेड़ जारी है। पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने घात लगाकर किए गए हमले की जिम्मेदारी ली है।
गौर हो कि इससे पहले बुधवार-मंगलवार की रात को पुंछ जिले के सुरनकोट तहसील में सशस्त्र पुलिस की छठी वाहनी के परिसर में संदिग्ध धमाका हुआ। इसमें कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बुधवार देर रात तक कोई महत्वपूर्ण सुराग नहीं मिला।

**2002 से 2004 की यादें ताजा हुईं:** सुरनकोट तहसील में हो रहे धमाके जिले में वर्ष 2002 से 2004 के दौर की याद दिला रहे हैं। उस समय जिला मुख्यालय पुंछ नगर में हर एक व डेढ़ हफ्ते में ग्रेनेड फेंकने की घटनाएं होती थीं।

## बिजावर की रात...

रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। प्रदेशभर में तापमान में मामूली बढ़त के बावजूद सर्दी के तेवर अभी कम नहीं हुए हैं। ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान में औसतन एक डिग्री तक बढ़त रही, जिससे औसत पारा 25 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। छतरपुर के बिजावर की रात सबसे सर्द रही। ग्वालियर में भी रात के समय तेज सर्दी का अहसास रहा। दिन और रात के पारे में करीब एक-एक डिग्री की बढ़त के बाद ग्वालियर में न्यूनतम पारा 6.5 डिग्री और दिन का तापमान 22.6 डिग्री रहा। छतरपुर के बिजावर में रात का पारा प्रदेश में सबसे कम 6.3 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी भोपाल सहित प्रदेशभर के तापमान में मामूली बढ़त होगी। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और ईरान के आसपास सक्रिय है। यह हिमालय इलाके में सक्रिय होते ही इसके असर से प्रदेशभर के तापमान में बदलाव होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 22 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में रात के तापमान में वृद्धि होगी।

**रात का पारा अब नॉर्मल से अधिक:** गुरुवार को तापमान में बढ़त के बाद करीब एक दर्जन जिलों में न्यूनतम तापमान अब सामान्य से औसतन 1.4 डिग्री अधिक हो गया है। लेकिन सर्दी में ज्यादा कमी महसूस नहीं की जा रही है, जिन जिलों में तापमान 7 से 9 डिग्री के बीच था, वहां कुछ राहत महसूस की गई। गुरुवार को भी 10 जिलों को छोड़कर शेष में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे रहा है। धार में 10 डिग्री की बढ़त के साथ खंडवा, खरगोन और सागर में करीब 3, 3 डिग्री की बढ़त रही। छह जिलों को छोड़कर शेष जिलों में एक से आधा डिग्री तक बढ़ा। भोपाल में आधा डिग्री बढ़कर 25. 8 डिग्री रहा। भोपाल सहित सभी जिलों में बुधवार की अपेक्षा गुरुवार को 10 फीसदी तक नमी में बढ़त रही। सुबह के समय औसतन 70 प्रतिशत और शाम को 55 फीसदी तक पहुंच गई।

## 'लाड़ली बहना' समेत...

का पालन कराने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीर्थ दर्शन योजना के तहत प्रदेश के पात्र लोगों को अयोध्या समेत अन्य तीर्थ स्थानों की यात्राएं कराएंगे। ट्रेन, बस जिससे भी जिसे जाना होगा। सरकार उन्हें यात्रा कराएगी। विधानसभा में मुख्यमंत्री यादव के जवाब के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि नवगठित 16 वीं विधानसभा का प्रथम सत्र में कुल 4 बैठकें हुई। इसमें सदस्यों के शपथ के बाद अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। उन्होंने कहा कि यह चूंकि मेरा प्रथम सत्र था, जिसमें मैंने सभी की अपेक्षा के अनुरूप सदन के संचालन का प्रयास किया। सभी को अपनी बात रखने का अवसर दिया। अगले सत्र में हम पुनः समवेत होंगे। इसके बाद उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## 52 जिलों में 52

लॉकर की की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसी को पटवारियों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। नामांतरण अपने आप होगा। यह व्यवस्था एक जनवरी से शुरू हो रही है।

## मिल मजदूर के परिवार...

बनाते हैं। कांग्रेस के पास इसका अभाव है, ये सर्वथा इस मामले में केवल एक धनी परिवार को ही मौका देते हैं, वो भी जिनके कपड़े भी प्रेस करने के लिए लंदन जाते हैं। उस परिवार के लोग गरीबों की क्या बात करेंगे, क्या समझेंगे?

## मंत्रिमंडल विस्तार के...

क्राइटेरिया तय किया गया है। इसी आधार पर विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा। नेतृत्व की मुहर लगने के बाद नए मंत्रियों को शपथ दलाई जाएगी। शपथ ग्रहण कल के बाद कभी भी हो सकता है।

## जो सदस्य लगातार जीते...

जाएगी। इसकी वजह यह भी है कि इस बार पार्टी को उम्मीद से भी ज्यादा सीटें मिली हैं। इसलिए पहले से जीत रहे विधायकों के नामों पर ही विचार होगा। मंत्रिमंडल के गठन में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने पर जरूर जोर दिया जाएगा।

## संजीव और नीलम...

श्रीनिवास राव ने बताया कि यह पुरस्कार मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाओं में दिया जाएगा। इसमें नौ कविता संग्रह, छह उपन्यास, पांच कहानी संग्रह, तीन निबंध और एक आलोचना की पुस्तक शामिल है। साथ ही, उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार 12 मार्च, 2024 को साहित्य अकादमी के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर दिए जाएंगे।

**ये हैं विजेताओं के नाम...कविता के लिए पुरस्कृत लेखक:** विजय वर्मा (डोगरी), विनोद जोशी (गुजराती), मंशूर बनिहाली (कश्मीरी), सोरोख्खैबम गंभिनी (मणिपुरी), आशुतोष परिडा (ओड़िया), स्वर्णजीत सवी (पंजाबी), गजेसिंह राजपुरोहित (राजस्थानी), अरुण रंजन मिश्र (संस्कृत), विनोद आसुदानी (सिंधी)।

**उपन्यास के लिए पुरस्कृत लेखक:** स्वपनमय चक्रबर्ती (बांग्ला), कृष्णात खोत (मराठी), राजशेखरन (देवीभारती)।

**इसी क्रम में पुरस्कृत कहानी-संग्रह के लेखक:** प्रणव ज्योति डेका (असमिया), नंदेश्वर दैमारि (बोडो), प्रकाश एस पर्येकार (कोंकणी), तारासीन बासकी (तुरिया चंद बासकी) (संताली), टी पतंजलि शास्त्री (तेलुगु)।

**निबंध के लिए पुरस्कृत लेखक:** लक्ष्मीशा तोल्पडि (कन्नड़), बासुकीनाथ झा (मैथिली), युद्धवीर राणा (नेपाली)। आलोचना के लिए मलयालम लेखक ईवी रामकृष्णन पुरुस्कृत होंगे।

## 300 मरीज केरल...

हालांकि इन मामलों में दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और उत्तराखंड के मामले शामिल नहीं हैं। इसके साथ ही पिछले 24 घंटे में 6 लोगों की कोरोना से मौत भी हुई है। वहीं 230 मरीज कोरोना से ठीक भी हुए हैं।

**देश में अभी 2669 मरीज कोरोना से पीड़ित:** स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में अभी 2669 मरीज कोरोना से पीड़ित हैं। इनमें 91- 92% लोग घरों में ही इलाज करवा रहे हैं। नए वैरिएंट वाले मरीजों में वायरस के लक्षण काफी हल्के हैं। हालांकि, घबराने वाली कोई बात नहीं है। वहीं डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि मौजूदा वैक्सीन इस नए वैरिएंट पर कारगर है लेकिन सावधानी बरतने की जरुरत है। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि लोग भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें और बंद या दूषित हवा वाले इलाकों में मास्क भी पहनें। इसी बीच कई राज्यों और शहरों में लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही कहा गया है कि लोग भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। इसके साथ ही अस्पताल जाने वाले लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने को कहा गया है। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को अपने यहां अतिरिक्त चेतावनी बरतने की सलाह दी है। सरकार ने कहा है कि जिलों में कोरोना के टेस्ट बढ़ाए जाएं। इसके साथ ही अस्पतालों को भी अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

## बृजभूषण के करीबी...

अध्यक्ष बना है, हमें पता था वही बनेगा। वह बृजभूषण के लिए बेटे से भी प्यारा है। जो अब तक परदे के पीछे से होता था अब खुले आम होगा, हम अपनी लड़ाई में कामयाब नहीं हो पाए। हमने हर किसी को अपनी बात बताई है। पूरे देश को पता होते हुए भी सही इंसान नहीं बना। मैं अपने आने वाली पीढ़ियों को कहना चाहती हूं कि शोषण के लिए तैयार रहिए। वे जूते टेबल पर ही रखकर प्रेस कॉन्फ्रेंस से चली गईं। नए अध्यक्ष के चुने जाने पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- दबदबा है और दबदबा रहेगा।

## संजय सिंह नए अध्यक्ष...

*लेंगे। मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले संजय सिंह को बृजभूषण का करीबी माना जाता है। दोनों करीबी दोस्त हैं। संजय सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी अनीता श्योराण को मात देते हुए भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने में कामयाब रहे। वे 2008 से कुश्ती से जुड़े हैं। 2009 में बृजभूषण जब यूपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने थे तब संजय वहां उपाध्यक्ष थे। बृजभूषण के बेटे प्रतीक और दामाद विशाल चुनाव रेस से दूर रहे। हालांकि वे अपने खास सहयोगी संजय सिंह को चुनाव लड़ाकर जीत दिलाने में सफल रहे।*

## मंत्री और उनकी...

रिकॉर्ड पेश किया और तर्क दिया कि मामला बहुत पुराना है और अब वो 73 साल के हो गए हैं। उनकी पत्नी 60 साल की हैं। कपल ने न्यूनतम सजा का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया और मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर और उनकी पत्नी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मद्रास हाई कोर्ट द्वारा सजा को 30 दिनों के लिए निलंबित किया गया है, जिससे दोषियों को ऊपरी अदालत में अपील करने की अनुमति मिल गई है।

**2002 में दर्ज किया था केस:** पोनमुडी और उनकी पत्नी के खिलाफ सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने साल 2002 में मामला दर्ज किया था। तब तत्कालीन अन्नाद्रमुक सरकार 1996-2001 तक सत्ता में थी। आरोप लगाया गया था कि आय के ज्ञात स्त्रोतों से अलग दोनों की आय 1.4 करोड़ रुपए है। जांच में डीवीएसी ने दावा किया कि पोनमुडी ने 1996-2001 तक राज्य सरकार में मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अवैध संपत्ति अर्जित की है।

हाईकोर्ट ने इस मामले में मंत्री और उनकी पत्नी को पहले ही दोषी ठहराया था और गुरुवार को सजा सुनाई। मंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एनआर एलांगो ने अदालत से उन्हें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर करने में सक्षम बनाने के लिए छुट्टी देने और सजा को निलंबित करने की अपील की। जज ने 30 दिन की छुट्टी दे दी और सजा भी 30 दिन के लिए निलंबित कर दी। जज ने कहा, निलंबन की अवधि पूरी होने पर उन्हें विल्लुपुरम में ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। कानूनी विशेषज्ञों ने कहा, पोनमुडी जेल की सजा के बाद विधायक पद से अयोग्य हो गए हैं और उन्होंने मंत्री पद भी खो दिया है।

## कैबिनेट मंत्री अमन...

दल के नेता राजेंद्र द्वीपा ने कहा भले ही फैसला देरी से आया लेकिन सही आया वह इसका स्वागत करते हैं।

## भारत में मुसलमान...

अल्पसंख्यक के प्रति भेदभाव की कोई भावना नहीं है। इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी से भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के भविष्य के बारे में पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने पारसियों की आर्थिक सफलता की ओर इशारा किया। वर्ष 2023 के सरकारी अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, जो पूरी आबादी का 14.28% है।

## स्वतंत्रता का उपयोग...

द्वारा अपने आलोचकों पर कथित कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक पूरा ईकोसिस्टम है जो हमारे देश में उपलब्ध स्वतंत्रता का उपयोग संपादकीय, टीवी चैनल, सोशल मीडिया, वीडियो, ट्वीट आदि के माध्यम से हम पर इन आरोपों को उछालने के लिए कर रहा है। उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। लेकिन दूसरों को तथ्यों के साथ जवाब देने का समान अधिकार है।

# मप्र उच्च न्यायालय में एकीकृत वीडियो निगरानी प्रणाली शुरू

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मलिमथ ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि मलिमथ ने गुरूवार को मप्र हाई कोर्ट में आम नागरिकों की सहूलियत के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी व्यवस्थाओं का शुभारंभ किया। उच्च न्यायालय जबलपुर में वीडियो निगरानी प्रणाली और कोर्ट रूम लाइव ऑडियो विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम-क्लास परियोजनाएं शुरू हो गई हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय, जबलपुर के अधिकारी उपस्थित थे। यह देश में पहली बार है, जब किसी राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा राज्य में सभी जिला और तहसील अदालतों के लिए कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था की गई है।

सुरक्षित अदालत परिसरों की ओर बढ़ते हुए हाईकोर्ट ने एकीकृत वीडियो निगरानी प्रणाली (आईवीएसएस) और कोर्ट रूम लाइव ऑडियो विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम (क्लास) शुरू की है। यह अपने आप में देश की एक अग्रणी परियोजना है, जो पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों को अपनाती है। मप्र उच्च न्यायालय ने अन्य अदालतों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह भारतीय न्यायिक प्रणाली के इतिहास में एक अग्रणी तकनीकी परियोजना है, जो हाई कोर्ट की ओर से प्रशासित अदालत परिसर को सुरक्षित और पारदर्शी बनाएगी। यह न्यायमूर्ति रवि मलिमथ की प्रगतिशील दृष्टि और सक्षम नेतृत्व के चलते संभव हुआ है। अदालत परिसर संबंधित पक्षों न्यायाधीशों, वकीलों, अदालत के कर्मचारियों, पुलिस जैसी सुरक्षा एजेंसियों और बड़े पैमाने पर जनता के लिए सुरक्षित होनी चाहिए।

### कोर्ट रूम लाइव ऑडियो विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम प्रारंभ

एकीकृत वीडियो प्रबंधन प्रणाली, कोर्ट रूम ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग सिस्टम, संग्रह और लाइव के साथ-साथ ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग सेट-अप, जबलपुर में डेटा सेंटर एवं कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना, इंदौर में



डिजास्टर रिकवरी सेट-अप, सुविधा प्रबंधन सेवाएं और संचालन एवं रखरखाव, वर्ष की अवधि के लिए प्रणाली. परियोजना की कुल लागत 189.25 करोड़ रुपए होगी। अदालत कक्ष की कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए वीडियो निगरानी कैमरों का उपयोग प्रत्येक अदालत परिसर और प्रत्येक अदालत कक्ष के भीतर वीडियो निगरानी प्रणाली, आंगन (पार्किंग स्थानों), भवन प्रवेश बिंदुओं, अदालत कक्ष प्रवेश द्वार, अदालत कक्ष, मार्ग और अन्य सार्वजनिक सभा की 24x7 निगरानी उन्नत मेगापिक्सेल आईपी कैमरों के उपयोग उच्च न्यायालय में वर्तमान में उपयोग में आने वाले आईवीएसएस, क्लास और केस ट्रैकिंग और प्रबंधन प्रणाली का एकीकरण किया गया है। अलार्म मॉनिटरिंग, ऑन-डिमांड वीडियो मॉनिटरिंग और ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग अभिलेख के साथ-साथ आपदा रिकवरी सेट-अप के लिए जबलपुर में एक अत्याधुनिक कमांड और कंट्रोल सेंटर और डेटा सेंटर के साथ-साथ इंदौर में स्थानीय और जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं। स्थानीय, दूरस्थ सुरक्षा कैमरों की निगरानी की जाएगी। न्यायाधीशों के कक्षों और डेटा केंद्रों के लिए बायोमेट्रिक (चेहरे) पहुंच नियंत्रण, आगंतुकों की स्क्रीनिंग के लिए डोर फ्रेम और हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टरों का उपयोग प्रमुख हैं। अदालती कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग से पूरी पारदर्शिता आएगी।

**MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011,Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No.: 3692/GM/MPBDC/CW/23/NIT-47 Bhopal, Dated : 21.12.2023

**NOTICE INVINTING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works in various Districts of Madhya Pradesh :-
1. Construction of CM RISE School at Budhni, Distt.- Sehore-01 Work- **Rs. 2971.39 Lakhs**
2. Construction of Proposed Media Center at Bhopal-01 Work- **Rs. 2284.13 Lakhs**

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from **29.12.2023 at 18:00 hrs. to 23.01.2024 at 15:30 hrs.** from website **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/112913/2023 **MANAGING DIRECTOR**

**पश्चिम मध्य रेल**
ई–निविदा सूचना
खुली निविदा क्रमांक:WCR-CRWS-EDDY-LHB-23-35
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** सरफेस डिफेक्ट डिटेक्शन बाई एडी करेंट एरे(ईसीए) टेक्नीक ऑन एलएचबी व्हील सेट्स। **कार्य की लागत:** रू. 1,42,11,366.00, **निविदा फॉर्म का मूल्य:** रू. 0.00, **धरोहर राशि:** रू. 2,21,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 19.12.2023/02.01.2024 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय:** 02.01.2024 16.00 बजे, निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट "www.ireps.gov.in" एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका / भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
मुख्य कारखाना प्रबंधक/सडिपुका/ निशातपुरा, पमरे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग, जबलपुर मण्डल
क्र. जबल/सी/170/ई–ऑक्शन/23 दिनांक: 18.12.2023
वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओं से ई–ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआरलीजिंग ठेके हेतु बोलियों आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई–ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी :** पार्सल लीजिंग, **कैटेलाग:** JBP-C-Parcel-33, **एसेट विवरण:** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12194, 11265, 12160, 05705, 11651, 18248, 11754, 22938, 11703, 11756, 22190, 22192, 12186, 22174, 12427, 05703, 22188, 22162, 12062, 20906, 11464, 11705, 11706, 12192, 12181, 11751, 19014 के एसएलआर लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभ:** 29–12–2023 10:00 hrs, **ऑक्शन समापन:** 29–12–2023 16:10 hrs, **कैटेलाग:** JBP-C-Parlcel-33, **एसेट विवरण:** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12187–12188 के पार्सल यान लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभ:** 29–12–2023 10:00 hrs, ऑक्शन समापन: 29–12–2023 16:10 hrs. **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई–ऑक्शन से सम्बधित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखे। **2.** उक्त ई–ऑक्शन आई.ई.पी.एस.(IREPS) के ई–ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई–ऑक्शन सम्बधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई–ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि ई–ऑक्शन से सम्बधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पश्चिम मध्य रेल/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




## राशिफल

**मेष:** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ:** फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ सकता है।

**मीन:** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारागर इलाज



सफेद दाग CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यकता**
!!नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम / फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाएं (जरूरमंद लोग ही Whatsapp / कॉल करें) NOC-2150/-
+91 85830 47417
B- 22/12 to 26/12/23

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RAMESH CHAND था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर RAMESH CHAND ROHIRA हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम RAMESH CHAND ROHIRA से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : WARD NO. 21, LADDHARAM GURDWARA BABA THAKUR ROAD, DABRA (M.P.) - 475110

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5371

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | 6 | | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | | 11 | 12 | | 13 | 14 | | |
| | 15 | | 16 | | 17 | 18 | | 19 | 20 | |
| 21 | | 22 | | 23 | | 24 | 25 | | 26 | 27 |
| 28 | 29 | | 30 | | 31 | | 32 | 33 | | |
| | 34 | 35 | | 36 | | 37 | | 38 | 39 | |
| 40 | | 41 | 42 | | 43 | | 44 | | 45 | 46 |
| 47 | 48 | | 49 | 50 | | 51 | | 52 | | |
| | 53 | 54 | | 55 | 56 | | 57 | | 58 | |
| 59 | | 60 | 61 | | 62 | 63 | | 64 | | 65 |
| 66 | | | 67 | | | 68 | | | 69 | |

**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा-2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5370 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5381

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

**सूडोकु नवताल - 5380 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## खबर संक्षेप

### ब्लूडार्ट ने किया 'मेरी एक्सप्रेस' ऑफर का ऐलान

**मुंबई।** ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने मेरी एक्सप्रेस ऑफर का ऐलान किया है। यह ऑफर केवल 15




जनवरी, 2024 तक वैध है। सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्थानों के लिए मेरी एक्सप्रेस गिफ्ट शिपमेंट्स पर एक डिस्काउंटेड दर प्रदान की जा रही है, जिससे ग्राहकों को उनकी सभी लॉजिस्टिक्स आवश्यकताओं के लिए व्यापक समाधान मिलता है। पूरे भारत में 2-10 किलोग्राम के बीच घरेलू शिपमेंट पर 40 फीसदी की छूट दी जा रही है।

### समीरा एग्रो एंड इंफ्रा का आईपीओ खुला

**नई दिल्ली।** समीरा एग्रो एंड इंफ्रा लिमिटेड जो इनोवेशन और ग्रोथ




का पर्याय है इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ ) के माध्यम से अपनी ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय शुरू करने की घोषणा की। पब्लिक मार्केट में कंपनी का आना न केवल एक फाइनेंशियल माइलस्टोन है, बल्कि इसके लचीलेपन, डाइवर्सफाइड बिज़नेस एप्रोच और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

### बिमटेक ने एआईएंडडीएस कोर्स शुरू किया

**नई दिल्ली।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस मैनेजमेंट में दो वर्षीय फुल टाइम पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा लांच किया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न डोमेन में प्रबंधन विषयों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस टेक्नोलॉजी का समावेशन देना, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उद्योग और शिक्षा जगत के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देना और मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के एक ऐसे समूह को तैयार करना है।

### कोर्ट ने पीपीएल इंडिया के पक्ष में फैसला सुनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा कॉपीराइट संरक्षण को बरकरार रखने के फैसले के साथ फोनोग्राफिक परफोर्मेंस लिमिटेड नए साल एवं क्रिसमस के जश्न के लिए तैयार है। त्योहारों का सीज़न आ रहा है, ऐसे में सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने संगठन के रूप में पीपीएल इंडिया हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायाल द्वारा कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ सुनाए गए फैसले के साथ जीत गई है।

**लोगों को हाईवे पर जाम से मुक्ति मिलेगी**

# अब हाईवे पर जीपीएस सैटेलाइट के जरिए होगा टोल कलेक्शन

*सरकार 1,000 किलोमीटर से कम लंबाई की राजमार्ग परियोजनाओं के लिए बनाओ-चलाओ और सौंप दो' (बीओटी) मॉडल पर 1.5-2 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं की बोली मंगाएगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में हाईवेज पर जल्द ही कोई टोल प्लाजा दिखाई नहीं देगा। इससे लोगों को हाईवे पर जाम से मुक्ति मिलेगी। सरकार अब जीपीएस बेस्ड टोल सिस्टम लाने जा रही है। इसकी जल्द ही शुरुआत हो जाएगी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजमार्ग टोल प्लाजा की मौजूदा व्यवस्था को बदलने के लिए सरकार अगले साल मार्च तक जीपीएस-आधारित टोल संग्रह प्रणाली सहित नई प्रौद्योगिकियां पेश करेगी। इस कदम का उद्देश्य राजमार्गों पर यातायात को कम करना और राजमार्गों पर यात्रा की गई सटीक दूरी के लिए वाहन चालकों से शुल्क वसूलना है।



#### सरकार कर रही तैयारी

गडकरी ने कहाकि सरकार देश में टोल प्लाजा व्यवस्था को बदलने के लिए जीपीएस-आधारित टोल सिस्टम सहित नई प्रौद्योगिकियां लाने पर विचार कर रही है। हम अगले साल मार्च तक देशभर में नए जीपीएस उपग्रह-आधारित टोल संग्रह शुरू कर देंगे।" गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वाहनों को रोके बिना स्वचालित टोल संग्रह को सक्षम बनाने के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली की दो प्रायोगिक परियोजनाएं भी चलाई है। वर्ष 2018-19 के दौरान टोल प्लाजा पर वाहनों को औसतन आठ मिनट का इंतजार करना पड़ता था। वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 में फास्टैग व्यवस्था लागू होने से यह समय घटकर महज 47 सेकंड हो चुका है।

#### प्रतीक्षा समय में हुआ सुधार

कुछ स्थानों पर खासकर शहरों के पास घनी आबादी वाले कस्बों में टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा के समय में काफी सुधार हुआ है, फिर भी अत्यधिक भीड़ के समय यह समय बढ़ जाता है। गडकरी ने कहा कि सरकार आम चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले 1,000 किलोमीटर से कम लंबाई की राजमार्ग परियोजनाओं के लिए बनाओ-चलाओ और सौंप दो' (बीओटी) मॉडल पर 1.5-2 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं की बोली मंगाएगी। आम चुनाव अप्रैल-मई 2024 में होने की संभावना है।

**बीसीसीआई अध्यक्ष ने लिखा अपर आयुक्त को पत्र**

# कहा- विभाग पहले पात्र व्यवसायियों को चिन्हित करे फिर उन्हें नोटिस भेजे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कर विभाग द्वारा सभी पंजीकृत व्यापारियों को जिनकी बिक्री 5 करोड़ से अधिक का टर्नओवर है पर ई-इनवॉइस जारी नहीं करने का जो सूचना पत्र जारी किया गया। जिसके कारण व्यापारियों में दहशत है, जबकि जिन व्यापारियों की पात्रता है एवं उनके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक-इनवॉइस नियमित जारी किए जा रहे हैं जो 1 अगस्त 2023 से लागू किया गया है उनको भी सूचना पत्र जारी किया गया है कि कर विभाग द्वारा ई-इनवॉइस जारी किए जा रहे हैं जो न्यायोचित नहीं हैं।

यह बात भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई)के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने कही। चेंबर अध्यक्ष पाली ने इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य कर विभाग आयुक्त से अनुरोध किया है विभाग पहले पात्र व्यवसायियों को चिन्हित करें



फिर उन्हें नोटिस भेजे। जिससे अनावश्यक व्यापारियों में गलत फहमी न फैले और वह परेशान नहीं हो। पाली ने बतायाकि व्यापारियों की उक्त समस्या के संदर्भ में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने विभाग को पत्र लिख चुका है और इसकी एक प्रतिलिपि राज्य कर अपर आयुक्त, राज्य कर जीएसटी विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल को भी भेजी है।

**मार्केट में चौतरफा अतिक्रमण, चंद व्यापारी सेंक रहे स्वार्थ की रोटी**

# मुख्यमंत्री से इंदौर की भांति अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

न्यूमार्केट के हनुमान मंदिर के सामने हो या मार्केट के अंदर जेब कट रही, मोबाइल चोरी हो रही है, महिलाओं के साथ छेड़खानी और उनका पर्स लूटा जा रहा है। यह सब हो रहा है मार्केट के अंदर और बाहर फैले चौतरफा अतिक्रमण की बदौलत। पूर्व में जिला कलेक्टर के निर्देश पर मार्केट में नो व्हीकल जोन और नो हॉकर्स जोन बनाने का अभियान चलाया गया था।

मार्केट नो व्हीकल जोन तो बना, लेकिन नो हॉकर्स जोन आज तक नहीं बन पाया। यह कहना है कि न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ के सह सचिव शशांक जैन (लीडर) ने कही। शशांक के अनुसार मार्केट में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर मध्यप्रदेश के मुखिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाते हुए मांग की है कि मार्केट ही नहीं पूरे भोपाल में इंदौर की तर्ज पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कराई जाए। शशांक ने कहा कि मार्केट के जो हालात आज निर्मित है मार्केट के इतिहास में अभी तक हुए। मार्केट में चंद व्यापारी अपने वर्चस्व के लिए दुकानदारों में आपसी मतभेद उत्पन्न कर रहे हैं और अपने स्वार्थ की रोटी सेंकने पर जुटे हुए।

*दुकानदारों के अलावा करीब 900 से अधिक हॉकर्स मार्केट में हैं,जो किराएदारी के तौर पर 400 से 500 रुपए प्रति दिन देते हैं।*



शशांक जैन (लीडर) — प्रमोद पोलघंटवार

#### मार्केट मौजूदा समय में बदहाल

महासंघ के सह सचिव शशांक ने कहाकि हनुमान मंदिर हो या एसबीआई के पास गणेश चौक या फिर अन्य प्रमुख द्वार चारों तरफ हॉकर्स और वेंडरों की धमाचौकड़ी है। जिसकी शिकायत महासंघ द्वारा कई बार निगम प्रशासन के अधिकारियों से की गई। लेकिन निगम के अधिकारी भी मुंह देखा देखी अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई की खानापूर्ति करते हैं। मौजूदा समय दुकानदारों के अलावा करीब 900 से अधिक हॉकर्स मार्केट में है। जो संरक्षण, अतिक्रमण और किराएदारी के तौर पर 400 से 500 रुपए प्रति दिन देते है। इतना ही मार्केट में अधिकांश दुकान मालिकों ने अपनी दुकानें किराए पर दे रखी है। लेकिन इन किराएदार दुकानदार दुकान के सामने की जगह को प्रति दिन के किराए पर दे रखें। मार्केट मौजूदा समय में बदहाल है।

#### अतिक्रमणकारियों से पैसा निगम में नीचे से ऊपर तक पहुंचता है : प्रमोद

राजधानी का बड़ा पॉश मार्केट न्यूमार्केट में पैदल चलना मुश्किल हो गया है, लोग एक दूसरे को टक्कर मारते हुए चलते हैं। वजह यहां दुकानों का अतिक्रमण होना है जिस कारण चौड़ी सड़के सकरी गलियों में तब्दील है। मार्केट में अंदर-बाहर सब जगह अतिक्रमण है। अंदर व्यापारी और वेंडरों ने अतिक्रमण कर रखा है मार्केट के बाहर हॉकर्स और वेंडरों की धमा-चौकड़ी मची हुई है। यह सब किसी एक की बदौलत नहीं, बल्कि नीचे से लेकर ऊपर तक के लोगों की मिलीभगत का नतीजा है। अतिक्रमणकारी पैसा देते हैं, जो नगर निगम के निचले अमले से लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचता है। यह बात क्षेत्रीय रहवासी और भाजपा मंडल पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद पोलघंटवार ने कही। प्रमोद ने कहा कि नगर प्रशासन के अमले का ध्यान मार्केट में फैली अव्यवस्थाओं की ओर नहीं है बल्कि ध्यान है उन्हें किस प्रकार से आर्थिक लाभ हो। अतः यह कहना गलत नहीं होगा कि नगर निगम अमले और अधिकारियों की मिलीभगत की बदौलत ही मार्केट में चौतरफा अतिक्रमण है।

# एमएसएमई सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिकाः आचार्य बालकृष्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

ग्रामीण एवं एमएसएमई के विकास में पतंजलि द्वारा किए जाने वाले योगदान एवं सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के संदर्भ में आचार्य बालकृष्ण ने नई दिल्ली में कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार नारायण तातू राणे व राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मंत्री राणे ने स्वामी के नेतृत्व में पतंजलि द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए पतंजलि के द्वारा और बड़ी भूमिका का निर्वहन करने की आवश्यकता है। पतंजलि देश के विकास के लिए एवं गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है।

#### रोजगार सृजित कर समृद्धि के द्वार खोले

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि पतंजलि की सेवाओं का विस्तार उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ों से लेकर उत्तर पूर्व के गांवों तक फैला है। हमने दुर्गम व पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित कर समृद्धि के द्वार खोले हैं तथा गांवों से पलायन रोका है। आचार्य ने कहा कि देश के विकास की राह गांव से होकर ही गुजरती है, अतः हमें अपने गांवों को समृद्ध करना होगा।

### ग्रीनसेल मोबिलिटी ने किया बिजली खरीदी समझौता

**भोपाल।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेक्टर की अग्रणी कंपनी ग्रीनसेल मोबिलिटी ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की है। अपनी सहायक कंपनी ग्रीनसेल एक्सप्रेस के माध्यम से कंपनी ने एक महत्वपूर्ण बिजली खरीद समझौता (पावर परचेज एग्रीमेंट) किया है। इसके तहत, कंपनी ने 1 मेगावाट के पवन सौर हाइब्रिड कैप्टिव पावर प्लांट (सालाना 4.6 मिलियन यूनिट की उत्पादन क्षमता) में महत्वपूर्ण इक्विटी निवेश किया है। यह संयंत्र मध्य प्रदेश के रतलाम में स्थित है। ग्रीनसेल एक्सप्रेस, न्यूगो ब्रांड के तहत इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करती है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 2566/अ-6/2023-24

-: उद्घोषणा पत्र :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रमेश कुमार रायकवार आ. गोपीलाल रायकवार व अन्य निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बावडिया कलां प.ह.नं.- 18 स्थित भूमि खसरा नंबर 499/81/1/1/1, 499/81/2/2, 499/81/2/1/2 का भाग भूखण्ड क्र. 33 क्षेत्रफल-100.50 वर्गमीटर का फौती नामांतरण के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 29/12/2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/12/2023 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार-भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक / /

-: इश्तहार :-

आवेदकगण 1- अमित कोकस 2- रोहित कोकस 3- अविना पत्नि श्री राघवेन्द्र शर्मा 4- स्मिता पत्नि श्री मनीश कुमार निवासीगण द्वारा ई-3/122 भोपाल द्वारा ग्राम शाहपुरा स्थित ई-3/122 अरेरा कॉलोनी भोपाल का जिसका क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट का फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने के दिनांक 27.12.2023 मे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला-भोपाल**

## बिजनेस न्यूज

### ओरिएंटल इंस्टीट्यूट में हुआ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 का ग्रैंड फिनाले




**भोपाल।** ओरिएंटल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल में दो दिवसीय, शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा प्रायोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को उनके कोडिंग कौशल का प्रयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं पर काम करने और एनालिटिकल सोच के लिए प्रोत्साहित किया गया। जैसे कि एआई, मशीन लर्निंग, वेब डेवलपमेंट इत्यादि में रुचि लेने का अवसर दिया। साथ ही इसमें कोडिंग चुनौतियों, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने का अवसर भी था और इस आयोजन में स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का ध्यान रखने का महत्त्व भी बताया गया। सम्पूर्णत यहां प्रतिभागियों को उनके कौशल का प्रदर्शन करने, नवाचार को अपनाने और कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लेने का संदेश दिया गया है। नोडल केंद्र के लिए 3 मंत्रालयों से 4 समस्या विवरण का चयन किया गया। समस्या विवरण आईडीएसआईएच 1309, जो कपड़ा मंत्रालय द्वारा दिए गए खेत से कपड़े तक ऊन की निगरानी के लिए अनुप्रयोग विकास से संबंधित है। विस्तार था और छात्रों ने प्रस्तुति और प्रदर्शन दिखाए समाधानों के विभिन्न प्रोटोटाइप। अंत में 12 जूरी सदस्यों वाले 4 विशेषज्ञ पैनल ने अंतिम विजेताओं का फैसला करने के लिए विस्तार से चर्चा की। 4 विजेताओं को चुना गया है, जिन्हे एक लाख रुपए के नकद पुरस्कार दिया गया है। इस अवसर पर ओरिएंटल समूह के चेयरमैन प्रवीण ठकराल ने सभी प्रतिभागियों और विजेता टीम को बधाई दी

### कैट भोपाल के जिला अध्यक्ष बने धर्मेंद्र शर्मा

**भोपाल।** कांफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की संपन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने युवा उद्यमी धर्मेंद्र शर्मा को भोपाल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके मनोनयन के पश्चात संगठन ने अवगत कराया कि कैट देश के 8 करोड़ से भी अधिक व्यापारियों की



संस्था है, संगठन ने आपमें विश्वास दिखाया है तथा ये उम्मीद करते हैं कि आप व्यापारिक हितों के लिए कार्य करते रहेंगे और कैट की गतिविधियों को आगे बढाने के लिए अपना योगदान देंगे। धर्मेंद्र शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कई समाजसेवी, व्यापारिक, एवं सामाजिक संस्थानों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं जिसमें प्रमुख रूप से कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन , चेयरमैन मुरली हिरवानी, उपाध्यक्ष तेजकुलपाल पाली, संयुक्त अध्यक्ष सुनील अग्रवाल उपाध्यक्ष सुनील जैन 501, संदीप गोधा , मनीष अग्रवाल, ऋषि माहेश्वरी , मंजरी श्रीवास्तव , कृष्णकुमार बांगड़, रमाकांत तिवारी, वैभव जैन, रोहित जैन, अमित जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### श्नाइडर इलेक्ट्रिक की इनोवेशन यात्रा भोपाल पहुंची

**भोपाल।** ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन के डिजिटल परिवर्तन में दुनिया में अग्रणी, श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने भारत में कंपनी के परिचालन की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अक्टूबर में श्नाइडर इलेक्ट्रिक इनोवेशन यात्रा शुरू की। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण कार्बन न्यूट्रल मोबाइल इनोवेशन हब ऑन व्हील्स है, जिसमें श्नाइडर इलेक्ट्रिक के आईओटी-सक्षम समाधान, कनेक्टेड उत्पाद पेशकश, भारत में कंपनी का विकास और भारत की प्रगति में योगदान देने में इसकी भूमिका को प्रदर्शित किया गया है। हाल ही में मोबाइल इनोवेशन हब उत्तर भारत के कई शहरों से होते हुए भोपाल पहुंचा और इसे अरेरा कॉलोनी में टिकाया गया। इस यात्रा ने भोपाल के 200 से अधिक लक्षित ग्राहकों, सरकारी अधिकारियों, छात्रों, चैनल भागीदारों और इंफ्लुएंसर्स को आकर्षित किया। यह यात्रा दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, भिवाड़ी, कुंडली, यमुनानगर, चंडीगढ़, मोहाली, लुधियाना, बद्दी, रूड़की, मुजफ्फरनगर, पंतनगर, कानपुर, लखनऊ, आगरा, जयपुर, सिंगरौली और जबलपुर जैसे शहरों से होते हुए भोपाल पहुंची है।

### मप्र में नीट चयन में आकाश बायजूस ने की 50 फीसदी की वृद्धि

**भोपाल।** आकाश बायजूस ने पिछले वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश में नीट यूजी चयन में 50 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो देश में परीक्षण तैयारी क्षेत्र में किसी भी संस्थान के लिए पहली बार है। यह महत्वपूर्ण वृद्धि अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति आकाश की प्रतिबद्धता और संस्थान के भीतर छात्रों और शिक्षकों दोनों द्वारा प्रदर्शित अटूट समर्पण को रेखांकित करती है। 2023 में 4,100 से अधिक आकाशीयंस ने नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, और देश भर के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में प्रतिष्ठित स्थान हासिल किया, जबकि 2022 में चयन की कुल संख्या 2,728 थी। मध्य प्रदेश की डीएलपी छात्रा श्रद्धा वडलामानी ने नीट में 56 एआईआर हासिल की, वहीं 2022 में सानिका अग्रवाल ने 29 एआईआर हासिल की, इस शैक्षणिक उपलब्धि के साथ संस्थान और देश दोनों का गौरव बढ़ाया। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहाकि मध्य प्रदेश में नीट यूजी वर्ष-दर-वर्ष चयन में इस उल्लेखनीय उछाल का जश्न छात्रों को न केवल ज्ञान, बल्कि उत्कृष्टता प्राप्त करने के कौशल और आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाने की आकाश की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमें वास्तव में प्रत्येक आकाशियन की उपलब्धियों पर गर्व है, जो उनकी प्रतिबद्धता और हमारे शिक्षकों से प्राप्त सर्वोच्च निर्देश को उजागर करती है। यह उपलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और चिकित्सा पेशेवरों की अगली पीढ़ी को प्रभावित करने के हमारे लक्ष्य को उजागर करती है।

### एलएनसीटी में छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम

**भोपाल।** अटल अकादमी एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रौद्योगिकी के लिए आईओटी एकीकरण पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम एआईसीटीई आइडिया लैब के सहयोग से लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन सेहुआ, जो ज्ञान और मूल्यों



की रोशनी का प्रतीक है। एलएनसीटी भोपाल के प्रिंसिपल डॉ.वी के साहू ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा बताते हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अनुपम चौकसे, प्रो चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और कार्यकारी सचिव एलएनसीटी ग्रुप ने बौद्धिक सभा को संबोधित किया, जिसमें आईओटी द्वारा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका और इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी के साथ आईओटी को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया गया। एलएनसीटी समूह के निदेशक प्रशासन डॉ. अशोक कुमार राय इस अवसर पर उपस्थित थे। यूआईटी आरजीपीवी भोपाल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भूपेन्द्र सिंह मुख्य वक्ता थे। एफडीपी के समन्वयक डॉ. आनंद सिंह और सीएसई डिओर्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. अनूप चतुर्वेदी ने एफडीपी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस एफडीपी के लिए कुल 66 संकाय सदस्यों ने आवेदन किया था और भोपाल के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के 52 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। उद्घाटन समारोह का समन्वय आईडिया लैब टेक्निकल लीड प्रोफेसर सिजू जॉर्ज द्वारा किया गया और डॉ. श्रवण सावले के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समापन हुआ ।

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने शुरू की जागरुकता मुहिम

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल लंग्स ट्रांसप्लांट का एक मान्यता प्राप्त केंद्र है। लंग्स ट्रांसप्लांट ही इडियोपैथिक पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन के इलाज का सबसे सही तरीका है। उसको प्राइमरी पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी कहा जाता है, जिसके लक्षण 20 और 30 साल की उम्र में दिखाई देते हैं। यह युवाओं में अचानक होने वाली मौत का कारण बनता है, और तुरंत होने वाली कार्डियक डेथ की वजहों में से एक है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन**

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480-407022 Email - Cmomandideeo@mpurban.gov.in

क्र./5969/न.पा.प./2023 — मंडीदीप, दिनांक 21.12.2023

**// अल्पकालीन द्वितीय ई-निविदा सूचना //**

एतद् द्वारा अधिकृत विक्रेताओं/सप्लायरो को सूचित किया जाता है कि, निकाय को अलाव हेतु जलाऊ लकड़ी की आवश्यकता है। निविदा दिनांक 28.12.2023 को समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन माध्यम से आईटम दर आधार पर दो लिफाफा पद्वति से आमंत्रित की जाती है। दिनांक 29.12.2023 को 17:30 बजे ऑनलाईन निविदाऐं खोली जावेंगी।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_318819_2 | अलाव हेतु सूखी जलाऊ लकड़ी | 10,00,000 | 10,000 | 2,000 | 28.12.2023 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https//www.mptemders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंडीदीप — **पुष्पा प्रेमशंकर साहू** उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंडीदीप — **सुधीर उपाध्याय** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मंडीदीप

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वस्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड-हरदा**

दूरभाष- 07577-223212, फैक्स-226777, ई-मेल, - eephedhar@mp.nic.in

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित कि जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| विभागीय निविदा क्रमांक | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि (eEMD online) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | 1. कार्यपूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40/23-24 | 32033 | Tender for engagement of a agency for designing of creative publicity material, designing of collaterals, creating audio/visuals and designing of digital-social promotional media works for Jal Jeevan Mission (JJM) in all Villages of Distt. Harda | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 1. 12 माह वर्षाकाल सहित। 2. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य। 3. प्रथम आमंत्रण। |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 01.01.2024 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 01.01.2024 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि - 03.01.2024 18:00 बजे

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे ।

सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो ।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वा.यां.विभाग**
**खण्ड - हरदा**

जी-22040/23

## चिंतन

# एकल यूज प्लास्टिक पर सख्ती आवश्यक

जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत वैश्विक स्तर पर कितनी भी गंभीर प्रतिबद्धता जता रहा हो, लेकिन घरेलू मोर्चे पर इसके अनुपालन में सख्ती नहीं दिख रही है। देश में एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसके उत्पादन व उपयोग में कमी नहीं आई है। सरकार ने खुद माना है कि एकल यूज प्लास्टिक की आपूर्ति हो रही है। संसद में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि 'एकल उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सबसे बड़ा खतरा है और भारत ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है, लेकिन देखने में आया है कि प्लास्टिक का कच्चा माल तैयार करने वाले लोग अवैध तरीके से इसकी आपूर्ति करते हैं।' हालांकि केंद्रीय मंत्री ने इसी के साथ यह भी कहा कि सरकार एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। बात केवल प्रतिबद्ध तक की नहीं है, बल्कि कानूनों के अनुपालन की है। जब देश में एकल यूज प्लास्टिक के उत्पादन व प्रयोग पर रोक है, तो आखिर यह बन कैसे रहा है और बिक कैसे रहा है? हमारी सरकारी मशीनरी क्या कर रही है? सिंगल यूज प्लास्टिक से न केवल पर्यावरण को खतरा है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। भारत वैश्विक जलवायु करार से भी संबंद्ध है, जिसमें सरकार को जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना पर काम करना है। सरकार ने एक अधिसूचना जरूर जारी की है जिसके तहत प्लास्टिक के कच्चे माल की आपूर्ति करने वालों को बताना होगा कि उन्होंने उस माल की आपूर्ति कहां की है। इसके बाद भी एकल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस पर अंकुश के लिए राज्य सरकारों को भी सख्त होना होगा और नागरिकों को भी 'नो सिंगल यूज प्लास्टिक' अभियान में सहयोग करना होगा। भारत की जैसी सामाजिक संरचना है, उसमें सरकारी मशीनरी ही पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अमल कराने में उपयोगी है। देश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक जन चेतना का घोर अभाव है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के मुद्दे पर हाल ही में दुबई में आयोजित 'सीओपी 28' सम्मेलन में भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया गया है। यह और बात है कि इस पर वैश्विक स्तर पर विकसित व विकासशील देशों के बीच राजनीति भी चल रही है। सीओपी 28 के प्रमुख नतीजों में दशक के अंत से पहले वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने वाले पहले ग्लोबल स्टॉकटेक के नतीजे पर निर्णय शामिल है। इन वैश्विक प्रयासों को देशों द्वारा पेरिस समझौते और उनकी विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित तरीके से उठाया जाएगा। सीओपी 28 का एक अन्य प्रमुख परिणाम लॉस एवं डैमेज फंड के संचालन और इसकी फंडिंग व्यवस्था पर समझौता है। फंड का उद्देश्य उन विकासशील देशों की सहायता करना है जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं, ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से जुड़े आर्थिक और गैर-आर्थिक नुकसान और क्षति का जवाब दिया जा सके, जिसमें चरम मौसम की घटनाएं और धीमी शुरूआत की घटनाएं शामिल हैं। भारत को कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के अपने उपायों के तहत एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध पर कड़ाई से अनुपालन के कदम उठाने होंगे, हरित तकनीक को बढ़ावा देना होगा, ग्रीन एनर्जी के प्रयोग को बढ़ाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें जमीनी स्तर पर अधिक काम करना होगा, कथनी व करनी के फर्क को मिटाना होगा, तभी स्वच्छ व हरित पर्यावरण का लक्ष्य हासिल होगा।

## सारा संसार



सोमनाथ मन्दिर भूमण्डल में दक्षिण एशिया स्थित भारतवर्ष के पश्चिमी छोर पर गुजरात में स्थित, अत्यन्त प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मन्दिर का नाम है। इसे आज भी भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में माना व जाना जाता है। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के वेरावल बन्दरगाह में स्थित इस मन्दिर के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था, जिसका उल्लेख ऋग्वेद में है।

# 'इंडिया' को राहुल का नेतृत्व मंजूर नहीं



राजनीति
आशीष वशिष्ठ

छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। चौथी बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका, लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडि गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया।

बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं।

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी।

इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया।



बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडि अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी। चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक व पीएम के चेहरे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।

खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना। कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडि गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए। - *मोरारी बापू*

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## सुरक्षा का मुद्दा
डॉ. विशेष गुप्ता



# महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध

महिला सशक्तिकरण के बढ़ते विस्तार के सामने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज देश व समाज में सक्रिय विमर्श का हिस्सा नहीं पा रही है। वह इसलिए क्योंकि भारतीय समाज में महिलायें एक लंबे काल तक अवमानित,यातना और शोषण की शिकार रही हैं। इसमें सामाजिक परम्परा,संस्थागत रीति-रिवाज और समाज में प्रचलित प्रतिमानों का महिलाओं के उत्पीड़न में योगदान भी कम नहीं रहा है। उसी के सापेक्ष वर्तमान में महिलाओं को अब पुरुषों के जीवन में महत्वपूर्ण,शक्तिशाली और अर्थपूर्ण सहयोगी माना जाने लगा है। देश की आजादी के बाद महिलाओं के पक्ष में बनाये गये कानूनों,शिक्षा का विस्तार और महिलाओं में बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रता के बावजूद भी देश की असंख्य महिलायें आज भी हिंसा की शिकार हैं। महिलाओं के प्रति शारीरिक हिंसा,अपहरण,यौन क्रूरता,महिला को जलाना और उस पर तेजाब फेकने जैसी घटनायें आज भी सुनने और पढ़ने को मिल रहीं हैं। इसी संदर्भ से जुड़ी राष्ट्रीय रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 2022 के ऑकड़ों से जुड़ी हालिया रिपोर्ट गौरतलब है। इस रिपोर्ट से साफ है कि देश में महिलाओं के विरुद्ध चार प्रतिशत और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन घटनाओं से जुड़ी आज हर घण्टे 51 एफआईआर दर्ज हो रहीं हैं। इसी के साथ-साथ साईबर अपराधों के मामलों में भी 24.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

एनसीआरबी से जुड़े ऑकड़ों का विश्लेषण बताता है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लगातार तीन सालों में वृद्धि दर्ज की गयी है। मसलन 2022 में महिलाओं के विरुद्ध तमाम अपराधों से जुड़े कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये,जो 2021 व 2020 में क्रमशः 4,28,278 व 3,71,503 रहे थे। इन ऑकड़ों में आगे खुलासा होता है कि 20 लाख से अधिक आबादी वाले 19 महानगरों में महिला अपराध के 48755 मामले दर्ज हुए,जबकि 2021 में यह ऑकड़ा 43414 ही रहा था। इससे ज्ञात होता है कि अहमदाबाद, बॅगलुरु, चैन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, मुबंई, पुणे व नागपुर जैसे शहर महिला सुरक्षा के लिहाज से बहुत संवेदनशील पाये गये हैं।

देखा जाय तो महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के इतिहास के सफर में परम्परागत सामजिक व्यवस्था में समाहित एक वैचारिकी रही है जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कमतर ऑकती रही है। लेकिन यह भी सच है कि जेसे -जैसे महिलायें सामाजिक, आर्थिक,धार्मिक व राजनीतिक विकास के क्षेत्र में कदम बढ़ाती हैं,उसी के सापेक्ष महिलाओं के विरुद्ध हिंसा करने वाली ताकतें कमजोर पड़ने लगती हैं। यह सच है कि आज देश में अधिकांश कानून महिलाओं के पक्ष में है और देश के विकास में भी उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही हैं। एनसीआरबी के ऑकड़े भी बताते हैं कि जिन राज्यों में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों को लागू करने में जीरा टॉलरेन्स की नीति है और महिला विकास के विभिन्न उपादानों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, वहॉ उन राज्यों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध घटे हैं। उत्तर प्रदेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। अपराध पर लगाम लगाने की जरूरत है।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रकृति का संरक्षण जरूरी

हमें प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हम जिस थाली में खाएं उसी में छेद करना शुरू कर दें तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा? प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अफसोस की बात है कि जिस प्रकृति ने इनसान को जीने के लिए निस्वार्थ भाव से इतना कुछ दिया है, आज इनसान ने उसी प्रकृति की नाक में दम अपने स्वार्थ के लिए कर दिया है। प्रकृति से खिलवाड़ के कारण आज धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जो कि प्राणी जाति को पतन की ओर ले जाने का काम कर रहा है। अभी भी वक्त है कि इनसान को प्रकृति से छेड़छाड़ बंद कर देनी चाहिए। – *महेश जोशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### किम जोंग ने फिर दी परमाणु मिसाइल परीक्षण की धमकी



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं। हालांकि, कई विदेशी विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी तक सक्षम परमाणु मिसाइलें हासिल नहीं हुई हैं। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पांच महीनों में अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरियाई बैठक का हवाला दिया। 'उत्तर कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम ने बुधवार को 'जनरल मिसाइल ब्यूरो' में सैनिकों से मुलाकात की और उन्हें ठोस ईंधन वाली 'ह्वासोंग-18' मिसाइल के प्रक्षेपण पर बधाई दी। केसीएनए के मुताबिक, बैठक के दौरान किम ने कहा कि 'अगर दुश्मन परमाणु हथियारों से उसे उकसाता है तो वह परमाणु हमले से नहीं हिचकिचाएगा।'

## ऑफ बीट

### क्या इंसानों के जीवत नहीं रहने का कारण डायनासोर



सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी। यह उच्च मृत्यु दर कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दर्शाती है, जैसे मांसपेशियों की हानि और सामान्य कमजोरी, संज्ञानात्मक गिरावट, दृष्टि और श्रवण की हानि और कई अन्य अपक्षयी परिवर्तन जो मानव उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को दर्शाते हैं। और मनुष्य की उम्र इतनी अधिक होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हमारे पूर्वज डायनासोर के समय में विकसित हुए थे। अन्य स्तनधारियों की तुलना में मनुष्य का जीवन लंबा होता है। सभी भूमि-आधारित स्तनधारियों की तुलना में हमारा जीवनकाल सबसे लंबा है, और सभी स्तनधारियों में से केवल व्हेल ही संभवत: हमसे अधिक जीवित रहती हैं।

## ट्रेंड

### पहचान चुनने का अधिकार



वह कह रहे हैं कि भारत में प्रत्येक जाति को अपनी राष्ट्रीय पहचान चुनने का अधिकार है। कांग्रेस और यह लोग बाबासाहेब अंबेडकर और सरदार पटेल के मेहनत और सपने को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। देश की जनता उन्हें भारत के टुकड़े-टुकड़े नहीं करने देगी।

-किरण रिजिजू, राष्ट्रपति

### प्रचार किया जाना दुःखद



करोड़ों परिवार उजाड़ने वाली शराब का 'राजस्व वृद्धि' के लिए प्रचार किया जाना दुखद है। इसका असर शराबी से अधिक परिवार पर पड़ता है, महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। सरकार के पास राजस्व बढ़ाने के लिए इससे बेहतर विकल्प नहीं है?

-वरुण गांधी, भाजपा नेता

### बिना राजनीति के लोकतंत्र



राजनीति लोकतंत्र के बिना चल सकती है। सऊदी अरब में भी चलती है। पाकिस्तान में भी लंबे समय तक चली है। सब जगह राजनीति हो रही है, लेकिन क्या लोकतंत्र कहीं भी बिना राजनीति के चल सकता है?

-योगेंद्र यादव, स्वराज इंडिया संस्थापक

### बहुत प्रेम दिया



डंकी के साथ दुबई में कुछ दिन बहुत अच्छे बीते। लंदन में भी लोगों ने बहुत प्रेम दिया। हर तरफ डंकी के बारे में जानने की जिज्सा है। लगातार कई दिनों तक बाहर रहने के बाद अब घर वापस आ रहे हैं, थोड़ा ड्राइव भी करें, इसलिए यदि आप सभी के पास समय है तो आइए चर्चा कर लें।

-शाहरुख खान, अभिनेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# सेवा संकल्प के साथ मनाई 'संतजी' की बरसी, देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु



## विधायक रामेश्वर ने भी संतजी के समक्ष टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶संतनगर

परमहंस संत हिरदाराम साहिब का निर्वाण दिवस सेवा संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संत कुटिया पर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु मत्था टेकने आए। कई जगह भंडारे व प्रसाद वितरण कर संतजी को याद किया गया। गुरुवार को संत समाधि पर आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह वरिष्ठ विधायक रामेश्वर शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी ने समाधि पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

**जगह जगह हुए भंडारे प्रसाद वितरण किया**

## स्कूलों में रामधुन एवं सुखमनी साहिब का हुआ आयोजन



लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित विद्यालयों में सेवा, समर्पण एवं आस्था के साथ रामधुन एवं सुखमनी साहिब का आयोजन किया गया। शाला सचिव रमेश हिंगोरानी, योगेश हिंगोरानी, नीलेश हिंगोरानी मौजूद थे। सामाजिक संस्था युवा सिन्धी मंच के कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने संतजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया।

रामधुनी व भण्डार कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, कमलेश रायचंदानी व जितेश नंदवानी मौजूद थे। साधु वासवानी स्कूल में शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, राजेश हिंगोरानी, चंद्र ईसरानी, कन्हैयालाल रामनानी, बसंत चेलानी ने संतजी द्वारा किए गए सेवा कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि संत हिरदाराम साहिब साक्षात ईश्वर के रुप थे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलाया कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला

**बैरसिया।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को निपानिया जाट गांव में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण शिल्पी, जिला उपाध्यक्ष राजमल कुशवाहा, जिला मंत्री वासुदेव गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एडवोकेट सुभाष नागर बने सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष



**औबेदुल्लागंज।** एडवोकेट सुभाष नागर आदर्श धाकड़ नागर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष बने। अध्यक्ष बनने पर उन्होंने पूर्ण सहयोग करने की बात कही। समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, वरिष्ठ कालूराम, अशोक पटेल, राजेंद्र नागर, रजनीश पटेल, सूरत सिंह नागर, डब्बू कैलाश नागर, उमेश नागर, डॉ. महेंद्र धाकड़, राजू नागर, रामस्वरूप नागर, डॉ. नंदू नागर, नरेंद्र नागर, मास्साब वीरेंद्र नागर, शुभम नागर, राजमल नागर, दीपेश नागर आदि लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### राज्य स्तरीय भजन प्रतियोगिता कल से

**औबेदुल्लागंज।** राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता 23 जून को दशहरा मैदान में होगी। 20 भजन मंडलों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 20 भजन मंडलों के आवेदन आए हैं। रवि यादव, संजय सिंह चौहान, अनिल नागर, राजेंद्र नागर, रजनीश पटेल, पर्वत सिंह राजपूत, राजाराम यादव, अशोक पचौरी ने बताया कि यह भजन प्रतियोगिता लगातार 48 घंटे तक बगैर रुके चलती रहेगी। प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार, तृतीय पुरस्कार 21 हजार चतुर्थ पुरस्कार 15 हजार, पंचम पुरस्कार 11 हजार सांत्वना पुरस्कार 5 हजार रुपए रखा गया है।

### मंडीदीप में मिलेगी निदान द क्लेम्स एक्सपर्ट की सुविधा




**मंडीदीप।** नगर में डील्स इन ऑल टाइप्स ऑफ इनसुरेस क्लैम्स के कार्यालय का शुभारंभ किया गया, जिसमें श्रमिक वर्ग को इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। व्यवस्थापक सच्चिदनंद सिंह ने बताया कि शुभारंभ पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष जगदीश शर्मा, युवा पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन पाल आदि मौजूद रहे।

### व्यापमं घोटाले में पांच दोषियों को सात-सात साल की सजा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश नीतिरात सिंह सिसोदिया ने पांच आरोपियों को अवैध रूप से प्रवेश दिलाने का दोषी पाया। पांचों दोषियों को सात-सात साल की सजा और 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इन पांच में से चार मध्यस्थ थे। इसमें राकेश कुमार पिता धनवरी प्रसाद, हार्दिक पटेल पिता महेश पटेल, श्रवण सोनार पिता तिलक सोनार और धनंजय पिता दरोगा सिंह और सोल्वर मुकेश मौर्य पिता रामकेवल मौर्य शामिल है। यह आरोपी पीएमटी वर्ष 2013 में प्रवेश दिलाने के दोषी थे। इस मामले में सीबीआई लोक अभियोजक मनुजी उपाध्याय ने प्रकरण की पैरवी की।

---

प्रताड़ित होकर नाबालिग ने खुदकुशी की थी

## कॉपी में लिखे सुसाइड नोट से खुलासा, किशोरी से हुआ था रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सूखी सेवनिया पुलिस ने करीब छह महीने पहले चूहामार खाकर आत्महत्या करने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ पढ़ने वाले नाबालिग पर दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पाक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गई।

दरअसल, मर्ग जांच और मृतका की कॉपी में मिले सुसाइड नोट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बालअपचारी को गिरफ्तार को किशोर न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया है।

**नाबालिग दोस्त ने किया था दुष्कर्म**

पुलिस जांच के दौरान पता चला कि साथ पढ़ने वाले नाबालिग छात्र से किशोरी की दोस्ती थी। इस दौरान छात्र ने छात्रा के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। उसके बाद से वह उसे प्रताड़ित करने लगा था। घटना से एक दिन पहले छात्र उसके घर पहुंचा था, जिससे परेशान होकर छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता को कॉपी में छात्रा का सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट की जांच कराने पर राइटिंग मृतका की मिली। पुलिस ने जांच और सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

पृथ्वी से चांद तक पहुंचने का दिखाया सफर

## भोजपाल मेले में दिखाई दिए चंद्रयान और कई एलियंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में आने वालों को चांद से चंद्रयान तक का सफर और एलियंस देखने को मिल रहे हैं। यहां लगाई गई प्रदर्शनी में एलवीएम-3 राकेट के साथ रोवर, प्रज्ञान और चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग दिखाया जा रहा है। इसकी शुरूआत गुरुवार शाम 6 बजे मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता कैलाश मिश्रा ने की।

इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ मेला समिति की टीम मौजूद रही। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेले में चांद से चंद्रयान तक के सफर की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें श्री हरिकोटा से एलवीएम-3 राकेट से चंद्रयान-3 को लॉन्च करने, लैंडर विक्रम की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग, रोवर प्रज्ञान के निकलना दिखाई देगा।

---

गंभीर रूप से घायल जैद की मौत होने तक निगरानी करते रहे दो आरोपी

# ऑटो में ई-रिक्शा चालक से हुई थी जमकर मारपीट, खंडहर में छिपाकर रखी थी लाश

लाश जीवीएम स्कूल के पास ठिकाने लगाकर लौट आए थे हत्यारे

## बुधवार तड़के मैजिक से लेकर पहुंचे थे खंडहर



ऑटो चालक की हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, तीन अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

चेतक ब्रिज से ई-रिक्शा चालक का अगवा कर उसकी निर्मम हत्या करने वाले 4 हत्यारों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में तीन अन्य आरोपियों की क्राइम ब्रांच और गोविंदपुरा पुलिस तलाश कर रही है।



प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने ई-रिक्शा चालक से जमकर मारपीट की थी फिर गोविंदपुरा स्थित भेल के खंडहर में उसे छोड़कर आ गए थे। उसकी निगरानी के लिए दो आरोपियों को छोड़ दिया था। मारपीट से घायल युवक की सुबह मौत हो गई। दिनभर आरोपियों ने भेल के खंडहर में लाश पड़ी रहने दी और बुधवार तड़के मैजिक से उसकी लाश जीवीएम स्कूल के पास ठिकाने लगा दी। लोगों ने बुधवार सुबह ई-रिक्शा चालक की लाश सड़क किनारे कंबल में लिपटी देख कर पुलिस को सूचना दी थी। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि खानूगांव निवासी जैदउद्दीन (22) इलेक्ट्रिक रिक्शा चलाता था।

सोमवार रात वह अपने दोस्त के साथ चेतक ब्रिज के पास से निकल रहा था, तभी लोडिंग ऑटो ड्राइवर से उसका विवाद हो गया था। विवाद होने पर जैद का दोस्त मौके से भाग निकला था। कुछ देर बाद वापस लौटा तो जैद वहां नहीं था। इसके बाद उसने गोविंदपुरा पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### भाई को कॉल बुलाया फिर किया अपहरण

कल्लू उर्फ नदीम ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सोमवार रात उसका बड़ा भाई नईम अपने मैजिक ऑटो से आईटीआई से बिट्टन मार्केट की तरफ जा रहा था। रात करीब पौने 12 बजे उसने कॉल कर बताया कि चेतक ब्रिज पर मेरा झगड़ा हो गया है। कल्लू अपने साथियों को लेकर नीरज के लोडिंग ऑटो से चेतक ब्रिज पहुंचा। ऑटो से उतरकर भाई के मैजिक की तरफ गया तो मैजिक में जैद और नईम नजर आए। नईम ने कल्लू को बताया कि जैद ने उसकी जांघ पर ब्लेड मार दी और रुपए छीन लिए।

### आरोपी के छोटे भाई, उसके साथियों ने गाड़ी में बैठाकर जैद को डंडों से बेरहमी से पीटा

कल्लू और उसके साथियों ने जैद को ऑटो से उतारा और लोडिंग ऑटो में जबरन बैठा लिया। इसके बाद ऑटो में रखे डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जैद के साथ मारपीट होती देख उसके ई-रिक्शे में बैठा दोस्त भाग निकला। इधर आरोपी मारपीट करने के बाद जैद को लेकर गोविंदपुरा की तरफ चले गए। मारपीट में जैद की हालत गंभीर हो गई थी। आरोपी उसे गोविंदपुरा स्थित खंडहरनुमा मकान में लेकर पहुंचे और वहां छोड़ दिया। उसकी निगरानी के लिए कल्लू और एक अन्य साथी को खड़ा कर दिया।

### जुबान आ गई थी बाहर

*मंगलवार सुबह कल्लू ने कॉल कर बताया कि जिस लड़के से मारपीट की गई थी। उसकी मौत हो चुकी है। उसकी जुबान बाहर निकली हुई है। आरोपियों ने उसे दिनभर खंडहर में पड़े रहने दिया, फिर बुधवार तड़के करीब तीन बजे नईम के ऑटो से उसे जीवीएम स्कूल के पीछे झाड़ियों में ले जाकर फेंक दिया। गोविंदपुरा पुलिस ने जैद की गुमशुदगी दर्ज की थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में आरोपी कल्लू उर्फ नदीम, अर्जुन साहू, नीरज खटीक और बृजमोहन को गिरफ्तार किया है। आरोपी नईम, बंटी और एक अन्य फरार है। सभी आरोपी ऐशबाग और जहांगीराबाद के रहने वाले हैं और हाट बाजार में फल की दुकान लगाते हैं।*

### सपना लॉज में मार्केटिंग एक्जीक्युटिव की हत्या करने वाला मुंबई से गिरफ्तार



**भोपाल।** हनुमानगंज की सपना लॉज में रुके युवक की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद युवक पर कांच की बोतल से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार, अमनदीप सिंह (44) विकास कुंज त्रिलंगा शाहपुरा के रहने वाले थे और मार्केटिंग का काम करते थे। परिवार में 24 और 22 साल की दो बेटियां और 9 साल का बेटा है। पत्नी का निधन हो चुका है। पारिवारिक विवाद के चलते वह ज्यादातर बच्चों से अलग ही रहते थे। करीब डेढ़ महीने से अमनदीप नादरा बस स्टैंड के पास सपना लॉज के रूप नंबर 102 में ठहरे हुए थे। 4 दिसंबर से उनके पड़ोस के कमरे में रुके नितेश उर्फ नेत्री वल्लभ बृजवासी (36) निवासी नैनीताल उत्तराखंड से उनका विवाद हुआ था। 12 दिसंबर की रात हुए विवाद के बाद आरोपी नितेश ने अमनदीप के सिर पर कांच की टूटी बोतल से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस जब लॉज पहुंची तो घटनास्थल पर शराब की एक फूटी हुई कांच की बोतल मिली। पुलिस ने संदेह के आधार पर नितेश के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी नितेश को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है।

---

बरखेड़ा और करमोदा में हुआ यात्रा का स्वागत

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्टॉल लगाकर दी बच्चों के लिए पोषक आहार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा का गुरुवार को बरखेड़ा एवं करमोदा में स्वागत हुआ। इस दौरान भाजपा नेता रविन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है।

यात्रा में महिला बाल विकास विभाग जयंती ठाकुर के निर्देशन में बच्चों को स्थानीय उत्पादों के आहार से स्वस्थ रखने की जानकारी दी जा रही है। जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों नवांकुर संस्था क्लस्टर समन्वयक सुनील सेरिया के नेतृत्व में ग्रामीणों को यात्रा स्थल तक पहुंचाने सहयोग किया जा रहा है।




### ग्रामीणों को दिए लाभार्थी प्रमाण-पत्र

यात्रा के सुचारू संचालन के लिए एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं सीईओ युक्ति शर्मा एवं बीआरसी के मार्गदर्शन में यात्रा सफल रूप से चल रही है। यात्रा में भाजपा नेता सोनू चौकसे, राम नंदवंशी, प्रस्फुटन समिति से साहब सिंह, दीपक ठाकुर बरखेड़ा में शामिल रहे। इस दौरान ग्रामीणों को लाभार्थी प्रमाण-पत्र दिए गए।

### शर्मा, जायसवाल, नागर ने की नगर विकास के मुद्दों के निवारण की मांग



औबेदुल्लागंज के ठेकेदार अशोक शर्मा, जायसवाल समाज के प्रमुख अशोक जायसवाल, पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, यह तीनो की जोड़ी नगर में प्यार, एकता और भाईचारे का संदेश देती है। तीनों हरफनमौला होने के कारण हर जगह दिखते हैं। चाहे धार्मिक कार्य हो या राजनीति हो। इनके हमजोली पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित, रजनीश नागर, ईकलामा कहते हैं कि सबका साथ, सबका सम्मान और नगर का विकास ही हमारा संकल्प हैं। तीनों का कहना है कि औबेदुल्लागंज को जिला बनाया जाए। इसका नाम राजा भोज नगर हो, पर्यटन स्टेशन घोषित हो और नर्मदा, सोमनाथ, दक्षिण, कुशीनगर एक्सप्रेस एवं जबलपुर जनशताब्दी का स्टॉपेज हो, मेमो ट्रेन चले और नगर सुंदर, स्वच्छ बने। बस स्टैंड पर सभी बस रुके। रेलवे स्टेशन पर आरक्षण सुबह 8 से रात 8 बजे तक हो। जो टिकट दलाल हैं,उन पर रोक लगे।

### पत्नी के मायके जाने से दुखी ऑटो चालक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित राजहर्ष कॉलोनी में ऑटो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने पत्नी के बार-बार मायके जाने से दुखी होने की बात लिखी है। पुलिस के अनुसार रोहित रजक (23) राजहर्ष कॉलोनी में किराए से रहता था और आटो चलाता था। करीब 3 साल पहले उसने इंदौर निवासी युवती से शादी की थी। पिछले दिनों पत्नी बच्चे को लेकर मायके चली गई थी। बुधवार सुबह करीब 9 बजे तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो मकान मालिक देखने पहुंचे। इस दौरान पता चला कि रोहित ने फांसी लगा ली है।

नगर पालिका ने अस्थाई रैन बसेरा बनाया

## लोगों को सर्दी से बचाने 12 जगह पर अलाव के इंतजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶मंडीदीप

नगर में सर्दी की ठिठुरन बढ़ने पर नगर पालिका ने राहगीरों के लिए 12 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है। इसके अलावा अस्थाई रैन बसेरा भी बनाया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर नपा अफसरों को जिम्मेदारी ठीक से निभाने के निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल ने स्वयंसेवी, समाजसेवी संस्थाओं आदि से जरूरतमंद लोगों के लिए गर्म कपड़े कंबल के सहयोग की अपील की है।

---

पिता की मौत के बाद तनाव में रहते थे रंगकर्मी

## रैन बसेरा में जीवन गुजार रहे रंगकर्मी अपूर्व शुक्ला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरा में जीवन गुजार रहे रंगकर्मी की बीमारी के कारण मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह सूचना मिली कि रैन बसेरा में रहने वाले 35 साल अज्ञात व्यक्ति की बीमारी से मौत हो गई है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मृतक की तलाशी ली तो उसकी जेब में पर्ची में लिखा एक मोबाइल नंबर मिला। संपर्क करने पर मृतक का नाम अपूर्व शुक्ला पता चला। मोबाइल नंबर उसकी मौसी का था। उसकी मौसी ने पुलिस को बताया कि अपूर्व रंगकर्मी था। वह पत्रकारिता तथा फोटोग्राफी भी करता था। उसके पिता पंकज शुक्ला सीनियर अधिवक्ता और पत्रकार रह चुके हैं। वह पहले जहांगीराबाद में रहता था, लेकिन बाद में अलग-अलग स्थानों पर रहने लगा। उसकी मौसी ने साथ कटनी में रहने को बोला था। पिता के निधन के बाद से वह डिप्रेशन में चला गया। बाद में रैन बसेरा में अपना ठिकाना बना लिया था।

सूखी सेवनिया में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास हादसा

## मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित चौपड़ा कलां में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास मिनी ट्रक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथी की हालत नाजुक है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार, न्यू राजीव नगर सेमरा निवासी वृंदावन लोधी (40) प्राइवेट काम करता था। बुधवार को वह अपने साथी के साथ सूखी सेवनिया गया था। बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सूखी सेवनिया से भोपाल लौटते समय इंडियन पेट्रोल पंप के पास मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, राजेश प्रजापति पिता बटनलाल प्रजापति (30) ग्राम गढ़ाखुर्द थाना नजीराबाद में रहता था और एमपी ऑनलाइन का कियोस्क चलाता था। बुधवार को राजेश दुकान का कुछ सामान खरीदने के लिए बाइक से भोपाल आया था। रात करीब साढ़े सात बजे वह नजीराबाद वापस लौट रहा था। ईंटखेड़ी थानांतर्गत ग्राम बेरखेड़ी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। करीब पांच साल पहले राजेश की संगीता के साथ शादी हुई थी। दोनों का तीन साल का बेटा और एक साल की बेटी है।

### कलियासोत डैम में मिला अज्ञात युवक का शव

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित स्टेट डेयरी के पास कलियासोत डैम में बुधवार रात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे है। हेड कांस्टेबल विनीत कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष होगी। वह लाल रंग का बरमुंडा और सफेद रंग की काली धारीदार शर्ट पहने था। पैरों में प्लास्टिक के जूते पहने हुए था। अनुमान है कि युवक पैर फिसलने के कारण डेम में गिरा होगा, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई।

# अब वर्मा ट्रैवल्स के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में केस ठोकने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

19 दिसंबर को भोपाल से मुंबई के लिए भेजी गई वर्मा ट्रेवल्स की वॉल्वो बस के नासिक के पास खराब होने के चलते कई यात्रियों की आगे की बस,ट्रेन व फ्लाइट छूट गई थी। अब इस मामले में यात्री को हुई मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ी। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए उपभोक्ता आयोग एवं अन्य न्याय में जाने की तैयारी में हैं। दरअसल, भोपाल से मुंबई के लिए 19 दिसंबर को वर्मा टेवल्स द्वारा भेजी अनफिट बस बीच रास्ते में नासिक के पास खराब हो गई थी।

*उपभोक्ता किसी भी प्रकार से सेवा में कमी होने पर आसानी से किसी भी व्यापारी या संस्था के खिलाफ केस दर्ज करा अपने हक की लड़ाई लड़ सकते हैं। हवाई जहाज, रेल व बस यात्रा सेवाओं में त्रुटिकर्ता व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध उपभोक्ता फोरम में शिकायत की जा सकती है।*

### यात्रियों को ठूंसकर मुंबई भेजा गया

इसके तीन घंटे बाद एक साधारण बस में इन यात्रियों को जानवरों की तरह ठूंसकर मुंबई के लिए भेजा गया था। कई यात्रियों को तय जगह न छोड़कर 25 किमी तक दूर छोड़ दिया। इसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। तो वहीं इसके चलते कई यात्रियों की आगे की यात्रा के लिए जाने वाली ट्रेन, बस व फ्लाइट छूट गई थी।

**तय समय से लेट व तय जगह से 25 किमी दूर छोड़ने से कई यात्रियों की बस, ट्रेन व फ्लाइट छूट गई थी**

### मानसिक रूप से भी हुए थे परेशान




### अपने हक की लड़ाई लड़ सकते हैं

उपभोक्ता आयोग के जानकारों का कहना है कि अधिनियम 1986 के अनुसार ऐसा व्यक्ति जो वस्तुएं अथवा सेवाएं क्रय करता है, वह उपभोक्ता है। ऐसा व्यक्ति सेवा में त्रुटि की जानकारी होने के 2 वर्ष की अवधि में उपभोक्ता आयोग में शिकायत कर सकता है। यह एक ऐसा मंच है, जहां उपभोक्ता किसी भी प्रकार से सेवा में कमी होने पर आसानी से किसी भी व्यापारी या संस्था के खिलाफ केस दर्ज करा अपने हक की लड़ाई लड़ सकते हैं। हवाई जहाज, रेल व बस यात्रा सेवाओं में त्रुटिकर्ता व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध उपभोक्ता फोरम में शिकायत की जा सकती है। जानकारों का कहना है कि उपभोक्ता कोर्ट उन सभी के लिए खुला हुआ है जो बाजार से किसी भी तरह की सेवा लेते हैं। ऐसे में सेवा में कमी पाए जाने पर या फिर किए गए वादे के अनुरूप चीजें ना मुहैया होने पर स्वयं उपभोक्ता या कोई स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन जो पंजीकृत है, वो शिकायत दर्ज कर सकता है।

**बयान दर्ज किए जाएंगे**

आवेदन की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद वर्मा ट्रैवल्स के जिम्मेदार को बुलाया जाएगा और बयान दर्ज किए जाएंगे।

**जितेंद्र गुर्जर**, थाना प्रभारी एमपी नगर

## खबर संक्षेप

### सरकार ले रही 2 हजार करोड़ का कर्ज, बढ़ेगा वित्तीय भार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की नई सरकार के सामने वित्तीय स्थिति से जूझना बड़ी चुनौती है। नई सरकार के गठन के बाद राज्य शासन 2 हजार करोड़ का लोन लेने जा रही है। यह नई सरकार का पहला ऋण होगा। वित्त विभाग ने इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को विलिंगनेस लेटर लिखा है। राज्य सरकार पिछले 7 माह में 25 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है। राज्य सरकार पर मार्च 2023 की स्थिति में 3 लाख 50 हजार करोड़ का कर्ज है। राज्य शासन पिछले 7 माह के दौरान 25 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज बाजार से उठा चुका है। राज्य सरकार ने चुनाव के पहले सितंबर माह में ही 12 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। आचार संहिता के दौरान भी अक्टूबर और नंवबर माह में कर्ज लिया गया। प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद एक बार फिर सरकार दो हजार करोड़ का कर्ज लेने जा रही है।

### विधायक के रूप में मिलने वाले वेतन-भत्ते नहीं लेंगे काश्यप

**भोपाल।** रतलाम सिटी से विधायक चेतन्य कुमार काश्यप इस बार भी विधायक के रूप में मिलने वाले वेतन-भत्ते नहीं लेंगे। इसकी घोषणा उन्होंने गुरुवार को विधानसभा में की। काश्यप ने कहा कि राष्ट्रसेवा और जनहित मेरा ध्येय है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मैं राजनीति में आया हूं। किशोरवस्था से ही समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर हूं तथा कई सेवा संस्थानों में प्रकल्पों का संचालन कर रहा हूं। ईश्वर ने मुझे इस योग्य बनाया है कि मैं जन सेवा में थोड़ा सा योगदान कर सकूं, इसी तारतम्य में मैंने विधायक के रूप में प्राप्त होने वाले वेतन भत्ते एवं पेंशन नहीं लेने का निश्चय किया है। पिछली दो विधानसभा में भी मैंने वेतन भत्ते ग्रहण नहीं किए थे। इस राशि का राज्य के कोष से आहरण ही न हो ताकि उसका सदुपयोग प्रदेश के विकास एवं जनहित के कार्यों में हो सके।

### राष्ट्रीय सिंधी मंच के पदाधिकारी रोहाणी व सबनानी से मिले

**संतनगर।** राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा कल शनिवार को सुशीला देवी धर्मशाला संत नगर बैरागढ़ भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर के विधायक अशोक रोहाणी और भोपाल के विधायक भगवानदास सबनानी से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मंच के संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल उत्तवानी, मुकेश महाराज, राष्ट्रीय सिंधी मंच के भोपाल जिला अध्यक्ष हीरो हिन्दू, देवीदास वासवान, राजू रामानी, वासु गुलानी, रवि जेसवानी, दर्शन कुकरेजा, प्रवीण प्रेमचंदानी साहित बड़ी संख्या में सभी जिला पधाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस की शपथ आज

**भोपाल।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 24 दिसम्बर को रविवार एवं 23 दिसम्बर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। इसमें मंत्रालय, सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## जिलों में शहर और ग्रामीण में बंटेंगे थाने

# जबलपुर और ग्वालियर में भी लागू किया जाएगा पुलिस कमिश्नर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक के बाद एक फैसले लिए जा रहे हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने अब ऐलान किया है कि इंदौर-भोपाल की भांति अब जबलपुर-ग्वालियर में भी पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होगा। इस बात का ऐलान सीएम यादव ने सोशल मीडिया एक्स के अपने अकाउंट पर किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए ऐलान किया है कि अपराध पर नकेल कसने के लिए लगातार कदम बड़े कदम उठा रहे हैं। सीएम ने इसे सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था का संकल्प बताया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मोदी जी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी।



### 2021 को लागू हुई प्रणाली

मध्यप्रदेश में इंदौर और भोपाल में 21 नवंबर 2021 को पुलिस कमिश्नर प्रणाली सिस्टम लागू किया गया था। पुलिस आयुक्त प्रणाली में इंदौर नगरीय पुलिस जिले में 36 थानों और भोपाल नगरीय पुलिस जिले में 37 थानों की सीमाओं को समाविष्ट किया गया था। दोनों शहरों में पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी पुलिस आयुक्त हैं। दोनों महानगरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली के लिए अधिकारियों के पद और जोन का भी दायरा तय किया है।

### क्या है पुलिस कमिश्नर प्रणाली

बड़े शहरों में अक्सर आपराधिक गतिविधियों की दर भी ज्यादा होती है। ज्यादातर आपातकालीन परिस्थितियों में लोग इसलिए उग्र हो जाते हैं क्योंकि पुलिस के पास तत्काल निर्णय लेने के अधिकार नहीं होते। कमिश्नर प्रणाली में पुलिस प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए खुद ही मजिस्ट्रेट की भूमिका निभाती है। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का अधिकार पुलिस को मिलेगा तो आपराधिक पृवत्ति के लोगों पर जल्दी कार्रवाई हो सकेगी। इस सिस्टम से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के पास सीआरपीसी के तहत कई अधिकार आ जात हैं। पुलिस अधिकारी कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र होते हैं। साथ ही साथ कमिश्नर सिस्टम लागू होने से पुलिस अधिकारियों की जवादेही भी बढ़ जाती है। दिन के अंत में पुलिस कमिश्नर, जिला पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक को अपने कार्यालय की रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (गृह मंत्रालय) को देनी होती है, इसके बाद यह रिपोर्ट मुख्य सचिव को जाती है।

## मोक्षदा एकादशी पर भगवान कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था

# गृहस्थ आज और वैष्णव संप्रदाय के लोग कल रखेंगे मोक्षदा एकादशी का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्गशीर्ष माह में आने वाली एकादशी को मोक्षदा एकादशी कहते हैं। मोक्षदा एकादशी मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार, यह पर्व 22 और 23 दिसंबर दोनों दिन पड़ रहा है। शक्रवार-शनिवार को यह पर्व शिव व सिद्ध योग में मनाया जाएगा। श्रीहरि को प्रसन्न करने के लिए यह दिन बहुत ही खास और महत्वपूर्ण माना जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि मोक्षदा एकादशी पर ही भगवान कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था।

इस वर्ष मोक्षदा एकादशी दो दिन मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार 22 दिसंबर के दिन सुबह 08:16 एकादशी तिथि की शुरुआत होगी, जो 23 दिसंबर के दिन सुबह 07.11 मिनट तक रहेगी। गृहस्थ लोग 22 दिसंबर के दिन यह व्रत रखेंगे, वहीं वैष्णव संप्रदाय के लोग 23 दिसंबर के दिन यह व्रत रखेंगे।

### ऐसे करें पूजन

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि स्नान आदि कर मंदिर की साफ-सफाई करें। भगवान श्री हरि विष्णु का जलाभिषेक करें। प्रभु का पंचामृत सहित गंगाजल से अभिषेक करें। अब प्रभु को पीला चंदन और पीले पुष्प अर्पित करें। मंदिर में घी का दीपक प्रज्वलित करें। संभव हो तो व्रत रखें और व्रत लेने का संकल्प करें। मोक्षदा एकादशी की व्रत कथा का पाठ करें। ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। पूरी श्रद्धा के साथ भगवान श्री हरि विष्णु और लक्ष्मी जी की आरती करें। प्रभु को तुलसी सहित भोग लगाएं। अंत में क्षमा प्रार्थना करें।

### शुभ मुहूर्त

- मोक्षदा एकादशी की शुरूआत - सुबह 08:16 से, दिसंबर 22
- मोक्षदा एकादशी समाप्त - सुबह 07:11 पर, दिसंबर 23
- व्रत पारण समय (22 दिसंबर) - रात 01:22 से 03:26
- हरि वासर समाप्त होने का समय (22 दिसंबर) दोपहर 12:59
- व्रत पारण समय (23 दिसंबर)-सुबह 07:11 से 09.15
- द्वादशी समाप्ति- 24 दिसंबर, सूर्योदय से पहले

## छूट के दायरे में रखे जाने की मांग

# डीजे संचालक सड़क पर उतरे, बोले रोजी-रोटी का संकट हो जाएगा खड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में सभी धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर और डीजे (साउंड बॉक्स) का वॉल्यूम कम करने की समय सीमा बुधवार को पूरी हो गई है। अब सिर्फ एक साथ दो लाउड स्पीकर या दो साउंड बॉक्स (स्पीकर) वह भी तय आवाज सीमा के अंदर ही बजा सकते हैं। इस गाइडलाइन के उल्लंघन पर प्रशासन कार्रवाई करेगा। जिसको लेकर डीजे संचालक सड़क पर उतर गए हैं। गुरुवार को उन्होंने टीटी नगर इलाके में एकत्रित होकर नारेबाजी भी की। हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने डीजे संचालकों को छूट के दायरे में रखने की मांग की। मध्यप्रदेश डीजे एसोसिएशन और भोपाल इलेक्ट्रॉनिक म्युजिकल बैंड एंड जॉकी एसोसिएशन के बैनर तले यह प्रदर्शन किया गया।




### 500 से ज्यादा डीजे 50 हजार लोग जुड़े

भोपाल इलेक्ट्रॉनिक म्युजिकल बैंड एंड जॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि भोपाल में 500 से अधिक डीजे हैं, जिनसे 50 हजार से अधिक लोग जुड़े हैं। डीजे पर बंदिशें लगने से उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा। आदेश के बाद से ही बुकिंग मिलना बंद हो गई है। सरकार उन्हें छूट के दायरे में रखें, या फिर 2 की जगह 4 साउंड बॉक्स चलाने की अनुमति दें। वे निर्धारित डेसीबल में ही डीजे चलाएंगे।

### 110 पुलिसकर्मियों ने कराई आंखों की जांच

**भोपाल।** पुलिसकर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर समय-समय पर कार्यशाला एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आरंभ संस्था द्वारा गुरुवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिसकर्मियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पुलिस आयुक्त कार्यालय एवं रक्षित केंद्र के 110 पुलिसकर्मियों का नेत्र परीक्षण किया गया। आरंभ संस्था द्वारा 50 पुलिसकर्मियों को चश्मे भी वितरित किए गए, जबकि शेष पुलिस कर्मचारियों को बाद में चश्मे वितरित किए जाएंगे।

## 26 से 30 दिसंबर तक की जाएगी काउंसलिंग

# फार्मेसी कोर्सः एडमिशन के लिए 26 से होंगे रजिस्ट्रेशन, टाइम टेबल किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के लिए फिर से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके लिए डीटीई ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। फार्मेसी कॉलेजों में सितंबर के बाद से प्रवेश बंद कर दिए गए थे। अब इन कॉलेजों में नए सिरे से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए 26 दिसंबर से विद्यार्थी पंजीयन करा सकेंगे। तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) ने बी. फार्मेसी, डी फार्मेसी और एम फार्मेसी में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) द्वारा अक्टूबर तक कॉलेजों को अप्रूवल दिया गया था। 30 नवंबर तक अपील की प्रोसेस चली। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने 30 दिसंबर तक प्रवेश देने की छूट दी थी। अब अपील की प्रोसेस खत्म होते ही डीटीई ने मध्यप्रदेश के कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कॉलेजों को प्रोफाइल अपडेट करने के लिए 28 दिसंबर तक का समय दिया गया है।

### 26 से 30 दिसंबर की तारीख तय

डीटीई की ओर से फार्मेसी कोर्स संचालित करने वाले कॉलेजों को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जो कॉलेज पिछली काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाए थे, वे भी शामिल हो सकते हैं। डीटीई ने टाइम टेबल वेबसाइट पर अपलोड र दिया है। काउंसिलिंग के लिए 26 से 30 दिसंबर की तारीख तय की गई है। विद्यार्थियों को 26 दिसंबर से पंजीयन कराने की सुविधा दी गई, जो 30 दिसंबर तक कर सकते हैं।

## कांग्रेस के प्रतिनिधि, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष को लिखा पत्र

# क्राउड फंडिंग होगी पहली परीक्षा, लोस चुनाव से पहले प्रति व्यक्ति 138 रु. जुटाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी की पहली परीक्षा क्राउड फंडिंग में होगी। दरअसल, संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रति व्यक्ति 138 रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। मध्यप्रदेश के संगठन को भी ये जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में पटवारी ने प्रदेश के सभी जिला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों, कांग्रेस विधायक, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अभा कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष को पत्र लिखकर ज्यादा से ज्यादा क्राउड फंडिंग करने के कहा है।



राजीव सिंह ने बताया कि यह अभियान कांग्रेस की 138 साल की यात्रा की याद दिलाता है। इस अभियान के तहत हम सभी समर्थकों को 138 रुपए से लेकर 1380 रुपए या इससे अधिक की राशि दान करने के लिए कहेंगे। 28 दिसम्बर को कांग्रेस स्थापना दिवस तक यह कार्यक्रम ऑनलाइन होगा। उसके बाद जमीनी अभियान शुरू कर घर-घर जाकर प्रत्येक बूथ में कम से कम दस घरों से न्यूनतम निर्धारित राशि का योगदान लिया जाएगा।

वहीं प्रदेश पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, अभा और प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधियों को 1380 रुपए का योगदान अभियान के तहत अनिवार्य है।

# शहरी बेघरों के लिए संचालित आश्रय स्थलों में ठहरने वाले हितग्राहियों का होगा परीक्षण, स्वास्थ्य संस्थाएं चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के विभिन्न जिलो में नगरीय प्रशासन एवं विकास के अधीन दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के घटक 'शहरी बेघरों के लिए आश्रय अंतर्गत 61 नगरीय निकायों में कुल 125 आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मण्डलोई ने बताया कि आश्रय स्थली में ठहरने वाले हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने और बेघर व्यक्तियों को राहत प्रदान करने के लिये स्वास्थ्य विभाग एवं नगरीय निकायों के मैदानी अमले को बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। प्रमुख सचिव मंडलोई ने बताया कि प्रदेश के 125 आश्रय स्थलों की मैपिंग उनके समीप संचालित संजीवनी क्लीनिक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल डिस्पेंसरी, शासकीय चिकित्सालय से की गई है।

### आश्रय स्थलों के निरीक्षण के लिए दल का गठन

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से मैप की गई स्वास्थ्य संस्था के माध्यम से आश्रय स्थलों के निरीक्षण के लिए एक दल का गठन किया जाएगा। दल प्रत्येक 15 दिवस में निरीक्षण करेगा। निकाय शीत ऋतु में मोबाईल वैन के माध्यम से रात्रि के समय फेरे लगाकर बेघरों को सुविधाजनक तरीके से आश्रय स्थल तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय कर पुलिस कि गश्त व डायल 100 को भी अवगत कराया जाए।

### ठंड से बचाव के लिये अलाव की व्यवस्था

*आश्रय स्थलों व सार्वजनिक स्थलों में ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था करने, आश्रय स्थल में नहाने के लिए गर्म पानी, रजाई एवं कंबल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे नगरीय निकाय जहाँ स्थाई आश्रय स्थल नहीं है अथवा शहरी बेघरों के सर्वेक्षण में निराश्रित लोग पाए गए है, वहां अस्थाई तौर पर किराए के भवन में व खाली पड़ी नगर निगम, नगर पालिका अधिकृत किसी भवन में आश्रय स्थल शुरू कर के निर्देश हैं।*

## अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी कर सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होने वाली विभाग से संबंधित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के आदेश जारी किए हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा समय सीमा में निराकरण नहीं किए जाने के कारण प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो उचित नहीं है। उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव, डॉ. आलोक निगम ने जारी आदेश में संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारियों से कहा है कि प्रकरणों के निर्धारित समय-सीमा में समाधान नहीं किए जाने का सीधा प्रभाव विभाग की ग्रेडिंग पर पड़ रहा है। निर्देशित किया गया है कि सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में समाधान कारक त्वरित निराकरण किया जाए। भविष्य में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आती है अथवा प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब होता है।

## एम्स के डॉक्टर्स की टीम ने बिना ऑपरेशन किया ठीक

# 52 साल के व्यक्ति के कान बार-बार बह रहा था खून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल एम्स में एक दुर्लभ बीमारी ओटिटिस एक्सटर्ना से पीडित एक मरीज का डॉक्टरों ने बिना ऑपरेशन के सफल इलाज किया। दरअसल 52 साल के एक व्यक्ति के कान से बार-बार खून निकलने की समस्या इमरजेंसी वार्ड में पहुंचा। उसने बताया कि निजी अस्पताल में वह दो बार ऑपरेशन करवा चुका है, लेकिन उसकी हालात में कोई सुधार दिखाई नहीं हुआ। इस पर मरीज को एम्स में भर्ती कराया गया और डॉ. विकास गुप्ता के नेतृत्व में ईएनटी विभाग के डॉक्टरों की एक टीम बनाकर मरीज का इलाज शुरू किया गया। जांच में पता चला कि कान के दुर्लभ संक्रमण (ओटिटिस एक्सटर्ना) से वह पीड़ति है।




### मस्तिष्क की मुख्य धमनी तक फैल चुका था संक्रमण

*संक्रमण इतना गंभीर था कि यह पहले ही मस्तिष्क की मुख्य रक्त वाहिका (आंतरिक कैरोटिड धमनी) तक फैल चुका था। इससे रक्त वाहिका (स्यूडोएन्यूरिज्म) क्षतिग्रस्त और कमजोर हो गई थी, जिसके कारण कान से बार-बार खून बह रहा था। रक्त वाहिका के पूरी तरह से फटने का भी खतरा था जिससे मरीज की जान भी जा सकती थी।*

### इंटरवेंशन रेडियोलॉजी तकनीक से किया इलाज

*एम्स भोपाल में इस क्षतिग्रस्त रक्त वाहिका का इलाज इंटरवेंशन रेडियोलॉजी तकनीक (कवर स्टेंट प्लेसमेंट) का उपयोग करके किया गया । मरीज के पेट और जांघ के बीच के स्थान से एक रक्त वाहिका में एक बहुत पतला सा तार डाला गया और उसे मस्तिष्क की क्षतिग्रस्त रक्त वाहिका तक पहुंचाया गया।*

### लोकसभा में हंगामे पर छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ भी हुए सस्पेंड

**भोपाल।** लोकसभा में हंगामा कर रहे सांसदों को निलंबित किया जा रहा है, अब इस 146 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। इनमें दिग्गजों के नाम शामिल हैं। बता दें कि, आज भी 3 सांसदों को निलंबित किया गया है। जिसमें छिंदवाड़ा से कांग्रेस सासंद और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुलनाथन का नाम शामिल हैं। गुरुवार को भी लोकसभा में हंगामा करने वाले तीन और सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही सस्पेंड हुए सांसदों की संख्या 146 हो गई है। लोकसभा में जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें नकुलनाथ, डीके सुकेश, दीपक बैज शामिल हैं। इतना ही नहीं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री मामले में भी विपक्ष के नेताओं की काफी आलोचना हो रही है। नकुल ने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक जैसे संवेदनशील मुद्दे में संसद के शीतकालीन सत्र 2023 के दौरान लगातार विपक्षी सांसदों का निलंबन संविधान की अखंडता को कमजोर कर रहा है और लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को चुनौती दे रहा है। आज सरकार के तानाशाही रवैए के चलते मुझे भी सदन से निलंबित कर दिया गया है।

दिल्ली शराब घोटाला में ईडी का समन

# सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन को बताया राजनीति से प्रेरित तो पात्रा ने कहा- ये ही घोटाले के मास्टरमाइंड, बार- बार समन की करते जा रहे अवहेलना... अब जेल में रहकर करना होगा आसन

## केजरीवाल ने दिया जवाब- ईडी इसे वापस ले, मैं कुछ नहीं छिपा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से जारी किए गए समन पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ये समन राजनीति से प्रेरित है। इसे ईडी को वापस लेना चाहिए।मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं हर कानूनी समन मानने को तैयार हूं। ये समन भी पिछले समन की तरह गैर कानूनी है। मैंने अपना जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता से जिया है। कहा जा रहा वकीलों की राय के बाद ही केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने के बजाय विपश्यना पर जाने का निर्णय लिया है। वकीलों ने इस बार फिर ईडी के समन में कोई खामी निकाली है।

### विपश्यना कोर्स के लिए दिल्ली के बाहर गए



केजरीवाल गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। वेबुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना के लिए चले गए हैं। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे विपश्यना के लिए किस शहर में गए हैं। उन्हें विपश्यना पर मंगलवार को जाना था, लेकिन इंडिया गठबंधन की बैठक के कारण एक दिन के लिए टल गया था।ईडी ने उन्हें गुरुवार को बुलाया है।केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के नोटिस के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। शायद वे ईडी के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखें।

### विपश्यना का कार्यक्रम निश्चित था

आपने ईडी के कदम पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पार्टी के वकील समन का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी रूप से उचित कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा केजरीवाल का विपश्यना पर जाने का कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित था और यह जानकारी सार्वजनिक थी। केजरीवाल को ईडी ने अक्टूबर और 2नवंबर को तलब किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। तब उन्होंने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देते हुएसमय मांगा था, 2 नवंबर को उनके वकीलों ने सवाल किया था।

### ये दो चीजें विपक्षी गठबंधन को जोड़ रहीं

#### शराब और अपमान गठबंधन को फेविकोल की तरह जोड़ रहे



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस वार्ता की। भाजपा ने केजरीवाल को शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। संबित पात्रा ने कहा कि इन्होंने मनीष सिसोदिया को सूली पर चढ़ाया। ये जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। लेकिन कानून के हाथ बहुत लंबे बोते हैं। जेल में सारे आसन की सुविधा है। उन्होंने कहा कि 'शराब और दूसरों का अपमान ऐसा फेवीकोल है, जो विपक्षी गठबंधन को जोड़े रखता है।

**वे कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते**

पात्रा ने केजरीवाल को ईडी के समन को पालन नहीं होने को लेकर तंज कसा है। इस पर पात्रा ने कहा कि वे कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते। आपने घोटाला किया है और आप पकड़े जाएंगे।

### घोटाला करके ये भाग रहे

पात्रा ने केजरीवाल को दिल्ली के शराब घोटाले में कथित संलिप्तता, कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 350 करोड़ की नकदी मिलने और आप नेताओं के ईडी की जांच से भागने के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि 'कोई शराब घोटाला करके भाग रहा है, कोई उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहा है। पात्रा ने आरोप लगाया की विपक्षी गठबंधन पर भारत की सनातन परंपराओं का अपमान करती है। केजरीवाल घोटाला करके अब इधर उधर भाग रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 31 को मन की बात के लिए पीएम ने मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किऐ हैं। मन की बात कार्यक्रम 31 दिसम्बर को प्रसारित किया जाएगा और यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 108वीं कड़ी होगी।

### संजय सिंह को 10 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने ईडी से सिंह को अपने 5वें पूरक आरोप पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा।

### चेन्नई के कंपनी के पूर्व सीईओ को 5 साल कैद



**चेन्नई।** यहां की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया को 2.06 करोड़ का नुकसान पहुंचाने के मामले में पालपाप इचिनिची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के पूर्व सीईओ सह चेयरमैन पी सेंथिल कुमार और दो अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों और चेन्नई की कंपनी पर 2.10 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है।

### कनॉट प्लेस की गोपाल दास बिल्डिंग में आग



**नई दिल्ली।** यहां के पॉश इलाके कनॉट प्लेस में आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर को दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित गोपाल दास बिल्डिंग में आग लग गई। आग बिल्डिंग के 11वें फ्लोर पर लगी है। दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के बाद संसद में हंगामा, गुरुवार को संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

भाजपा ने दिल्ली के जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन माफी मांगे विपक्ष

# भाजपा ने 'अपमान' पर जताया गुस्सा कांग्रेस ने कहा-पहले लोकतंत्र बचाओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री पर पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ गई है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत अन्य नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और प्रवेश वर्मा भी शामिल थे।



### हापुड़ में भी मिमिक्री पर उबले भाजपाई

#### राहुल का पुतला फूंका, नारेबाजी कर संविधान का अपमान बताया



हापुड़ में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धनखड़ का विपक्षियों द्वारा किए गए अपमान के विरोध में एचपीडीए चौराहा पर राहुल का पुतला फूंका। जोरदार नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि जाट किसान परिवार में जन्में और राजस्थान के गौरव, देश के महामहिम उपराष्ट्रपति धनखड का घमंडिया नेताओं ने जिस तरह उपहास किया, वो सिर्फ एक व्यक्ति या पद नही बल्कि भारतीय संविधान के अपमान की पराकाष्ठा है। इस अमर्यादित व्यवहार से पूरी संसद की गरिमा भंग हुई है।

**निलंबन के खिलाफ पुरानी संसद से विजय चौक तक विपक्ष का मार्च**

### 'लोकतंत्र बचाओ', सदन नहीं चलाना चाहती सरकार

विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों से 140 सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए गुरुवार को संसद भवन से एक मार्च निकाला जो विजय चौक पर संपन्न हुआ। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर 'लोकतंत्र बचाओ' लिखा था। खरगे ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संसद से जुड़े विषयों पर सदन के बाहर बोल रहे हैं जो विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है। निलंबन के खिलाफ हमारा प्रदर्शन है। सरकार और मोदी जी यह नहीं चाहते कि सदन चले।

### यह लोकतंत्र नहीं, अधिनायकवाद है, जबरन की जा रही यह कार्रवाई: खरगे

खरगे ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया कि विपक्षी सांसदों को निलंबित करके महत्वपूर्ण कानूनों को पारित करना लोकतंत्र नहीं बल्कि 'अधिनायकवाद' है। उन्होंने एक्स पर लिखा,




पीएम मोदी और उनकी सरकार ये नहीं चाहते कि सदन चले। लोकतंत्र में सवाल करना हमारा अधिकार है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर पीएम और गृह मंत्री बयान दें। उन्होने कहा कि अगर आप सदन में नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे ? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बाकी जगहों पर जाकर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं दते हैं। ऐसा करने से उन्होंने सदन का अपमान किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों का थोक में निलंबन 'लोकतंत्र की हत्या' का प्रतिनिधित्व करता है।

### अंतिम दिन भी विपक्ष के 3 और सांसद निलंबित



संसद की सुरक्षा में चूक और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के बाद संसद में हंगामे के बाद विपक्षी सांसदों का निलंबन अंत तक जारी रही। गुरुवार को तीन और कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश, दीपक बैज और नकुल नाथ संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। इस तरह से निलंबित सांसदों की संख्या बढ़कर 146 हो गई है। इनमें 100 लोकसभा के सांसद हैं, जबकि 46 राज्यसभा के सांसद हैं। संसद में सांसदों के निलंबन का सिलसिला 4 दिसंबर को शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान हुआ है। संसद की सुरक्षा में चूक के बाद 14 दिसंबर को 14, सोमवार को 78, मंगलवार को 49, बुधवार को दो और गुरुवार को तीन सांसदों को निलंबित कर दिया गया। सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी पार्टी के सांसद विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। संसद के परिसर में विपक्षी पार्टियों की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है, जबकि उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने के खिलाफ राजग के सांसद भी प्रदर्शन किया।

### लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, सदन में पीएम मोदी भी पहुंचे

लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। शोर शराबे, जोरदार हंगामे और प्रदर्शनों के बाद संसद का शीतकालीन सत्र खत्म हो गया। सदन की टकराहट सड़क तक पहुंची। एक तरफ सांसदों के निलंबन का इतिहास बना तो दूसरी तरफ सभापति का अपमान भी हॉट टॉपिक बना।



### मायावती का 'गठबंधन' पर निशाना

#### राजनीति में कब, किसको किसकी जरूरत पड़ जाए...



बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस पर निशाना साधा है। उन्होंने गठबंधन से दूरी बनाने वाले दलों के बारे में बेमतलब की टीका-टिप्पणी नहीं करने की सलाह देते हुए गुरुवार को कहा कि भविष्य में कब, किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए, यह कहा नहीं जा सकता। मायावती ने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि विपक्ष के गठबंधन में बसपा सहित जो भी पार्टियां शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी का भी फिजूल की टीका-टिप्पणी करना सही नहीं है। मेरी उन्हें सलाह है कि वह इससे बचें। पार्टियों को बाद में काफी शर्मिंदगी उठानी पड़े यह ठीक नहीं है। सपा जीता जागता उदाहरण है।

### राहुल गांधी के 'जेबकतरे' बयान पर हाईकोर्ट बोला

## ऐसा कथन 'ठीक' नहीं,चुनाव आयोग 8 हफ्ते में करे फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कुछ दिन पहले पीएम मोदी के लिए 'जेबकतरा' शब्द का इस्तेमाल किया था।

भाजपा ने इसे लेकर चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी। पीएम को लेकर राहुल गांधी ने यह अपमानित शब्द 22 नवंबर को उनके खिलाफ दिए गए भाषण में इस्तेमाल किया था। इस शब्द के इस्तेमाल पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम को 'जेबकतरा' कहा गया था यह शब्द उनके मुंह से निकलना सही नहीं था।

#### ईसी इस मामले की कर रहा जांच

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यद्यपि कथित बयान





"अच्छे नहीं" हैं। चुनाव आयोग (ईसी) इस मामले की जांच कर रहा है और उसने गांधी को नोटिस भी जारी किया है। अदालत ने कहा कि 23 नवंबर को भेजे गए नोटिस में चुनाव आयोग ने खुद कहा था कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।

### जिला जज ने दिया निर्णय

## 'मुस्लिम पैरोकार' गैरमौजूद रहे ज्ञानवापी पर 3 को होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में एएसआई सर्वे को लेकर फैसला नहीं आया है। जिला जज ने मामले की सुनवाई 3 जनवरी 2024 को तय की है। अदालत ने यह फैसला कोर्ट में मस्जिद पक्ष की अनुपस्थिति की वजह से सुनाया है। एएसआई की टीम ने जिला जज की अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की थी। इस पर गुरुवार को फैसला आना था।मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में आवेदन देकर मांग की थी कि परिसर में हुए सर्वे की रिपोर्ट सील बंद होनी चाहिए और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाए।



#### कोर्ट में पेश नहीं हुए मुस्लिम पक्ष

सुनवाई के दौरान डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में हिंदू पक्ष मौजूद रहा, लेकिन मुस्लिम पक्ष की तरफ से कोई भी मौजूद नहीं था। जिला जज ने कहा कि अगर दोनों पक्ष होंगे तभी इस मामले पर सुनवाई होगी। हालांकि इंतजामिया की तरफ से कोई वकील मौजूद नहीं था। इसके बाद तिथि आगे बढ़ा दी है।

सोनिया की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की बैठक

## सीट शेयरिंग के साथ राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। विपक्षी गठबंधन इंडिया में समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग की योजना तैयार की गई।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शामिल हुए।हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस के आलाकमान की ये पहली बैठक है।




#### लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति बनाएं

बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण के संदर्भ में भी चर्चा की गई। मल्लिकार्जुन खरगे नेसभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने के विवाद तथा विपक्षी सांसदों के निलंबन का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिन लोगों पर सांसदों के संरक्षण की जिम्मेदारी है, वो दलगत राजनीति का हिस्सा बनकर तथा जाति, क्षेत्र और व्यवसाय को ढाल बनाकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति बनानी होगी तथा समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतनी होंगी। नेताओं और कार्यकर्ताओं की यह मांग है कि राहुल पूर्व से पश्चिम की ओर दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा निकालें।

# भाजपा ने फिर शुरू की 'स्नेह यात्रा, लोकसभा की तैयारी की

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

लोकसभा चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं, लेकिन भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। केरल में भाजपा ने गुरुवार को अपनी 'स्नेह यात्रा' फिर से शुरू कर दी है। यह एक पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य राज्य में ईसाई समुदाय को पार्टी से जोड़ना है। भाजपा ने इसकी शुरुआत ईस्टर के दौरान शुरू की थी। केरल में ईसाईयों की आबादी 19फीसदी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कक्कनाड में सिरो मालाबार चर्च के पूर्व प्रमुख कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी से मुलाकात की और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।



क्रिश्चियंस के सहारे केरल में कमल खिलाने की योजना

#### प्रदेशाध्यक्ष ने बंद कमरे में की गुफ्तगू

सुरेंद्रन ने बाद में एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि राज्य में 'स्नेह यात्रा' की शुरुआत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चर्च प्रमुखों के साथ अपनी बैठकों की तस्वीरें भी साझा कीं। चर्च के अधिकारियों और भाजपा नेतृत्व ने अभी तक बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान चर्चा के विषयों को स्पष्ट नहीं किया है। एक भाजपा नेता ने कहा कि एलेनचेरी के साथ बैठक 45 मिनट से अधिक समय तक चली और यह एक गर्मजोशी भरी और मित्रतापूर्ण बैठक थी।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विपक्ष के राजनेताओं को भी बुलावा

# सोनिया- मनमोहन और खरगे को भी मिला न्योता

## राम मंदिर ट्रस्ट ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी की

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने का पूरा इंतजाम कर लिया गया है। इस समारोह को लेकर किसी प्रकार की राजनीति न हो, इसको लेकर भी विशेष कदम उठाए गए हैं। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी न्योता दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया।



#### खरगे ने स्वीकारा

मनमोहन सिंह अस्वस्थ हैं। पिछले दिनों वे राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान व्हील चेयर पर दिखे थे। मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के दौरान नृपेंद्र मिश्र ने कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया। नृपेंद्र ने पहले ही खरगे से समय मांगा था। खरगे ने कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

**कार्यक्रम में शामिल होने पर बाद में फैसला**

राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने पर कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से अभी फैसला न लिए जाने की भी बात कही जा रही है। सूत्रों का कहना है कि समारोह में शामिल होने पर फैसला कार्यक्रम के पास आने पर लिया जा सकता है। माना जा रहा है कि कांग्रेस से किसी नेता के इस कार्यक्रम में जाने की उम्मीद है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

#### राजनेताओं को भेजा जा रहा आमंत्रण

ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा में विभिन्न दलों के राजनीतिक नेताओं को आमंत्रित कर रहा है। पंजाब जैसी कांग्रेस की कई राज्य इकाइयां पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वे बसों में तीर्थयात्रियों को अयोध्या भेजेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या का मुद्दा प्रमुखता से उभरने की उम्मीद की जा रही है। ऐसे में गैर- भाजपा दलों के बीच चुनाव पर इसके प्रभाव के बारे में अभी अनिश्चितता जताई जा रही है। ऐसे में राम मंदिर के मुद्दे पर लोग अधिक चर्चा करने से बचते दिख रहे हैं।

**रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज**

# कश्मीर में 40 दिन की कठोर सर्दी... 'चिल्ला-ए-कलां' की दस्तक

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि चिल्ला-ए-कलां गुरुवार को शुरू हो गई, जिसके दौरान कई स्थानों पर पारा जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। यानी तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर शहर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**खास बातें**

- तापमान में गिरावट के कारण जम गए जलस्रोत
- कपड़ों की अतिरिक्त परतें पहनने कर दिया मजबूर
- बिजली की आपूर्ति भी अनियमित



### मौसम विज्ञानियों का दावा- तापमान में गिरावट के कारण जमने लगे जलस्रोत

मौसम विज्ञानियों ने कश्मीर में अगले कुछ दिनों में आम तौर पर शुष्क मौसम का पूर्वानुमान लगाया है। तापमान में गिरावट के कारण धीमी गति से चलने वाले कई जलस्रोत जम गए हैं। इसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में जल आपूर्ति पाइप भी जम गए हैं। तीव्र शीत लहर ने शहर में लोगों को गर्म रहने के लिए कपड़ों की अतिरिक्त परतें पहनने के लिए मजबूर कर दिया है। कश्मीर के कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति अनियमित होने के कारण लोगों ने ठंड से बचने के लिए कांगड़ी का सहारा लिया है। तापमान में गिरावट के कारण बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी समस्याएं बढ़ गई हैं।

**चिल्ला-ए-कलां 31 जनवरी को हो जाएगा समाप्त**

परंपरागत रूप से घाटी के निवासी सर्दियों के महीनों के दौरान ताजी सब्जियों की कमी को दूर करने के लिए सूखी सब्जियों का सेवन करते थे क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर-जम्मू अक्सर बंद रहता था। जबकि सूखी सब्जियां अभी भी व्यंजनों के रूप में खाई जाती हैं हालांकि जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग अब बार-बार बंद नहीं होता है। चिल्ला-ए-कलां 31 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद भी कश्मीर में 20 दिनों की चिल्लई-खुर्द (छोटी ठंड) और 10 दिनों की चिल्लई-बच्चा (बच्चा ठंड)) के साथ शीत लहर जारी रहती है।

### बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक

बताना चाहेंगे चिल्ला-ए-कलां 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि है जब इस क्षेत्र में शीत लहर चलती है और तापमान काफी गिर जाता है जिससे यहां की प्रसिद्ध डल झील के साथ-साथ घाटी के कई हिस्सों में जल आपूर्ति लाइनों सहित जल निकाय जम जाते हैं। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक और अधिकतम होती है और अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी होती है। इस दौरान फ्लू, खांसी और सर्दी जैसी सामान्य बीमारियों से बचने के लिए लोग घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं।

### गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस

वहीं अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस, बारामूला जिले के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग शहर में पारा शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### भूकंप से चीन में हुई तबाही, 111 की मौत



**बीजिंग।** चीन के उत्तर-पश्चिम यानी चीन के गांसु-किंघई प्रांत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या अभी तक 111 को पार कर गई है। भूकंप में 230 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह भूकंप जोरदार था कि इसमें कई इमारतें भी ध्वस्त हो गई हैं और चारों ओर चीख-पुकार मच गई है।

### लंदन में एक और भारतीय का मिला शव



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में बीते हफ्ते से लापता भारतीय छात्र का शव बरामद किया गया है। भारतीय छात्र गुरशमन सिंह भाटिया का शव पूर्वी लंदन के केनरी वार्फ इलाके से बरामद हुआ है। बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने विदेश मंत्री जयशंकर के समक्ष इस मुद्दे को उठाते हुए हस्तक्षेप की मांग की है।

### बैन आतंकवादी संगठन के 70 समर्थक सरेंडर



**क्वेटा।** विद्रोही समूह के नेता सरफराज बुंगुलजई उर्फ मुरीद बलूच ने अपने 70 समर्थकों के साथ सरकार के सामने सरेंडर कर दिया है। उसने भारत पर प्रांत में हिंसा को वित्त पोषित करने का आरोप लगाया है।

---

**अजरबैजान दे चुका धमकी**

## समझौता: आर्मीनिया को और हथियार बेचेगा भारत, अजरबैजान को लगी मिर्ची

■ 6 हजार करोड़ रुपए की डील पर लगी मुहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अजरबैजान के विरोध के बावजूद भारत एक बार फिर आर्मीनिया को हथियार की एक बड़ी खेप निर्यात करने की तैयारी में है। भारत स्वदेश में निर्मित आकाश एंटी-एयर सिस्टम आर्मीनिया को निर्यात करेगा। इसमें रॉकेट लॉन्चर, तोप, गोला-बारूद के साथ-साथ ड्रोन भी शामिल हैं।

आकाश भारत की पहली स्वदेश निर्मित मध्यम श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। भारत यह हथियार वियतनाम और फिलीपींस को भी निर्यात की तैयारी में है। हथियारों की खेप भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ हुई 6 हजार करोड़ रुपए की डील के तहत आर्मीनिया को निर्यात किया जाना है। जिसमें मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, आर्टिलरी गन, गोला-बारूद और ड्रोन का निर्यात भी शामिल हैं।

### अजरबैजान ने दी थी चेतावनी

भारत, आर्मीनिया को ऐसे समय में हथियार निर्यात करने की तैयारी में है, जब हाल ही में अजरबैजान ने भारत और फ्रांस को चेतावनी देते हुए कहा था कि आर्मीनिया को हथियार निर्यात करने वाले देश आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने 6 दिसंबर को कहा था कि भारत और फ्रांस जैसे देश आर्मीनिया में भ्रम पैदा कर रहे हैं कि इन हथियारों की बदौलत वो काराबाख को वापस ले सकते हैं। नागोर्नो-काराबाख इलाके को लेकर अजरबैजान और आर्मीनिया में दशकों से विवाद है। नागोर्नो-काराबाख फिलहाल अजरबैजान के कब्जे में है। अलीयेव ने कहा था कि भारत और फ्रांस की ओर से आर्मीनिया को जारी हथियार आपूर्ति से क्षेत्र में एक नया युद्ध शुरू हो सकता है। अगर आर्मीनिया को भारत और फ्रांस से महत्वपूर्ण हथियार मिलना शुरू हो जाता है तो अजरबैजान प्रतिक्रिया देने के लिए बाध्य होगा।

### भारत आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा

अक्टूबर 2023 में आर्मीनिया के एक सीनियर अधिकारी हथियार डील के संबंध में चर्चा करने के लिए भारत आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारी ने कहा था कि आर्मीनिया की जरूरतों के अनुसार भारत एक विश्वसनीय हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। भारत ने पहली खेप में पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, एंटी-टैंक मिसाइल, रॉकेट और गोला- बारूद भेजा था। पिछले साल नवंबर में कल्याणी स्ट्रैटजिक सिस्टम्स ने भी आर्टिलरी गन निर्यात के लिए एक अज्ञात विदेशी ग्राहक के साथ 155 मिलियन डॉलर की डील की घोषणा की थी। यह डील भी आर्मीनिया की ही थी।

---

**सैन्य क्षमता विकास: दुनियाभर में अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ा रहा भारत**

# एयरोस्पेस नई ऊंचाइयों पर, कई देशों ने आकाश मिसाइल सिस्टम में दिखाई रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का रक्षा उद्योग देश की जरूरते पूरी करने के साथ ही दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। इसी कड़ी में स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्मनिर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण करके लगातार एयरो स्पेस की दुनिया में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

> आकाश मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया। इसमें सतह से हवा में मार करने की क्षमता है।

**खास बातें**

- आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर
- फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र भी बढ़ा रहा भारत की ओर हाथ
- आकाश मिसाइल की रेंज 25 किमी

### मुंबई में मिसाइल की प्रतिकृति का उद्घाटन



आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अगले महीनों में आर्मेनिया को डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच, ब्राजील, मिस्र और फिलीपींस सहित कई देशों ने आकाश मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाई है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामथ ने प्रतिभाशाली युवाओं को रक्षा अनुसंधान और विकास की ओर आकर्षित करने के लिए मुंबई में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में मिसाइल की प्रतिकृति का उद्घाटन किया था।

### आकाश मिसाइल की यह है खासियत

स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किए जाने के लिए 30 दिसम्बर 2020 को मंजूरी मिली थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है। इस मिसाइल को 2014 में वायुसेना और 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। इस मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया, जिस पर कई मित्र देशों ने इसके प्रति रुचि दिखाई।

**सेना कर रही प्रयोग**

आकाश मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है। इस सिस्टम के कई उन्नत संस्करणों का विकास किया गया है। वायु सेना ने 12 दिसंबर को सूर्यलंका वायु सेना स्टेशन पर 'अस्त्र शक्ति' के दौरान स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली की एक ही फायरिंग से एक साथ मानव रहित चार लक्ष्यों पर निशाना साधकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।



### 'आईएनएस कदमत्त' पहुंचा थाईलैंड, समुद्री सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय युद्धपोत आईएनएस कदमत्त 19 दिसम्बर मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक बंदरगाह पर पहुंचा। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तरी प्रशांत महासागर और दक्षिण चीन सागर में भारत-थाई समुद्री सहयोग को मजबूत और दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। आईएनएस कदमत्त भारतीय नौसेना के चार स्वदेशी एएसडब्ल्यू कार्वेट में से एक है। 7 जनवरी, 2016 को संचालित किये गए इस जहाज ने मित्र देशों के साथ कई संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों में भाग लिया है और क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री संबंधों को बढ़ावा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से सुसज्जित है, जो उसे कई प्रकार के मिशनों को अंजाम देने में सक्षम बनाता है। नौसेना स्टाफ के प्रमुख हरि कुमार हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी कॉन्क्लेव ऑफ चीफ्स के 8वें संस्करण के लिए तीन सदस्यीय भारतीय नौसेना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

---

**ताइवान पर जिनपिंग की दो टूक**

## कहा- अपने साथ मिलाएंगे लेकिन कब...ये नहीं बताएंगे

एजेंसी ▶▶ सैन फ्रांसिस्को

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को चेताया है कि बीजिंग ताइवान को फिर से अपने मेनलैंड के साथ जोड़ लेगा। लेकिन शी जिनपिंग ने कहा कि अभी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। शी जिनपिंग ने सैन फ्रांसिस्को में अपने हालिया शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन को चेतावनी दी। शी ने बाइडेन से कहा कि चीन की प्राथमिकता है कि वो ताइवान को शांति से ले ले, बल से नहीं।

### जिनपिंग की यह योजना

शी जिनपिंग 2025 या 2027 में ताइवान को लेने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बाइडेन को बताया कि वे गलत थे क्योंकि उन्होंने कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। चीनी अधिकारियों ने शिखर सम्मेलन से पहले यह भी कहा कि जो बाइडेन मीटिंग के बाद एक सार्वजनिक बयान दें और कहें कि अमेरिका ताइवान के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण के चीन के लक्ष्य का समर्थन करता है।




---

**संघर्ष विराम के कयासों के बीच नेतन्याहू का ऐलान**

## हमास के खात्मा होने तक नहीं रुकेगा संघर्ष, अपने बयानों को बार-बार दोहरा रहे

> जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई संघर्षविराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर संघर्षविराम का दबाव बना रहे हैं।

ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है।

### बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक

हालांकि इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय संघर्षविराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं। दरअसल अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर संघर्ष विराम का दबाव बना रहे हैं। तो वहीं बेंजामिन नेतन्याहू ने अब इस मामले पर अपना रुख साफ कर दिया है, यह कहकर कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई संघर्षविराम नहीं होगा। नेतन्याहू का कहना है कि हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते।

### फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी बना रहे दबाव

इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने संघर्षविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, संघर्ष बंद नहीं हो सकता।

---

**पूर्व पीएम नवाज का छलका दर्द**

## भारत चांद तक पहुंच गया हम धरती पर संभल नहीं पाए



> नवाज शरीफ ने एक बार फिर की भारत की तारीफ

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से चंद्रयान-3 मिशन के लिए भारत की प्रशंसा की। शरीफ ने कहा कि हमारा पड़ोसी चंद्रमा पर पहुंच गया है, लेकिन हम पाकिस्तान में अभी भी जमीन पर ठीक से खड़े नहीं हो पाए हैं। यह ऐसे ही नहीं चल सकता। शरीफ ने कहा कि 'हम अपने पतन के लिए खुद जिम्मेदार हैं, नहीं तो यह देश एक अलग स्थान पर पहुंच गया होता।

### भीख मांगने के लिए देश-देश घूम रहे हमारे पीएम

नवाज शरीफ ने कहा था कि 'आज पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भीख मांगने के लिए देश-देश घूम रहे हैं, जबकि भारत चांद पर पहुंच गया है और जी-20 बैठकें कर रहा है। भारत ने जो उपलब्धि हासिल की, वह पाकिस्तान क्यों हासिल नहीं कर सका। यहां इसके लिए कौन जिम्मेदार है?' 2019 से लंदन में रह रहे नवाज शरीफ लंबे समय से पाकिस्तान के राजनीतिक मंच पर वापसी की कोशिश कर रहे हैं। उनकी पाकिस्तान की धरती पर वापसी को लेकर सुगबुगाहट पिछले साल नवंबर से ही शुरू हो गई थी जब उन्हें पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय द्वारा पांच साल का राजनयिक पासपोर्ट जारी किया गया था।

### 3 बार पाक के पीएम रहे नवाज चौथी बार सत्ता पाने की कर रहे हैं कोशिश

बता दें पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली के लिए न तो भारत और न ही अमेरिका जिम्मेदार है। तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ चौथी बार सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। शरीफ का भारत के संबंध में नरम और प्रगतिशील रुख अपनाना कोई नई बात नहीं है।

---

**सीईसी-ईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ा विधेयक संसद में हुआ पास**

# केंद्र सरकार का अफसर बनेगा चुनाव आयोग में आयुक्त, रास्ता साफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से लोकसभा में पारित कर दिया गया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने कहा था कि मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण नियंत्रण करना चाहती है।



**खास बातें**

- राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे कर दिया था पारित
- विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया
- कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा

> नए कानून के आकार लेने के बाद केंद्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे।

### भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 राज्यसभा में हुआ पास

राज्यसभा ने दूरसंचार क्षेत्र में रिफॉर्म से जुड़े विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। लोकसभा में इस विधेयक को 20 दिसंबर को पास किया गया। इसके साथ ही अब भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 को संसद की मंजूरी मिल चुकी है। यह विधेयक कानून बनने के बाद यह विधेयक भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम 1933 तथा टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1950 का स्थान लेगा। बहस में विपक्ष नहीं थे।

**विपक्ष नें नहीं किया...**

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 324 देश में चुनाव कराने से जुड़ा है। इसके दूसरे भाग में कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद एक कानून बनाएगी, लेकिन विपक्ष ने सत्ता में रहते हुए ऐसा नहीं किया।

### राष्ट्रपति करेंगे नियुक्ति

विधेयक के प्रावधानों के तहत सीईसी और ईसी की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता, सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। केन्द्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे। विपक्ष के कुछ नेताओं ने चर्चा के दौरान विधेयक का विरोध किया और कहा कि इससे सरकार मनमाने ढंग से नियुक्ति करेगी।

# पिछले साल तक 'माली' थे स्पेंसर, 10 करोड़ में बिके, नीलामी की राशि से मां खुश

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन पिछले साल तक 'लैंडस्केप' माली का काम कर रहे थे लेकिन दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी में गुजरात टाइटन्स द्वारा 10 करोड़ रुपए की बड़ी राशि में खरीदे जाने के बाद उनकी मां के चेहरे पर मुस्कान आ गई है।

ऐसा भी समय था जब लग रहा था कि जॉनसन का क्रिकेट कॅरियर खत्म हो जाएगा। जॉनसन ने यहां पत्रकारों से कहा, 'आठ महीने पहले मेरे पास राज्य क्रिकेट का कोई करार या बिग बैश का अनुबंध भी नहीं था। मैं 'लैंडस्केप' पर पौधे लगाने का काम कर रहा था। इसलिए 8 महीने बाद निश्चित रूप से हालात बदल गए हैं।'

### 'द हंड्रेड' में खींचा ध्यान

*पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की कोचिंग वाली आईपीएल फ्रेंचाइजी ने ही उन्हें खरीदा जिससे वह गुजरात टाइटन्स के राशिद खान के बाद दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। 'द हंड्रेड' में खेलने के बाद जॉनसन पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान गया और उन्हें आस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए चुना गया। उन्होंने इंदौर में अगस्त में भारत के खिलाफ अपना एकमात्र वनडे खेला जिसमें उन्होंने आठ ओवर में 61 रन दिए लेकिन विकेट नहीं ले सके। उन्होंने अपने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले।*

**आईपीएल** आठ महीने पहले नहीं था राज्य क्रिकेट का कोई करार



### 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार


दक्षिण आस्ट्रेलिया के लिए 2017 में पेशेवर पदार्पण के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह तीन साल तक क्रिकेट से बाहर रहे और फिर अनुबंध भी उनके हाथों से चला गया। सर्जरी और 'रिहैबिलिटेशन' के बाद 2022 में इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने दक्षिण आस्ट्रेलिया से फिर अनुबंध किया और इस साल जनवरी में ब्रिसबेन हीट के लिए बिग बैश लीग में पदार्पण किया। पिछले बिग बैश लीग सत्र में इस 28 साल के तेज गेंदबाज ने 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी को आकर्षित किया।

### मां के चेहरे पर मुस्कान

जॉनसन ने कहा कि आईपीएल का लुभावना अनुबंध मिलना विशेष पल है लेकिन इससे ज्यादा संतोषजनक उनकी मां के चेहरे पर मुस्कान देखना था। बिग बैश लीग मैच से पहले जॉनसन ने कहा, 'एडीलेड में अपनी मां के चेहरे पर 'फेसटाइम' पर मुस्कान देखना अच्छा था। यह मेरे लिए ही खुशी का पल नहीं है बल्कि मेरे पूरे परिवार के लिए खुशी का पल है। यह काफी विशेष है।'

## हमने सही खिलाड़ी को चुना : प्रीति शशांक पर पंजाब का स्पष्टीकरण

*नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने बुधवार को स्पष्टीकरण जारी किया कि दुबई में आईपीएल नीलामी के दौरान उन्होंने सही क्रिकेटर को अपने साथ जोड़ा है जबकि इस तरह की खबरें थी कि नाम में भ्रम के कारण उन्होंने 'गलत' खिलाड़ी के लिए बोली लगा दी। मंगलवार को शशांक सिंह को नीलामी के अंतिम लम्हों में खरीदा गया जब विभिन्न फ्रेंचाइजी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए के उनके आधार मूल्य पर खरीदने का प्रयास कर रहीं थी। नीलामी की संचालनकर्ता ने जब शशांक के नाम की घोषणा की तो पंजाब किंग्स की सह मालिक प्रीति जिंटा ने तुरंत ही बोली लगा दी और यह क्रिकेटर बिक गया। खबरों के अनुसार फ्रेंचाइजी ने बाद में 'महसूस' किया कि उन्होंने गलती कर दी है और उन्होंने बोली वापस लेने के लिए नीलामी संचालनकर्ता से संपर्क किया। अपने स्पष्टीकरण में पंजाब किंग्स ने कहा, 'मीडिया ने शशांक सिंह के बारे में लिखा है कि पंजाब किंग्स ने उन्हें गलती से खरीद लिया। पंजाब किंग्स स्पष्ट करना चाहते हैं यह खिलाड़ी हमेशा उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल था जिन पर हमें बोली लगानी थी।'*



### छत्तीसगढ़ निवासी हैं शशांक सिंह

पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि सही खिलाड़ी चुना गया है और फ्रेंचाइजी की पिछले कुछ समय से उन पर नजरें थी। अधिकारी ने कहा, 'हमने सही खिलाड़ी को चुना है। पिछले कुछ समय से हम उस पर नजर रखे हुए थे। वह छत्तीसगढ़ का 32 साल का खिलाड़ी है जो 2022 सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था।' उन्होंने कहा, 'खबरों में इसी नाम के 19 साल के क्रिकेटर के साथ भ्रम हो रहा है।'

## खबर संक्षेप



### प्रणवी ने हासिल किया पूर्ण एलईटी कार्ड

**मराकेश।** भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने क्वालीफाइंग स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम चरण में संयुक्त 31वें स्थान पर रहकर 2024 के लिए लेडीज यूरोपीय टूर का पूर्ण कार्ड हासिल किया। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शानदार प्रदर्शन किया और बैक नाइन पर कुछ परेशानियों से जूझते हुए वह अंतिम दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने में सफल रहीं जिससे उनका कुल स्कोर 12 अंडर 351 रहा। प्रणवी इस तरह एलईटी टूर पर हमवतन गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक के साथ शामिल हो गईं जो टूर की पहले ही पूर्ण सदस्य हैं।

### स्टोक्स, आर्चर के लिए टीम में रहेगी जगह

**तारोबा।** इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि स्टार आल राउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की मैच जिताने की काबिलियत को देखते हुए उनका 2024 टी20 विश्व कप के लिए टीम में होना निहायत जरूरी है। इसलिए चोट से जूझ रहे इन दोनों खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बनी रहेगी। स्टोक्स के घुटने का नवंबर में ऑपरेशन हुआ था और उनके अगले साल जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की कप्तानी के लिए फिट होने की उम्मीद है। वहीं आर्चर कोहनी की चोट के कारण मार्च से इंग्लैंड के लिए नहीं खेले हैं।

### चोटिल शहजाद टेस्ट श्रृंखला से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद पसली में फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की खुर्रम शहजाद की बायीं पसली में फ्रैक्चर है तथा विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने के बाद यह फैसला किया गया कि वह मेलबर्न में 26 दिसंबर से और सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।



### अली ने निदेशक पद के लिए किया आवेदन

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान अजहर अली ने लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के निदेशक पद के लिए आवेदन किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एनसीए के निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार अजहर ने न सिर्फ आवेदन किया है बल्कि उन्होंने इस पद में गहरी दिलचस्पी भी दिखाई है।

**क्रिकेट :** सैमसन का पहला शतक, अर्शदीप ने झटके चार विकेट

# भारत ने द.अफ्रीका में दूसरी बार जीती सीरीज, मेजबान को 78 रन से हराया



एजेंसी ▶▶ पर्ल

संजू सैमसन के पहले एक दिवसीय शतक और अर्शदीप सिं.ह के चार विकेट की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को निर्णायक तीसरे मैच में 78 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम ने आठ विकेट पर 296 रन बनाए। सैमसन ने 108 रन की पारी खेली जबकि तिलक वर्मा ने 52 रन बनाए जो उनका पहला वनडे अर्धशतक है। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 116 रन जोड़े। टीम इंडिया ने अफ्रीकी सरजमीं पर दूसरी बार वनडे सीरीज जीती है। टीम ने 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में पहली बार वनडे सीरीज जीती थी। जवाब में मेजबान टीम 45.5 ओवर में 218 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज अर्शदीप ने नौ ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिए जबकि आवेश खान और वॉशिंगटन सुंदर को दो-दो विकेट मिले। भारत ने 2018 के बाद दूसरी बार यहां वनडे श्रृंखला जीती है। दक्षिण अफ्रीका के लिए सलामी बल्लेबाज टोनी डि जोर्जी को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। जोर्जी ने 87 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। उन्हें अर्शदीप ने पगबाधा आउट किया।

### पाटीदार को डेब्यू कैप

मप्र के रजत पाटीदार ने इस मैच में डेब्यू किया। उन्हें डेब्यू कैप दी गई। बीसीसीआई ने बताया कि ऋतुराज गायकवाड़ की उंगली की चोट पूरी तरह ठीक नहीं हुई है। उन्हें मेडिकल टीम के ऑब्जर्वेशन पर रखा गया है। गायकवाड़ की उंगली में दूसरे वनडे के दौरान चोट लगी थी।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रजत पाटीदार बो बरगर | 22 | 16 | 3 | 1 |
| सुदर्शन पगबाधा बो हेंड्रिक्स | 10 | 16 | 1 | 0 |
| संजू का हेंड्रिक्स बो विलियम्स | 108 | 114 | 6 | 3 |
| राहुल का क्लासेन बो मूल्डर | 21 | 35 | 2 | 0 |
| तिलक का मूल्डर बो महाराज | 52 | 77 | 5 | 1 |
| रिंकू का हेंड्रिक्स बो बरगर | 38 | 27 | 3 | 2 |
| अक्षर का मूल्डर बो हेंड्रिक्स | 01 | 03 | 0 | 0 |
| सुंदर का मार्कराम बो हेंड्रिक्स | 14 | 09 | 2 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |
| आवेश खान नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 50 ओवर में 296/8
गेंदबाजी : बरगर 9-0-64-2, विलियम्स 10-0-71-1, बी हेंड्रिक्स 9-0-63-3, मूल्डर 7-0-36-1, महाराज 10-2-37-1, मार्कराम 5-0-19-0.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा का राहुल बो अर्शदीप | 19 | 24 | 3 | 0 |
| जोर्जी पगबाधा बो अर्शदीप | 81 | 87 | 6 | 3 |
| रासी वान डेर डुसेन बो पटेल | 02 | 17 | 0 | 0 |
| मार्कराम का राहुल बो सुंदर | 36 | 41 | 2 | 1 |
| क्लासेन का सुदर्शन बो आवेश | 21 | 22 | 3 | 0 |
| मिलर का राहुल बो मुकेश | 10 | 20 | 0 | 0 |
| वियान मूल्डर का राहुल बो सुंदर | 01 | 03 | 0 | 0 |
| महाराज का सिंह बो अर्शदीप | 14 | 27 | 0 | 0 |
| बूरान का सैमसन बो आवेश | 18 | 26 | 2 | 0 |
| विलियम्स पगबाधा बो अर्शदीप | 02 | 03 | 0 | 0 |
| नांद्रे बरगर नाबाद | 01 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 45.5 ओवर में 218/10
गेंदबाजी : मुकेश 9-0-56-1, अर्शदीप 9-1-30-4, आवेश 7.5-0-45-2, सुंदर 10-0-38-2, पटेल 10-0-48-1.

## आईईएस यूनिवर्सिटी में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेन्स टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी में एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वधान में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेन्स टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आईईएस कैम्पस में किया गया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक बीएस यादव,प्रो.चांसलर आईईएस यूनिवर्सिटी डॉ. सुनीता सिंह एवं डायरेक्टर स्पोर्ट्स, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय केरल मोबी थॉमस ने किया। टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा एवं महाराष्ट्र से 65 टीमों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



■ मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा एवं महाराष्ट्र से 65 टीम ले रहीं हिस्सा

### सिम्बायसिस ने अवधेश प्रताप यूनिवर्सिटी को अमरावती ने जीवाजी यूनिवर्सिटी को हराया

टूर्नामेंट में बुधवार को लीग मुक़ाबले खेले गए जिनमें पहला मुक़ाबला सिम्बायसिस यूनिवर्सिटी ने अवधेश प्रताप यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया, अमरावती यूनिवर्सिटी ने जीवाजी यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया, मनीपाल यूनिवर्सिटी ने रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी को 3-0 से मात दी। वहीं बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी ने कुशीनगर यूनिवर्सिटी को 3-0 से, भगवान महावीर यूनिवर्सिटी ने राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी को 3-0 से, एमआईटी पुणे ने गुजरात विंध्या पीठ को 3-0 से हराया, सार्वजनिक यूनिवर्सिटी ने एमडीसी यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया, कामधेनु यूनिवर्सिटी ने डॉ. सुभाष यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया, आईआईटीई यूनिवर्सिटी ने श्री सत्या साई यूनिवर्सिटी को 3-0 से एवं गुजरात यूनिवर्सिटी ने यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा को 3-0 से मात दे कर अगले राउंड में प्रवेश किया। टूर्नामेंट का फ़ाइनल मुक़ाबला 24 दिसम्बर को खेला जाएगा। तदुपरान्त पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## पूजा ने चौंकाया, स्नेह को तीन विकेट ऑस्ट्रेलिया 219 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

गत विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा गुरुवार से यहां शुरू हो रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगी जहां वह 81 किग्रा वर्ग में अपने खिताब की रक्षा करने के इरादे से उतरेंगी। प्रतियोगिता में 300 से अधिक मुक्केबाज 12 वजन वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

विश्व चैंपियनशिप 2014 में लाइट हैवीवेट वर्ग की रजत पदक विजेता हरियाणा की स्वीटी ने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण (2022), रजत (2015) और कांस्य (2021) पदक भी जीते हैं। एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सातवें सत्र में तोक्यो ओलंपियन पूजा रानी 75 किग्रा वर्ग जबकि हरियाणा की 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन 60 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगी। मनीषा को सेना खेल नियंत्रण बोर्ड की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन से कड़ी टक्कर मिलेगी।दो युवा विश्व चैंपियन एसएससीबी की अरुणधति और असम की अंकुशिता बोरो 66 किग्रा वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। पिछले सत्र में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने 10 पदक जीते थे और इस बार भी वह इस सफलता को दोहराना चाहेगा।



## लक्ष्य, आकर्षी ने तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां 85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में जगह बनाई। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप भी दूसरे दौर की चुनौती पार करने में सफल रहीं। सेन ने टी सिद्धार्थ को 25 मिनट में आसानी से 21-8, 21-5 से पराजित किया।

आकर्षी को हालांकि रितुपर्णा दास से चुनौती मिली लेकिन वह 32 मिनट में 21-18, 21-11 की जीत से तीसरे दौर में पहुंची। बीडब्लूएफ 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को नीर नेहवाल से मुश्किल का सामना करना पड़ा लेकिन वह 23-25, 21-18, 21-12 से जीत हासिल करने में सफल रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा ने सुजेन बुरहागोहेन को 21-13, 21-10 से शिकस्त। अबुधाबी मास्टर्स 2023 चैम्पियन उन्नति हुड्डा ने झारखंड की मनीषा रानी टिर्की को 21-11, 21-17 से पराजित किया।



### आस्ट्रेलियन की परेशानी बढ़ाने की रणनीति थी

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में पहली पारी में चार विकेट लेने वाली भारतीय तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला टीम की रणनीति सीम लेकर भीतर की ओर आती गेंदों पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाने की थी। वस्त्राकर ने 53 रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने पहली पारी में आस्ट्रेलिया को 219 रन पर आउट कर दिया। वस्त्राकर ने पहले दिन के खेल के बाद कहा, 'मेरे पास आउटस्विंग है लेकिन मैने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के वीडियो देखे हैं जिन्हें इनस्विंगर खेलने में दिक्कत आती है। हमने अभ्यास के दौरान इस पर मेहनत की।

**मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता**

# आरसीसी ने एमसीसीए को एक विकेट से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़ भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय मशरूम वर्ल्ड सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार का पहला मुकाबला एमसीसीए और आरसीसी के मध्य खेला गया, जिसमें आईसीसी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीसीए ने 20 ओवर में 141 रन बनाए, जिसमें देवांश और पीयूष ने 27 27 रन की पारी खेली। प्रियांशु प्राण ने 26, ओजस यादव ने 23 और शिवांश चतुर्वेदी ने 17 रन का योगदान दिया। आरसीसी की तरफ से संस्कार ने दो, जबकि जीशान मोहित और फहाद ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आईसीसी की टीम ने 18.5 ओवर मे 9 विकेट खोकर 144 रन बनाकर यह मैच एक विकेट से जीत लिया। एक वक्त आईसीसी का स्कोर 89 रन पर 9 विकेट था, लेकिन अंतिम विकेट की 55 रनों की शानदार साझेदारी, जिसमे संस्कार सिंह के शानदार 56 रन (23) पर जिसमें 7 छक्के और 2 चौके शामिल थे। संस्कार ने आरसीसी को रोमांचक मैच में एक विकेट से शानदार जीत दिलवा दी। संस्कार को दोहरे प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर सोहैल मसूद, सतीश और सौरभ जाट ने पुरस्कृत किया।

### रेलवे मास्टर्स ने हमीदिया स्पोर्ट्स को 82 रन से हराया



### 233 के जवाब में 151 रन पर सिमटी हमीदिया की टीम

वही दूसरे मैच मे रेलवे मास्टर्स और हमीदिया भारत के मध्य मैच खेला गया, जिसमें रेलवे मास्टर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। रेलवे मास्टर्स ने पूर्व रणजी खिलाडी सोहेल मसूद और संतोष घराना के आकर्षक शतक की मदद से 18 ओवर में एक विकेट खोकर 233 रन बनाए। सोहेल मसूद ने 53 गेंद पर 102 रन, जबकि संतोष घराना ने 100 रन की नाबाद पारी खेली। जी सतीश 19 बना कर नाबाद रहे। हमीदिया की तरफ से एकमात्र गेट और ओसाफ ने लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी हमीदिया स्पोर्ट्स की टीम ने 15.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 151 रन बनाए। संजय शर्मा ने 36, ओसाफ ने 30, ईसा और योगेंद्र ने 17-17 रन की पारी खेली। नवेद ने 14 रन का योगदान दिया। रेलवे मास्टर्स की तरफ से मनोज, अजय, शरद और सतीश ने दो-दो विकेट लिए जबकि संतोष घराना को एक विकेट मिला। संतोष घराना को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ फुटबाल खिलाडी हेमंत सूदन, मुकेश द्विवेदी, इलियास अहमद और सौरभ जाट ने पुरस्कृत किया।

## मैनिट में 23 तक चलेंगी फैकल्टी और स्टाफ की खेल प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार से 23 दिसंबर तक मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय फैकल्टी एवं स्टाफ के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इसमें लगभग 20 राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भाग लेने जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन, चैस एवं टेबल टेनिस खेल खेले जाएंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. केके शुक्ला एवं खेल अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने सभी टीमों के कोच को संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मनु श्रीवास्तव मुख्य सचिव तकनिकी शिक्षा विभाग उपस्थित रहे।






# सनी देओल के सफर में सलमान करेंगे कैमियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे।

लाइफ Style

# कनिका

## फिर आई हसीन दिलरुबा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल स्टारर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। आनंद एल राय और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत फिर आई हसीन दिलरुबा कनिका ढिल्लन द्वारा लिखी गई है और जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित है।

फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। यह फिल्म वर्ष 2021 में प्रदर्शित फिल्म हसीन दिलरुबा की सीक्वल है। कनिका ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की रैप-अप पार्टी की कई तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू, सनी कौशल और विक्रांत मैसी के साथ-साथ जिमी शेरगिल, आनंद एल राय, जयप्रद देसाई शामिल हैं। पोस्ट को साझा करते हुए, उन्होंने कलाकारों के साथ फिल्म के पूरा होने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने फिल्म निर्माता आनंद एल राय और टी-सीरीज़ के प्रबंध निदेशक भूषण कुमार को उनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। बता दें कि कनिका ढिल्लों और रणविजय सिंह की आगामी वेब सीरीज 'मॉम एट वर्कः फ्रॉम डायपर्स टू डेडलान' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को जारी हो गया है। इसमें कनिका और रणविजय लीड रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज में कनिका आधुनिक कामकाजी महिलाओं की चुनौनियों को पेश करेंगी। कामकाजी महिलाएं मातृत्व की जिम्मेंदारियों को निभाते हुए और पेशेवर जिंदगी में किस तरह तालमेल बनाती चलती हैं, यह पहलू फिल्म में देखने को मिलेगा और पोस्टर में भी इसकी झलक नजर आ रही है।



हॉलीवुड मसाला



# 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलस।** प्राइम वीडियो ने हाल ही में 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसे लुलु वांग ने निर्देशित किया है। यह छह-भाग की सीरीज है। बता दें कि यह जेनिस वाई.के. ली के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास द एक्सपेट्रिएट्स पर आधारित है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी, 2024 को दो एपिसोड के साथ होगा, जिसमें 23 फरवरी तक नए एपिसोड लॉन्च होंगे। ट्रेलर के रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।



# 'रिबेल मून' बनाने के लिए कहां से मिली प्रेरणा?


**लॉस एंजिलस।** 'रिबेल मून पार्ट 1ः ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह आज 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून' एक साई -फाई फिल्म है। फिल्म की कहानी आकाशगंगा के किनारे रहने वाले लोगों के जीवन पर आधारित है। वहीं, इसका सीक्वल 'रिबेल मून पार्ट 2ः द स्कारगिवर' 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# विद्युत व नोरा की 'क्रैक' की शूटिंग पूरी...



**मुंबई।** विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी। फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं। फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा कि क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है। और मैं दुनिया के इस फिल्म के देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

# अरबाज 24 को शूरा संग करेंगे शादी...



**मुंबई।** अरबाज खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेता का उनकी प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी संग ब्रेकअप हुआ है। अब अरबाज को नया प्यार मिल गया है। चर्चा है कि अरबाज मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान को डेट कर रहे हैं और दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वह 24 दिसंबर को शूरा के साथ शादी करने वाले हैं। दोनों अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी और करीबी दोस्तों के बीच शादी करेंगे। अरबाज और शूरा की शादी मुंबई में होगी। शूरा पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। वह अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी के लिए मेकअप आर्टिस्ट के रूम में काम कर चुकी हैं। अरबाज और शूरा की पहली मुलाकात अभिनेता की आने वाली फिल्म 'पटना शुक्ला' के सेट पर हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और अरबाज और शूरा एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। अरबाज की आगामी फिल्म 'पटना शुक्ला' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रवीना मुख्य भूमिका में हैं।

# उभरते सितारे : बाबिल, भुवन, ताहा शाह जैसे युवा अभिनेताओं ने ओटीटी में दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध

मुंबई। डिजिटल मनोरंजन की गतिशील दुनिया में, युवा कलाकार विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपने असाधारण प्रदर्शन से धूम मचा रहे हैं। इस वर्ष प्रतिभा में वृद्धि देखी गई है, और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में ऐसे नाम भी शामिल हैं जो तेजी से प्रतिभा का पर्याय बनते जा रहे हैं।

## बाबिल खान - द रेलवे मेन

नेटफ्लिक्स के ₹द रेलवे मेन₹ में अपनी भूमिका के लिए सुर्खियों में आए बाबिल खान एक आकर्षक शक्ति के रूप में उभरे हैं। उनके निरंतर और सूक्ष्म प्रदर्शन ने, एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति के साथ, प्रशंसा अर्जित की है। दर्शकों ने बाबिल खान को एक अद्भुत अभिनेता के रूप में तुरंत पहचान लिया है, जो एक उल्लेखनीय करियर की शुरुआत का प्रतीक है।

**ताहा शाह बदुश्शा - ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड :** नसीरुद्दीन शाह के दूसरे बेटे के रूप में वेब श्रृंखला ₹ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड₹ में कदम रखते हुए, ताहा शाह बदुश्शा ने मनमौजी और क्रूर राजकुमार मुराद का शानदार चित्रण किया, जो इस बहुचर्चित ऐतिहासिक श्रृंखला में एक असाधारण कलाकार थे। चरित्र की जटिलताओं को मूर्त रूप देने और एक्शन दृश्य करने की उनकी क्षमता ने एक ऐसी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसने उन्हें अलग खड़ा किया, दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और एक ऐसे कलाकार के रूप में जो निकट भविष्य में दांव बढ़ाएगा।



## भुवन अरोरा-फर्जी

फर्जी में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते हुए, भुवन अरोड़ा ने अपनी समानांतर मुख्य भूमिका के साथ एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। तेज़-तर्रार जीवनशैली से परिभाषित दुनिया में, अरोड़ा का प्रदर्शन गूंज उठा, जिससे वह एक घरेलू नाम बन गए। ₹फर्जी₹ की सफलता ने भुवन अरोड़ा को सुर्खियों में ला दिया है, जिससे एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।

## सिद्धांत गुप्ता - जुबली

सिद्धांत गुप्ता ₹जुबली₹ में अपनी भूमिका में एक आकर्षक आकर्षण लाते हैं। शुगर-लेपित आवाज़, शानदार लुक और शुरुआती अभिनय करियर में शायद ही कभी देखे गए करिश्मा के साथ, गुप्ता श्रृंखला में एक चुंबकीय गुणवत्ता जोड़ते हैं। डांस स्टेप्स, प्यार के क्षणों और गुस्से के विस्फोटों से भरा उनका चित्रण न केवल ₹जुबली₹ की देखने योग्य क्षमता को बढ़ाता है बल्कि उनकी होनहार प्रतिभा को भी रेखांकित करता है।

जैसे-जैसे ये युवा कलाकार ओटीटी क्षेत्र में अपनी राह बनाते जा रहे हैं, उनका प्रदर्शन डिजिटल मनोरंजन के विकसित परिदृश्य के लिए एक प्रमाण के रूप में काम करता है। प्रतिभा, समर्पण और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता के संयोजन के साथ, ये उभरते सितारे निस्संदेह ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग की दुनिया में अधिक ऊंचाइयों के लिए तैयार हैं। इन नामों पर नज़र रखें, क्योंकि ये मनोरंजन उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930